RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 5 अंक 294
फरीदाबाद, रविवार, 04 दिसंबर, 2022
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 5-1 से करारी शिकस्त दी

पेज - 11

TARUN JEWELLERS
TODAY BIS HALLMARK
92% Gold Rate ₹49,500/-
76% Gold Rate ₹40,880/-
Making Charges 8%
100% BUY BACK EXCHANGE
Shop No. 25, Sec-7, Huda Mkt FBD
0129-4340998, 9990032657

ANIL GENERATOR
SILENT GENERATOR
on Hire 62 KVA to 1250 KVA
Sale-Purchase of Old Generator
Surendra Kapoor, Prop.
Add.: 20/6, Mathura Road, Nuchem compound Faridabad
Ph. 0129-4873365,
Mob.: 9811056365, 9311056365
Email : anil.kapoor74@yahoo.com
surendra.kapoor@gmail.com

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 26.00°C
न्यूनतम 12.00°C

### इस बार धनखड़ ने दिया जजों की नियुक्ति पर बयान

# संसद में चर्चा नहीं हुई, एनजेएसी एक्ट सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**उपराष्ट्रपति** जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) एक्ट को रद्द कर दिया। इसे लेकर संसद में कोई चर्चा नहीं हुई और यह बहुत गंभीर और चौंकाने वाला मामला है।

उन्होंने कहा कि न्यायपालिका कभी भी विधायिका या कार्यपालिका नहीं बन सकती है क्योंकि शासन के एक अंग को दूसरे अंग के काम करने के क्षेत्र में किसी भी तरह की घुसपैठ शासन की व्यवस्था को भंग कर सकती है। धनखड़ यहां एलएम सिंघवी स्मृति व्याख्यान में बोल रहे थे। प्रोग्राम में भारत के सीजेआइ डीवाई चंद्रचूड़ भी मौजूद थे।

उन्होंने कहा कि सत्ता हमारे संविधान की प्रस्तावना में लिखित 'हम भारत के लोग' वाक्यांश में निहित है। संसद लोगों की इच्छा को दर्शाती है। इसका मतलब है कि शक्ति लोगों में, उनके जनादेश और उनके विवेक में बसती है। उन्होंने बताया कि साल 2015-16 में, संसद एक संवैधानिक अमेंडमेंट बिल से निपट रही थी और रिकॉर्ड के रूप में पूरी लोकसभा ने सर्वसम्मति से वोटिंग की। न कोई अनुपस्थित था और न कोई विरोध किया गया। और



अमेंडमेंट पास किया गया। राज्यसभा में यह सभी की सहमति से पास हुआ। हम लोगों ने उनके अध्यादेश को संवैधानिक प्रावधान में बदल दिया। यह न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) अधिनियम था। इसे सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया।

### संवैधानिक प्रावधान बदलने का पूरी दुनिया में कोई उदाहरण तलाशें

**धनखड़** ने कहा, न्यायपालिका की एलीट क्लास, तेज दिमाग वाले लोग और इंटेक्चुअल्स से अपील करता हूं, कि वे इस संवैधानिक प्रावधान को बदलने का पूरी दुनिया में कोई उदाहरण तलाशें। धनखड़ ने शीर्ष कोर्ट की ओर से संविधान के मूल ढांचे के सिद्धांत का संदर्भ देते हुए कहा, हमने इसे भी मान लिया। पर, कानून के छात्र के रूप में सवाल यह है कि क्या संसद की स्वायत्तता से समझौता किया जा सकता है? क्या भविष्य की संसद पूर्व की संसद के फैसले से बंधी रह सकती है?

धनखड़ ने यह भी कहा कि संसद द्वारा पारित एक कानून, जो लोगों की इच्छा को दर्शाता है, उसे सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया और दुनिया को ऐसे किसी भी कदम के बारे में कोई जानकारी नहीं है। उपराष्ट्रपति ने संविधान के प्रावधानों का हवाला देते हुए कहा कि जब कानून से संबंधित कोई बड़ा सवाल शामिल हो तो अदालतें भी इस मुद्दे पर गौर कर सकती हैं।

### 70 हजार पंचायत प्रतिनिधियों ने ली शपथ

**चंडीगढ़।** हरियाणा में शनिवार को 70 हजार से ज्यादा पंचायत प्रतिनिधियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इसमें पंच, सरपंच, जिला परिषद और ब्लॉक समिति के मेंबर शामिल हैं। इसमें सीएम मनोहर लाल और ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली भी मौजूद रहे। इस दौरान सीएम ने गांवों के विकास कार्य में भ्रष्टाचार पर चिंता जताई। सीएम ने पंचायत प्रतिनिधियों को सुझाव दिया कि गांवों में समाज सेवकों को साथ लेकर समिति बनाएं ताकि वह कामों में मदद कर सकें। इससे सबका साथ-सबका विकास होगा। बहुत सी जगहों पर कामों पर भ्रष्टाचार का रंग लगा हुआ है। बाद में शिकायत और मुकदमे के बजाय पहले ही काम को सही ढंग से पूरा कराया जाए।

## क्विक न्यूज

### बारात की कार खाई में गिरने से चार लोगों की मौत



**अल्मोड़ा।** धौलछीना के जमराड़ी बैंड के पास बखरियाटाड़ा में शनिवार सुबह बरात की एक कार गहरी खाई में गिर गई। घटना में चार लोगों की मौत हो गई। सूचना के बाद 108 कर्मियों के साथ ही एसडीआरएफ, पुलिस व प्रशासन की टीम मौके पर रवाना हुई। 108 सेवा से मिली जानकारी के अनुसार हादसे में मरने वाले दूल्हे के परिजन हैं। वहीं टीम घायलों के रेस्क्यू में जुटी है। 108 सेवा के जिला प्रभारी लोकेश जोशी ने कहा फिलहाल मृतकों व घायलों का नाम पता नहीं चल सका है। बरात काफलीगैर से पिथौरागढ़ के बेड़ीनाग गई थी। वापसी में बरात की एक कार दुर्घटना का शिकार हो गई।

### कोर्ट ने तमिलनाडु के मंदिरों में मोबाइल फोन बैन किया

**चेन्नई।** मद्रास हाईकोर्ट ने तमिलनाडु के सभी मंदिरों में मोबाइल फोन बैन कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि यह फैसला मंदिरों की शुद्धता और पवित्रता बनाए रखने के लिए लिया गया है। कोर्ट ने यह भी कहा कि लोगों को परेशानी न हो, इसलिए मंदिरों में फोन डिपोजिट करने के लिए लॉकर्स बनाए जाने चाहिए। इस आदेश का पालन हो, इसके लिए मंदिरों में सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएंगे।

### महिला ने सोनीपत जिला जेल में किया सुसाइड

**सोनीपत।** हरियाणा के सोनीपत की जिला जेल में महिला कैदी ने जेल में बने बाथरूम में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। महिला अपने ही बेटे की हत्या के जुर्म में उम्रकैद की सजा भुगत रही थी। कुछ समय पहले ही कोर्ट ने बुजुर्ग दंपती को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। दोनों पर अपने ही बेटे को चाकू और दाव से हमला कर हत्या करने का जुर्म है। शव को फंदे से लटका देख जेल प्रशासन में खलबली मच गयी।

### हिंदू रक्षा दल ने दिया ब्राह्मणों और बनियों के खिलाफ नारे का जवाब

# कम्युनिस्टों को भारत छोड़ने के लिए कहा





### दीवारों पर धमकियों भरे ये नारे किसने लिखे थे, अब तक पता नहीं चल सका

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**दिल्ली** की जवाहरलाल नेहरू नेशनल यूनिवर्सिटी (जेएनयू) के मेन गेट पर हिंदू रक्षा दल ने 'कम्युनिस्ट भारत छोड़ो' के नारे लिखे हैं। उन्होंने कम्युनिस्टों की तुलना आतंकी संगठन आइएसआइएस से भी की है। दल के अध्यक्ष पिंकी चौधरी ने कहा कि वे लोग हमारे खिलाफ नारे लिखकर छिप गए थे, लेकिन हम डटकर खड़े हैं, जिसमें हिम्मत हो, हमसे आकर बात करें।

30 सितंबर को यूनिवर्सिटी की दीवारों पर लाल रंग से नारे लिखे गए थे। ब्राह्मणों कैंपस छोड़ो, ब्राह्मणों-बनियों हम तुम्हारे लिए आ रहे हैं, तुम्हें बख्शा नहीं जाएगा, शाखा लौट जाओ। धमकियों भरे ये नारे किसने लिखे थे, अब तक पता नहीं चल सका है। जेएनयू की उस महिला प्रोफेसर के केबिन के दरवाजे पर भी 'शाखा लौट जाओ' का नारा लिखा गया था, जिसे नवंबर 2019 में वामपंथियों ने तीन दिन के लिए हिरासत में रखा था। ये नारे 30 नवंबर की रात को लिखे गए। कम्युनिस्टों के खिलाफ नारे लिखने के बाद हिंदू रक्षा दल के अध्यक्ष पिंकी चौधरी ने कहा कि हम केवल सनातनी हिंदू हैं। उन लोगों ने हमें कहा कि भारत छोड़ो... अब हम इनसे भारत छुड़वाएंगे। जब उनसे पूछा गया कि क्या उनके जैसे रास्ते अपनाना सही है? इस पर पिंकी ने कहा कि वे नारे लिखने के बाद छिप गए हैं और हम लोग लिखने के बाद उनके सामने खड़े हैं। अड़कर खड़े हैं, डटकर खड़े हैं, जिसमें हिम्मत है, वो हमारे पास आएं और बात करें। हम पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि नारे किसने लिखे थे।

हिंदू रक्षा दल के कार्यकर्ताओं का कहना है कि हम सभी का सम्मान करते हैं, लेकिन उसका गलत फायदा उठाना सही नहीं है। यही वजह है कि उन्होंने दीवार पर ऐसी धमकियां लिखी हैं। जब हिंदू रक्षा दल से पूछा गया कि ये नारे किसने लिखे हैं? इसके जवाब में उन्होंने बताया कि नारे लेफ्ट के इशारे पर लिखे गए हैं। इनके हाथी जैसे दांत हैं, खाने के कुछ और दिखाने के कुछ और। ये गतिविधियां देशविरोधी हैं, भारत विरोधी गतिविधियां करने वाले लोग भारत छोड़ें। देशहित में सबसे बड़ा त्रण ब्राह्मणों का है। आज केवल लोगों को जातियों में बांटने का काम किया जा रहा है। ऐसी विवादित बातें लिखने वाले ये सोच लें कि हर हिंदू ज्ञानी है और हर हिंदू ब्राह्मण है।

30 नवंबर की रात जवाहरलाल नेहरू नेशनल यूनिवर्सिटी (जेएनयू) के कैंपस की दीवारों पर ब्राह्मणों और बनियों के खिलाफ नारे लिखे गए थे। स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज की दीवारों पर लाल रंग से ब्राह्मणों कैंपस छोड़ो, ब्राह्मणों-बनियों हम तुम्हारे लिए आ रहे हैं, तुम्हें बख्शा नहीं जाएगा, शाखा लौट जाओ, जैसी धमकियां लिखी मिली। इसके बाद विवाद शुरू हो गया।

# दिल्ली एम्स सर्वर हैकिंग में चीनी साजिश का खुलासा

### पर्सनल डाटा और पांच सर्वर में लगी थी सेंध



**एजेंसी। नई दिल्ली**

**दिल्ली** एम्स सर्वर हैकिंग मामले में एक नया खुलासा हुआ है। हैकिंग की जांच कर रहे अधिकारियों ने चीन की ओर इशारा किया है। बताया गया है कि एम्स के पांच सर्वर हैक किए गए थे। आइएफएसओ के मुताबिक, हैकिंग के दौरान पर्सनल डाटा भी लीक हुआ है। ये डसटा डार्क वेब के मेन डोमेन पर भी होने की संभावना है। इससे भारत के वीवीआइपी सहित लाखों मरीजों के सीक्रेट डाटा लीक होने की आशंका बढ़ गई है। हालांकि, अधिकारी इस बात से इनकार कर रहे हैं कि किसी भी डाटा से समझौता किया गया है।

ये इंटरनेट सर्चिंग का ही हिस्सा है, लेकिन इसे सामान्य रूप से सर्च इंजन पर नहीं ढूंढा जा सकता। इस तरह की साइट को खोलने के लिए स्पेशल ब्राउजर की जरूरत होती है, जिसे टॉर कहते हैं। डार्क वेब की साइट को टॉर एन्क्रिप्शन टूल की मदद से छुपा दिया जाता है। ऐसे में कोई यूजर्स इन तक गलत तरीके से पहुंचता है तो उसका डाटा चोरी होने का खतरा हो जाता है।

साइबर एक्सपर्ट्स के मुताबिक चीन के दो रैनसमवेयर ग्रुप- सम्राट ड्रैगनफ्लाई और ब्रॉन्ज स्टारलाइट इस हमले के पीछे हो सकते हैं। हालांकि, अभी इसकी पुष्टि की जा रही है। दूसरा संदेह लाइफ नाम के एक ग्रुप पर है, जिसे वानारेन नामक रैंसमवेयर का नया वर्जन माना जा रहा है। जांच से यह भी पता चलता है कि हो सकता है कि हैकर्स ने बिक्री के लिए डेटा को डार्क वेब पर डालना शुरू कर दिया हो, क्योंकि उनकी मांगें पूरी नहीं हुई थीं। पिछले मंगलवार को एम्स दिल्ली का सर्वर हैक करने वालों ने 200 करोड़ रुपये की डिमांड की थी। हैकर्स ने पेमेंट क्रिप्टोकरेंसी में करने को कहा था। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने किसी तरह की फिरौती मांगे जाने की बात से इनकार कर दिया था।

बता दें, एम्स में सुबह 6.45 बजे इमरजेंसी लैब के कंप्यूटर सेंटर से मरीजों की रिपोर्ट नहीं मिलने की शिकायत आती है। इसके बाद बिलिंग सेंटर और डिपार्टमेंट से भी कुछ इसी तरह के कॉल आने लगते हैं। एनआइसी की टीम ने जांच की तो पता चला कि मेन सर्वर पर सारी फाइलें नहीं खुल रही हैं। जब टीम ने पहले बैकअप सिस्टम के जरिए फाइलों को रीस्टोर करने की कोशिश की तो पता चला कि इसमें भी सेंध लग चुकी है। फिर आगे जांच हुई तो पता चला कि फाइलों को क्लाउड में जिस एक्सटेंशन यानी ई पते पर रखा जाता है, उसे भी बदल दिया गया है। साइबर हमले की बात पुख्ता हो गई। इसके लिए भारतीय कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम (सीइआरटी-इन) की भी मदद ली गई।

### खाकी की गुंडागर्दी के चलते युवक के पैर कटे

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर में पुलिस की गुंडागर्दी से एक सब्जी बेचने वाले के दोनों पैर कट गए। सामने आई जानकारी के मुताबिक पुलिस के हेड कॉन्स्टेबल ने उसे पीटा और उसका तराजू पटरियों पर फेंक दिया। जब वह तराजू उठाने गया, तो ट्रेन की चपेट में आ गया और उसके पैर कट गए।

मौके पर मौजूद लोगों ने युवक को अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने के चलते उसे पीजीआई लखनऊ रेफर कर दिया गया। हालांकि मामला संज्ञान में आने पर डीसीपी वेस्ट ने बदसलूकी करने वाले हेड कॉन्स्टेबल को सस्पेंड कर दिया। इसके साथ ही मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं।

# बंगाल में टीएमसी बूथ प्रेसिडेंट के घर में ब्लास्ट, तीन की मौत

**एजेंसी। कोलकाता**

**पश्चिम** बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर जिले के भूपतिनगर इलाके में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के बूथ प्रेसिडेंट राजकुमार मन्ना के घर पर ब्लास्ट हुआ। शुक्रवार रात हुए इस ब्लास्ट में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा भूपतिनगर में जहां हुआ, वहां से 1.5 किमी दूर कोन्टाई नगर में टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी शनिवार को लोगों को संबोधित करने वाले हैं।

बम का धमाका इतना भीषण था कि खपरैल की छत वाला मिट्टी का घर तहस-नहस हो गया। मरने वालों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है, हालांकि ऐसा माना जा रहा है कि मरने वाले सभी लोग टीएमसी कार्यकर्ता थे। ब्लास्ट किस वजह से हुआ यह भी पुलिस अब तक पता नहीं लगा पाई है। पुलिस इस संभावना की भी जांच कर रही है कि किसी ने घर पर बम फेंका हो। यह भी आशंका जताई जा रही है कि घर में ही रखे क्रूड बम के फटने के चलते यह ब्लास्ट हुआ है।



### दिल्ली में एमसीडी चुनाव आज

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के सभी 250 वार्ड के लिए रविवार को मतदान होगा और इस चुनाव में आम आदमी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी तथा कांग्रेस के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है। एमसीडी चुनाव में 1.45 करोड़ से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए योग्य हैं। चुनाव में कुल 1,349 उम्मीदवार मैदान में हैं। मतदान सुबह आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक होगा और मतगणना सात दिसंबर को होगी। अधिकारियों की ओर से साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में मतदाताओं की कुल संख्या 1,45,05,358 है, जिसमें 78,93,418 पुरुष, 66,10,879 महिलाएं और 1,061 ट्रांसजेंडर हैं।

# राजस्थान में गैंगस्टर राजू ठेहट की दिन-दहाड़े हत्या

**एजेंसी। सीकर**



**राजस्थान** के कुख्यात गैंगस्टर राजू ठेहट की सीकर में शनिवार सुबह गैंगवार में हत्या हो गई। कोचिंग की ड्रेस में पहुंचे बदमाशों ने ठेहट को घंटी बजाकर बाहर बुलाया और फायरिंग कर दी। ठेहट को तीन से ज्यादा गोली लगी थीं। राजस्थान के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उमेश मिश्रा ने बताया कि इस फायरिंग का एक बदमाश ने वीडियो भी बनाया। इधर, लॉरेंस बिश्नोई गैंग के गैंगस्टर रोहित गोदारा ने इसकी जिम्मेदारी ली है।

मिश्रा ने बताया कि बदमाश पंजाब और हरियाणा बॉर्डर की तरफ जाएंगे। इन बदमाशों के पीछे राजस्थान पुलिस है, पूरे प्रदेश भर में कड़ी सुरक्षा के आदेश दे दिए गए हैं। पुलिस ने बताया कि शहर के पिपराली रोड पर ठेहट का घर है। फायरिंग में नागौर के एक व्यक्ति को भी गोली लगने से मौत हुई है। जानकारी के अनुसार मृतक फायरिंग का वीडियो बना रहा था। इसलिए आरोपियों ने उस पर भी फायरिंग कर दी। इस एरिया में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच में चारों बदमाश नजर आए हैं। इसमें वे हथियारों के साथ भागते नजर आ रहे हैं। ठेहट की गैंग शेखावाटी में काफी सक्रिय थी और आनंदपाल गैंग से भी इसकी दुश्मनी थी। आनंदपाल के एनकाउंटर के बाद भी दोनों गैंग में वर्चस्व की लड़ाई जारी थी।

### थाईलैंड की छात्रा को छेड़ने वाला प्रोफेसर गिरफ्तार

**हैदराबाद।** हैदराबाद यूनिवर्सिटी के एक प्रोफेसर को विदेशी छात्रा से छेड़छाड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। छात्रा का कहना है कि शुक्रवार को प्रोफेसर उसे किताब देने के बहाने अपने घर ले गए थे। वहीं उन्होंने जबरदस्ती की। यूनिवर्सिटी ने प्रोफेसर को सस्पेंड कर दिया है।

डिपार्टमेंट ऑफ हिंदी के प्रोफेसर रवि रंजन (62) करीब चार बजे छात्रा को अपने घर ले गए। रात के करीब नौ बजे उन्होंने उसे यूनिवर्सिटी छोड़ा। जब छात्रा को उसके दोस्तों ने देखा तो वह रो रही थी। वजह पूछी तो उसने बताया कि प्रोफेसर ने उसे सेक्सुअली असॉल्ट किया है। इसके बाद उसने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। छात्रा को सिर्फ थाई भाषा आती है। घटना सामने आने के बाद यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट प्रोफेसर को सस्पेंड किए जाने की मांग करते हुए प्रदर्शन किए।

# भारतीय नौसेना में पहली बार 341 महिलाओं को किया शामिल

### अग्निवीर योजना के तहत किया गया भर्ती

**एजेंसी। नई दिल्ली**



**नौसेना** प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने शनिवार को बताया कि हमने नौसेना में पहली बार महिलाओं को शामिल किया है। अग्निवीर योजना के तहत 341 महिलाएं नौसेना में भर्ती हुई हैं। अगले साल से नौसेना में महिला अधिकारियों को भी शामिल किया जाएगा।

अब तक नौसेना में कुल तीन हजार अग्निवीरों को शामिल किया गया है। इस तरह अग्निवीरों का पहला बैच तैयार हो गया है। नौसेना दिवस से एक दिन पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस कर नौसेना चीफ ने यह बात कही। अब नौसेना की सभी ब्रांच सभी के लिए खुली रहेंगी। इसके अलावा हम 2023 में सभी शाखाओं में महिला अधिकारियों को शामिल करने पर विचार कर रहे हैं, न कि केवल 7-8 शाखाओं में, जो आज तक सीमित हैं। नौसेना चीफ ने सरकार को आश्वासन दिया है कि वह 2047 तक आत्मनिर्भर हो जाएगी।

### गृहमंत्री अनिल विज का जनता दरबार

# झज्जर एसपी को फटकार, पलवल महिला थाना एसएचओ को बदलने के आदेश

**एजेंसी। अंबाला**

**हरियाणा** के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज अंबाला कैंट में जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं। पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में गृहमंत्री के पास लोग अपनी-अपनी फरियाद लेकर पहुंच रहे हैं। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से लोग अपनी समस्याओं के निपटारे के लिए अनिल विज के पास आए हैं। लोगों को गेट पर पुलिस चेकिंग के बाद अंदर भेजा जा रहा है, जिसके बाद अनिल विज लोगों की समस्याओं को सुनकर संबंधित

### फोन पर एसपी को लिया आड़े हाथ, बोले मैं ठीक हूं लेकिन जनता ठीक नहीं

अधिकारियों को उनके निपटारे के निर्देश दे रहे हैं।

झज्जर से पहुंचे फरियादी ने बताया कि उसका घर जला दिया गया, जिसकी वजह से उसकी पत्नी व बच्चे बेघर हो चुके हैं। पुलिस को शिकायत सौंपी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। फरियादी की शिकायत सुन गृहमंत्री अनिल विज ने एसपी को फटकार लगाई और तुरंत गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। पलवल से एक फरियादी पहुंचा, जिसने गृह मंत्री के समक्ष गुहार लगाते हुए कहा कि उसकी बेटी का अपहरण करके दुराचार किया गया था। पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। व्यक्ति ने आरोप लगाए कि महिला पुलिस थाने की एसएचओ ने उसे कहा कि अब शिकायत लेकर अनिल विज के पास ही जाएं। यह सुनते ही गृह मंत्री अनिल विज भड़क गए, और तुरंत एसपी को फोन करके बोला कि एसपी साहब मैं ठीक हूं, लेकिन जनता ठीक नहीं। उन्होंने एसपी को तुरंत एसएचओ सुशीला का ट्रांसफर करने के निर्देश दिए।



### पंचायत चुनाव के बाद फिर से शुरू हुआ जनता दरबार

बता दें कि पंचायत चुनाव के चलते प्रदेश में आचार संहिता लागू होने से गृहमंत्री का जनता दरबार नहीं लगा था, लेकिन अब से जनता दरबार दोबारा शुरू किया जा रहा है। दोपहर एक बजे तक पहुंचने वाले फरियादियों की शिकायतें सुनी जाएंगी।

पलवल से पहुंची महिला ने बताया कि उसका हेड कॉन्स्टेबल पति लापता है, लेकिन अभी तक कहीं कोई सुराग नहीं लगा। गृहमंत्री ने इस मामले में एसआइटी गठित करके दूसरे जिले से जांच कराने के निर्देश दिए हैं।

**शहर का तापमान**
- अधिकतम 25.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 09.00 डिग्री सेल्सियस

## शहर में आज

- सेक्टर-17 से शुरू होगी जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव की शोभा यात्रा: दोपहर 12 बजे।
- सेक्टर-12 में जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव का समापन: शाम चार बजे।
- बल्लभगढ़ स्थित अनाजमंडी में आवश्यक बैठक का आयोजन: सुबह 10.30 बजे।
- सेक्टर-16 में 101 ब्राह्मण भोज की व्यवस्था: दोपहर 12 बजे।

## निवेश गुरु

**छोटी** बचत का खाता कहने में थोड़ा अटपटा लगता है, लेकिन इस पर मिलने वाले लाभ छोटे नहीं हैं। अगर आप लगातार पैसे छोटी बचत योजनाओं में जमा कर रहे हैं तो इसमें आपको लखपति बनाने की क्षमता है, जैसे कि किसी बड़े खाते में होती है। ये कहने में छोटी बचत के लिए होता है लेकिन इस पर मिलने वाला ब्याज काफी अधिक होता है। जब बात फिक्स्ड डिपॉजिट की होती है तो कमाई करने के कई स्रोत एक साथ आ जाते हैं। इससे इस खाते में पैसे जमा करने की कोई सीमा नहीं होती है।

## यूटीलिटी न्यूज

### राजेश नागर करेंगे शोभा यात्रा को रवाना



**फरीदाबाद।** अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने बताया कि जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव में तिगांव से विधायक राजेश नागर रविवार को दोपहर 12 बजे रवाना करेंगे। वहीं विधायक सीमा त्रिखा सांस्कृतिक संध्या व पारितोषिक विवरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि करेंगी। आपको बता दें शोभा यात्रा सेक्टर-17 से शुरू होकर मार्केट से पुराना एसपी कार्यालय रोड, सैक्टर-16, सैक्टर-15 मार्केट, सैक्टर -15 गीता मन्दिर रोड, रैड लाइट से सैक्टर-12 खेल परिसर रोड़ होते हुए शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई एचएसवीपी कन्वेंशन सेंटर सेक्टर-12 पहुंचेगी। वहीं सांस्कृतिक संध्या और जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव का समापन समारोह सेक्टर-12 के कन्वेंशन हॉल में आयोजित किया जाएगा।

## क्विक न्यूज

### वाहन चोर गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 65 प्रभारी ब्रह्म प्रकाश की टीम ने वाहन चोरी के मामलों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में महावीर उर्फ मन्नू, पवन तथा सचिन का नाम शामिल है। आरोपी महावीर फरीदाबाद के झाड़सेतली, आरोपी पवन पलवल के गांव दुधौला तथा आरोपी सचिन पलवल के बघौला गांव के निवासी हैं। आरोपी बहुत ही शातिर किस्म के चोर हैं जो मास्टर की लगाकर वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देते हैं। गुप्त सूत्रों की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से दो मोटरसाइकिल तथा एक स्कूटी बरामद की गई है।

# बेखबर की खबर : तो भुगतान का दवाब बनाने वालों पर ...कस सकता है शिकंजा ?




**वरिष्ठ संवाददाता**
**राजेश दास**

**यूं** तो धनवान निगम में बिना काम के भुगतान करने का गोरखधंधा वर्षों से चल रहा है, लेकिन कहानी उस समय खराब हो गई। जब कुछ दरबारियों को इसकी भनक लग गई। दरवारियों के हल्ला मचाने पर यह मामला खूब उछाला गया। जिसके कारण सुबे के मुखियाजी को इस मामले की जांच चौकसी विभाग को देनी पड़ी।

जांच शुरू होने पर मामला 200 करोड़ से ज्यादा तक पहुंचा गया। जिससे धनवान निगम का यह घोटाला तूल पकड़ता चला गया। चौकसी विभाग ने सबसे पहले ठेकेदार और फिर कड़ी मशक्कत के बाद तकनीकी विभाग के बड़े सिपाही को दबोच लिया था। जिसके बाद चौकसी विभाग धनवान निगम में रह चुके चार बड़े साहबों से भी पूछताछ कर चुकी है। चौकसी विभाग ने जांच के दौरान कुछ लंबी गाड़ियां भी बरामद की थी, लेकिन अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इन गाड़ियों को बड़े सिपाही चला रहे थे या फिर कोई और? धनवान निगम के इस घोटाले में ठेकेदार और कुछ बड़े सिपाही तो शामिल हैं ही, भुगतान का दबाव बनाने वाले कुछ जनप्रतिनिधि भी शामिल हैं। अब शहर के लोग भुगतान का दबाव बनाने वालों पर चौकसी विभाग का शिकंजा कसने की राह देख रहे हैं।

### मयखाने के साथ नाच गाना भी

**धनवान** निगम के बड़े सिपाही इतने नरम है कि उन्हें मयखाने और नाच गाने का शौक रखने वालों से भी कोई आपत्ति नहीं है। उन्हें ऐसे लोगों को अपने इर्द गिर्द रखना उन्हें खूब भाता है। ऐसा ही धनवान निगम में इन दिनों देखने को मिल रहा है। कुछ समय पहले अनुबंध पर धनवान निगम में रखा गया एक छोटा सिपाही कार्यालय में मदिरापान करता हुआ धरा गया था।

उस समय तो बड़े सिपाहियों ने उसे धनवान निगम से निकाल दिया। लेकिन बाद में न जाने कैसे बड़े सिपाहियों का दिल पसीज गया तो उन्होंने अनुबंधित छोटे सिपाही को फिर से काम पर रख लिया। कुछ समय बाद इस छोटे सिपाही ने धनवान निगम में कार्यरत अपनी सहकर्मी से शादी रचा ली। जिसके बाद दोनों पति पत्नी हंसी खुशी जीवन गुजार रहे हैं। दोनों इतने खुश है कि उन्होंने धनवान निगम को ही सैर सपाटे का स्थान बना लिया। दोनों नाचते और गाते हुए अपने वीडियों बनकर सोशल मीडिया पर भी वायरल कर रहे हैं। बड़े सिपाहियों को मनोरंजन का साधन मिल गया, इसलिए वे भी इन्हें रोकने का प्रयास नहीं करते।




### तो धनवान निगम के पल्ले कुछ नहीं ?

**धनवान** निगम घोटालों और समस्याओं के लिए तो हमेशा चर्चा में बना रहता है। लेकिन इस बार धनवान निगम किसी अन्य वजह से खूब चर्चा में बना हुआ है। हुआ यूं कि शहर में चल रहे एक धार्मिक समारोह में सभी विभागों द्वारा अपने अपने स्टॉल लगाए हुए हैं। इन स्टॉलों के माध्यम से सभी विभाग समारोह में आने वाले लोगों को अपनी उपलब्धियां बता रहे हैं। अन्य विभागों के साथ साथ समारोह स्थल पर धनवान निगम को भी एक स्टॉल मिला है। लेकिन धनवान निगम ने यह स्टॉल एक संस्था को दे दिया है। जहां यह संस्था श्रृंगार और घरेलू उपयोग की चीजे बेच रही है। जिसे देखकर समारोह में आने वाले लोग काफी हैरान तो हैं लेकिन उन्हें यह भी अच्छी तरह पता है कि धनवान निगम के पास फिलहाल अपनी उपलब्धी बताने को कुछ भी नहीं है।

# सड़कों पर खड़े होने वाले ट्रक आयेदिन बन रहे हैं हादसों का कारण

### आने वाले दिनों में घना कोहरा पड़ने पर इन ट्रकों के कारण बढ़ सकती हैं दुर्घटनाएं

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**केंद्र** सरकार और प्रदेश सरकार शहर के विकास और सुगम आवागमन के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग और प्रमुख सड़कों का निर्माण करवा रही है। इसके तहत बाइपास रोड पर मुम्बई एक्सप्रेस वे का निर्माण करवाया जा रहा है। लेकिन स्थानीय प्रशासन और यातायात पुलिस की लापरवाही से सरकार की योजनाओं को पलीता लगाने पर तुली हैं।

यातायात पुलिस की लापरवाही से सर्दी के घने कोहरे वाले मौसम में हाइवे और शहर की अंदरूनी सड़कों के किनारे खड़े होने वाले ट्रक दोपहिया और अन्य वाहन चालकों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। शनिवार सुबह भी हाइवे जाजरू मोड़ के निकट सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा कर सियाज कार सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए। शहर की सड़कों पर स्ट्रीट लाइटों के अभाव में रात को अंधेरा रहता है। घने कोहरे में वाहन चालकों को सड़क किनारे खड़े ट्रक दूर से दिखाई नहीं देते। ऐसे में इन वाहनों की वजह से राष्ट्रीय राजमार्ग और शहर के विभिन्न हिस्सों में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में आए दिन लोगों की जान जा रही है। लेकिन इसके बावजूद यातायात पुलिस इस मामले को गंभीरता से लेने को तैयार नहीं है।


राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़ीं क्रैनें ऐसे दे रहीं हादसों को न्योता।


हार्डवेयर-बाटा रोड पर लापरवाही से खड़े ट्राले।

### राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़े होते हैं ट्रक

**राष्ट्रीय** राजमार्ग पर ऐसे अनेक स्थान हैं, जहां चालकों द्वारा ट्रकों को सड़क किनारे लापरवाही से खड़ा कर छोड़ दिया जाता है। सराय ख्वाजा के आसपास, ओल्ड फरीदाबाद इलाके में काफी संख्या में बस और ट्रकों को खड़ा किया जाता है। रात को ओल्ड फरीदाबाद चौक पर मेट्रो के पिलरों के नजदीक ट्रांसपोर्टरों द्वारा अपने छोटे बड़े ट्रकों, बसों और कैन्टरों को खड़ा करवाया जाता है। अजरौंदा चौक पर भी करीब-करीब यहीं स्थिति बनी रहती है। इसी तरह पेट्रोल पंप के नजदीक और सेक्टर 12 की ओर जाने वाले मोड़ के पास अक्सर ट्रकों को खड़ा हुआ देखा जा सकता है। इसी तरह बाटा मोड़, सेक्टर 11 के सामने वाईएमसीएस, गुडईयर चौक, मुजेसर मोड़, बल्लभगढ़ और ट्रांसपोर्ट नगर के आसपास भारी संख्या में ट्रकों को खड़ा किया जाता है। इन स्थानों पर खड़े होने वाले ट्रकों के कारण आए दिन लोग अपनी जान गंवाते रहते हैं। लेकिन इसके बावजूद यातायात पुलिस की तरफ से इन ट्रक चालकों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### शहर की सड़कों पर होते हैं हादसे


राष्ट्रीय राजमार्ग की सर्विस रोड पर खड़े ट्रक।

**राष्ट्रीय** राजमार्ग के साथ साथ शहर के अंदरूनी हिस्सों में ऐसे अनेक स्थान है, जहां चालकों द्वारा लापरवाही के साथ ट्रकों खड़ा कर दिया जाता है। औद्योगिक क्षेत्रों में तो स्थिति सबसे ज्यादा खराब है। बाटा चौक से मुजेसर जाने वाली सड़क पर दोनों तरफ ट्रक खड़े रहते हैं। ओल्ड प्रेस कालोनी से पावर हाउस की तरफ जाने वाली सड़क पर तो स्थिति बेहद गंभीर बनी हुई है। इस सड़क के दोनों तरफ ट्रांसपोर्टरों ने अपने कन्टेनरों का यार्ड बनाया हुआ है। सड़क के दोनों तरफ हर समय ट्रक भी काफी खड़े रहते हैं। जबकि इन सड़कों से विभिन्न कंपनियों के हजारों मजदूर और अन्य लोग गुजरते है। कई बार तो इन सड़कों के किनारे खड़े होने वाले ट्रकों की वजह से जाम तक लग जाता है। इसके अलावा बल्लभगढ़ सोहना रोड, बाइपास रोड, गुरूग्राम रोड, एफसीआई गोदाम वाली रोड, डबुआ पाली रोड, सेक्टर 23-24 की मैन रोड और बल्लभगढ़ में सड़कों पर ट्रांसपोर्टरों द्वारा अपने ट्रकों को लापरवाही से खड़ा करवा दिया जाता है। कोहरा पड़ने पर यहां कभी कोई बड़ा हादसा होने का डर बना रहता है।

### ट्रांसपोर्ट संचालकों की लापरवाही

**राष्ट्रीय** राजमार्ग पर जगह जगह दिन अथवा रात के समय सड़क किनारे ट्रकों को लापरवाही से खड़ा न किया जाता है। बदरपुर बार्डर से पलवल तक ऐसे अनेक स्थान है, जहां चालकों द्वारा दिन और रात के समय अपने ट्रकों को लापरवाही से सड़क किनारे खड़ा कर दिया जाता है। जबकि राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क किनारे ट्रकों को खड़ा करने पर पूरी तरह पाबंदी है, लेकिन नियमों को ताक पर रख कर चालकों द्वारा हर रोज अपने ट्रकों जगह जगह मेट्रो लाइन के नीचे अथवा सड़क किनारे खड़ा किया जाता है। इसके लिए काफी हद तक ट्रांसपोर्टर भी जिम्मेदार होते हैं। दिन के समय तो अन्य वाहन चालकों को ट्रक दूर से नजर आ जाते हैं। लेकिन रात के समय स्थिति बेहद खतरनाक हो जाती है। रात के समय आम दिनों में अंधेरे के कारण ट्रक दूर से नजर नहीं आते। आने वाले दिनों में कोहरा पड़ने से सड़क किनारे खड़े होने वाले ट्रकों की वजह से दुर्घटना का खतरा कई गुणा बढ़ जाएगा।

### ठोस कदम उठाने की जरूरत



**सड़क** सुरक्षा संगठन के प्रदेश उपाध्यक्षा एसके शर्मा ने कहा कि सड़क के किनारे ट्रकों को खड़ा करने की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। इससे राष्ट्रीय राजमार्ग और शहर की अंदरूनी सड़कों पर कई बड़े हादसे हो चुके हैं। वे पहले भी यातायात पुलिस के साथ मिलकर ट्रांसपोर्टरों को जागरूक करने का प्रयास कर चुके हैं। लेकिन फिर भी समस्या का पूरी तरह समाधान नहीं हो पाया है।

# अग्रवाल कॉलेज में तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**अग्रवाल** महाविद्यालय बल्लभगढ़ में महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय द्वारा अन्तर महाविद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. सुबेश पांडेय (प्राचार्य, अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बल्लभगढ़) उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के आरम्भ में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता ने खिलाड़ियों की उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि मेहनत, लगन तथा धैर्य ही सफलता कुंजी है। उन्होंने बताया कि जो विद्यार्थी जीत का दृढ़ संकल्प मन में रखकर परिश्रम करता है। उसे लक्ष्य प्राप्त करने से कोई नहीं रोक सकता। इस अवसर पर संयोजक (खेल समीति) डॉ. केएल कौशिक ने बताया कि खेल ही शारीरिक शक्ति का विपुल भण्डार है। खेलों के माध्यम से विद्यार्थियों में आशा, स्फूर्ति एवं नवीन ऊर्जा का संचार होता है।


अग्रवाल कालेज में आयोजित अन्तर महाविद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी खिलाड़ी।

उद्घाटन सत्र में महाविद्यालय प्राचार्य ने रावल इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित 'रावल ओलंपिक्स' में अग्रवाल महाविद्यालय के विजेता खिलाडियों को नगद इनाम एवं टॉफी देकर सम्मानित किया जिसमें कबड्डी की टीम रनर-अप रही और विकी हड्डा को सर्वश्रेष्ठ एथलीट से पुरुस्कृत किया गया। इस इंटर कॉलेज तीरंदाजी प्रतियोगिता में भिन्न-भिन्न महाविद्यालयों से लगभग 100 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिसमें इंडियन, रिकर्व और कम्पाउंड की प्रतिस्पर्धा कराइ जाएगी। जूनियर नेशनल तीरंदाजी चैम्पीयनशिप में अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के बीए के छात्र सागर ने प्रथम तथा महर्षि दयानन्द विवि में आयोजित एथलेटिक्स में बीए की मेघा ने तृतीय स्थान प्राप्त करके महाविद्यालय को गौरवान्वित किया।

# गीता जयंती थीम पर कई प्रतियोगिताओं का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जिला** स्तरीय गीता जयंती महोत्सव में विश्व के सबसे बड़े ग्रन्थ गीता की थीम पर बच्चों के ज्ञान, बुद्धि और विवेक को बढ़ावा देने के लिए रंगोली, श्लोकों उच्चारण और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा अपनी कला का बखूबी प्रदर्शन किया गया। बच्चों ने अपने विचारों को अपने अपने नजरिये माध्यम से गीता पर प्रकाश डाला।

इस प्रतियोगिता में निबंध लेखन में अंजली कुमारी राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल, तिलपत प्रथम, चारु सैनी राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एनआईटी-3 द्वितीय, प्रिया, राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ओल्ड फरीदाबाद तृतीय स्थान पर और सुमन कुमारी, मॉडर्न बीपी पब्लिक स्कूल को प्रोत्साहन पुरस्कार मिला। वहीं निबंध लेखन में इकरा खान, हृषिता, संजना यादव, यश्वी, दीक्षा, अलीशा, डीएवी पब्लिक स्कूल बल्लभगढ़ - प्रथम, ताबिन्दा, प्रिया, खुशबू, राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एनआईटी-3 द्वितीय, संध्या, सोनम, सहाना, सोनाक्षी, कशिश, अलीना, राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सिहि सेक्टर-8 तृतीय स्थान पर रही और आशी, हेमू, मोनिका, फरजाना, साक्षी, खुशी- राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल, चंदावली को प्रोत्साहन पुरस्कार मिला। इसी प्रकार शलोकोच्चारण में कक्षा-छह से आठवीं ग्रुप-ए में आंचल दुबे, अशोका मेमोरियल पब्लिक स्कूल, फरीदाबाद-प्रथम, लोहिताक्ष, राजकीय मॉड्रन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-55 - द्वितीय, कुमकुम, राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-8, तृतीय नम्बर पर रहे। शिवानी, राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-8-प्रोत्साहन पुरस्कार मिला। शलोकोच्चारण कक्षा-नौ से बारह ग्रुप-बी में पिंकी, राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल खेड़ी कला, पहले, उमेश पंत, अशोका मेमोरियल पब्लिक स्कूल, फरीदाबाद भी पहले स्थान पर रहे।


सेक्टर 12 स्थित कन्वेशन हाल में गीता जयंती के अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मोबाइल नंबर- 9255029919
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103

## नज़रिया



**दिनेश रघुवंशी, कवि**

जलाया एक दीपक नाम लेकर के विधाता का
जलाया एक दीपक नाम लेकर धरती-माता की
नमन करके शहीदों को जलाया एक दीपक फिर
जलाया एक दीपक नाम लेकर अन्नदाता का

# स्लेजहैमर क्रिकेट अकेडमी में होगा नेत्रहीन वर्ल्ड कप

### टी-20 नेत्रहीन वर्ल्ड कप का आयोजन हरियाणा नेत्रहीन क्रिकेट संगठन एवम् राष्ट्रीय नेत्रहीन संगठन करा रहा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सेक्टर-86** स्थित स्लेजहैमर क्रिकेट अकादमी में तृतीय टी-20 नेत्रहीन क्रिकेट वर्ल्ड कप टूर्नामेंट के दो लीग मैचों का आयोजन किया जा रहा है। इसका आयोजन हरियाणा नेत्रहीन क्रिकेट संगठन एवम् राष्ट्रीय नेत्रहीन संगठन की ओर से करवाया जा रहा है। जिसमें राष्ट्रीय नेत्रहीन संगठन की ओर से अध्यक्ष अजीत सिंह पटवा, हेम सिंह यादव (महासचिव), एडवोकेट एसएन त्यागी, सुषमा गुप्ता, जितेन्द्र मलिक, वीणु माथुर शामिल हैं। इसकी जानकारी देते हुए अजीत सिंह पटवा ने बताया कि आगामी छह व सात दिसंबर को यह वर्ल्ड कप टूर्नामेंट होगा। जिसमें दो लीग मैच होंगे।

पहला मैच भारत और बनाम नेपाल के बीच और दूसरा मैच नेपाल बनाम बंगला देश के बीच खेला जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व 2014 में इसी तरह से प्रथम टूर्नामेंट बंगलूर में एवं 2016 में द्वितीय टूर्नामेंट भारत के विभिन्न शहरों में खेले जा चुके है। भारत की टीम में हरियाणा के खिलाड़ी भी भागीदारी देते हैं।



तृतीय टी-20 नेत्रहीन क्रिकेट वर्ल्ड कप टूर्नामेंट के दो लीग मैच के आयोजन की जानकारी देते हुए।

द्वितीय टूर्नामेंट में से एक लीग मैच भारत बनाम वेस्टइण्डीज का खेल फरीदाबाद में हुआ था। इसके बाद दो बार एक लंदन में और दूसरी बार दुबई में भी 40 ओवर के वीडीओ क्रिकेट खेल में भारत की टीम ने खेल खेला है। पटवा ने कहा कि संस्था का उद्देश्य है कि एक नेत्रहीन व्यक्ति को समाज में बराबरी का हक मिले। जिसमें विशेष योग्यता रखने वालों को शिक्षा, प्रशिक्षण आदि देकर उन्हें हर क्षेत्र में निपुण बनाने का भरसक प्रयास किया जा रहा है। जिससे नेत्रहीन जीवन में किसी तरह की कमी महसूस न करें। इन्हें कम्प्यूटर अग्रेजी व हिन्दी में सिखाना, शार्ट हैंड टाइपिंग सिखाना, ब्रेल लिपि सिखाना, गृह विज्ञान के कार्य सिखाना, खेलों में ताश पत्ते, चैस, कैरम बोर्ड, एथलीट गेम्स, क्रिकेट आदि में प्रशिक्षण दिया जाता है। संस्था पिछले 42 वर्षों से अधिक समय से यह कार्य कर रही है और कई सैकड़ों बच्चों को शिक्षा, प्रशिक्षण देकर रोजगार उपलब्ध करवा चुकी है और करवाने की दिशा में अग्रसर है।

यह बताना आवश्यक है कि नेत्रहीनों के लिए यह सभी प्रशिक्षण एवं अन्य कार्य निशुल्क किए जाते है और साथ में आवश्यकतानुसार उपकरण भी निःशुल्क दिए जाते है। संस्था के सचिव हेम सिंह ने बताया कि हरियाणा में क्रिकेट का खेल नियमित खिलाकर खिलाड़ियों को तैयार किया जाता है और अब तो महिलाओं की क्रिकेट टीम तैयार कर ली गई है। जिनका अभ्यास अम्बाला स्थित रेलवे क्रिकेट मैदान में किया जा रहा है और चयनित टीम जनवरी 2023 में अंतरराज्यीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेने जा रही है। यह बताया गया कि संस्था सिर्फ नेत्रहीनों के लिए ही नहीं वरन अंधता निवारणता पर भी कार्य करती है।

# जेएनयू के खिलाफ ब्राह्मण सभा ने सौंपा ज्ञापन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सैक्टर-12** लघु सचिवालय पर अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के सदस्यों ने शनिवार को जेएनयू के खिलाफ नारों से रंगी दीवारों को लेकर नारेबाजी की। इस बाबत राज्यपाल के नाम जिला उपायुक्त विक्रम सिंह यादव को जिला अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट के नेतृतव में आज ज्ञापन सौपा।

वशिष्ठ ने कहा कि कुछ साल पहले भी छात्रों को राष्ट्रीय विरोधी हरकतों के लिए जवाहर लाल नेहरू विवि बदनाम हुआ है। एक बार फिर विवादों में है। इस बार विवि में जाति विरोधी नारे लिख कर अगड़ी जातियों को निशाना बनाया गया है, इसके अलावा अगड़ी जातियों के शिक्षकों के खिलाफ भी नारे लिख कर उन्हें वापस लौटने के लिए कहा गया है। जब छात्र और शिक्षक जेएनयू पहुंचे तो दीवारों पर बड़े-बड़े कलर द्वारा लिखे गए नारों को देखकर हतप्रभ रह गए। यह नारे देशविरोधी ताकतों ने रात के अधेंरे में लिखे जाने की बात सामने आ रही है। शरारती तत्वों ने स्कूल आफ इंटरनेशनल स्टडीज द्वितीय, स्कूल आफ लैंग्वेज, लिजरेचर व कल्चरल, स्टडीज द्वितीय सहित कई विभागों के परिसर में अगड़ी जातियों को निशाना बनाते हुए यह नारे लिखे है। वशिष्ठ ने कहा कि ऐसे देश विरोधी घटनाओं को कतई बर्दास्त नही करेगा और मांग की है कि परिसर में नियमों को जिसने भी तोड़ा है। उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जानी चाहिए।



# दिव्यांगजनों को तीन दिन दे रहे प्रमाणपत्र बनवाने की सुविधा

**कविता।** फरीदाबाद

**जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा अब तक 115 बनाए जा चुके हैं प्रमाणपत्र**

**दिव्यांगों** को प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अब अधिक इंतजार नहीं करना पड़ रहा है, क्योंकि विशेष योग्यता रखने वाले लोगों के लिए अब प्रमाण पत्र बीके सिविल अस्पताल में सप्ताह में तीन दिन बनाए जा रहे हैं। जिसके तहत विशेष योग्यता रखने वाले लोगों को केवल ऑनलाइन आवेदन करना होगा, इसके बाद अगले दिन कागज दिखाने पर आगे का प्रक्रिया शुरू कर दी जाती है। ऑनलाइन आवेदन के बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट के अनुसार प्रमाणपत्र जारी करके दिए जा रहे है। अब तक जिले में 2010 से अब तक करीब 11500 विशेष योग्यता



वाले लोगों के प्रमाण प्रत्र बन चुके हैं। ऑनलाइन प्रमाण पत्र की सुविधा वर्ष 2020-21 में शुरू की गई थी।

जानकारी के मुताबिक विशेष व्यक्तियों के लिए राज्य सरकार की तरफ से अनेक प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है, लेकिन सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली इन सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए विशेष व्यक्तियों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी विकलांगता प्रमाण पत्र की आवश्यकता होती है। जिन व्यक्तियों के पास पहले से प्रमाण पत्र मौजूद है। उन्हें भी समय-समय पर इन प्रमाण पत्रों का नवीनीकरण करवाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के कार्यालय के चक्कर काटने पड़ते थे, क्योंकि सप्ताह में मात्र एक ही दिन प्रमाण पत्र प्रत्येक बुधवार को जारी किए जाते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं है, ऑनलाइन प्रणाली के तहत प्रमाण पत्र सप्ताह में तीन दिन बनाए जा रहे हैं। जिसमें विशेष व्यक्तियों को ऑनलाइन फार्म भरकर, विभाग में आकर प्रमाण पत्र की प्रक्रिया शुरू करवाने के बाद प्रमाण पत्र बन जाता है। जिसके कारण वर्ष 2010 से अब इस साल अब तक करीब 11500 प्रमाण पत्र जारी किए जा सके हैं।

**ऐसे होता है काम :** दिव्यांगों को स्वास्थ्य विभाग के पोर्टल पर आवेदन करने होंगे। जांच अधिकारी अपनी रिपोर्ट भी ऑनलाइन लगाएंगे।

इसके बाद ही दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी हो सकेगा। ऑनलाइन आवेदन करने के बाद चिकित्सक से समय लेकर यहां तैनात कर्मचारी गोपाल लाभार्थी को फोन करके बुला लेते हैं। जिसके बाद दिव्यांग चिकित्सक के पास पहुंचकर जांच करवाएंगे और उन्हें प्रमाण पत्र बनाकर दे दिया जाता है।

# सभी धर्मों का सार है श्रीमद् भागवत गीता : मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर

**श्रीमद् भागवत गीता में लुप्त होती हुई संस्कृति के प्रचार के बदौलत भारत विश्व गुरु देश बना : रावत**

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



सेक्टर 12 स्थित कन्वेशन हाल में आयेजित गीता जंयती के अवसर पर संबोधित करते केन्द्रीय राज्यय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर।

**केंद्रीय** ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता में प्राचीन भारतीय संस्कारों के प्रचार-प्रसार से भारत देश विश्वगुरु बना है। गीता मनुष्य को जीवन जीने की राह दिखाती है। यदि हम गीता के संदेशों को अपने दैनिक जीवन में धार लें तो यह मनुष्य के जीवन बेहतरी की ओर लेकर जाती है।

केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर शनिवार को सेक्टर-12 कन्वेंशन सेंटर में आयोजित जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में दूसरे दिन बतौर मुख्य अतिथि कन्वेंशन हाल में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव का दूसरे दिन भी शुभारंभ यज्ञ हवन के साथ किया गया। इसके बाद उन्होंने गीता प्रदर्शनी व विभिन्न विभागों व सामाजिक-धार्मिक संस्थाओं द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण कर बारीकी से अवलोकन किया।

अपने संबोधन में केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा हरियाणा की पवित्र भूमि जहां भगवान श्री कृष्ण अर्जुन को गीता का उपदेश दिया आज पूरी दुनिया के लिए एक सिख के लिए जानी जाती है। हरियाणा के यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल जिन्होंने गीता महोत्सव को शुरू-शुरू करने में बहुत बड़ा योगदान दिया। इसको मनाने की पीछे का बड़ा उद्देश्य यहीं है कि हम अपने इतिहास को ना बोले भूलें। श्रीमद्भागवत गीता व्यक्ति को जीवन जीने की कला सिखाती है और यह धर्मों का सार भी है। मानव जाति के कल्याण के लिए गीता का ज्ञान बहुत जरुरी है। यह हमारे लिए मार्गदर्शक के रूप में कार्य कर रही है। अंधकार से प्रकाश में जाने का माध्यम श्रीमद्भागवत गीता ही है। गीता का ज्ञान अजर, अमर और सास्त्विक है जो हर युग में जीवंत भी है। गीता में सबसे ज्यादा कर्म करने पर बल दिया गया है। जिस पर हमारे देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का पूरी तरह से फोकस है। आने वाले 25 साल देश के लिए अमृत काल हैं और इन 25 सालों में सभी देशवासियों को अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए इस देश को सर्वश्रेष्ठ देश बनाना है। जब देश आजादी का 100 वा वर्ष मनाएगा तब हमारा देश दुनिया का सर्वश्रेष्ठ देश होगा ऐसा प्रधानमंत्री मोदी जी ने लाल किले से देशवासियों को आह्वान किया है उन्होंने भी गीता के संदेश को लाल किले से दुनिया के सामने पेश किया है। बिना कर्म किए भारत दुनिया के विकसित राष्ट्रों में शामिल हो जाएं यह संभव नहीं। उसके लिए सभी देशवासियों को कर्म करना होगा अपने कर्तव्यों का पालन करना होगा यही तो गीता में भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को संदेश दिया है। अपनी उन्नति और समाज और देश की उन्नति यह तीनों उन्नति कर्मों में समाई हुई है। अपना समाज और राष्ट्र का विकास करना है तो हम सबको कर्म करना चाहिए। उन्होंने बताया कि महात्मा गांधी ने कहा है एक मेरी माँ है जिसने मुझे जन्म दिया और दूसरी मां श्रीमद् भागवत गीता है। मेरी जन्म देने वाली मां तो अब इस दुनिया में नहीं लेकिन मुए कुछ मांगना होता है तो में श्रीमद् भागवत गीता की शरण में जाता हूं।

## 35 लाख रुपये के लेनदेन को लेकर व्यक्ति की गोली मारकर हत्या



बीके अस्पताल में पोस्टमार्टम हाउस के बाहर खड़े मृतक के परिजन। इनसेट में मृतक की फाइल फोटो।

**फरीदाबाद।** ग्रेटर फरीदाबाद के गांव किडावली में बीती रात दो लोगों ने एक व्यक्ति को गोली मार दी। परिजनों द्वारा अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के दौरान मृतक घर के बाहर कुत्ते को लेकर टहल रहे थे। मृतक व्यक्ति दिल्ली के जैतपुर के रहने वाले हैं और पिछले छह महीने से किडावली गांव में अपने खेतों में मकान बनाकर रहे थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मूलरूप से दिल्ली के जैतपुर में रहने वाले 59 वर्षीय जोगिन्द्र सिंह की जमीन यहां के गांव किडावली में स्थित है। पिछले करीब छह महीने से वे किडावली गांव में अपने खेतों में मकान बनाकर रहे थे। मृतक के बेटे बिट्टू ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उनके पिता जोगिन्द्र सिंह ने कई साल पहले किडावली गांव में खेतीबाड़ी करने के लिए चार एकड़ जमीन खरीदी थी, लेकिन अब वे अपनी इस जमीन को बेचना चाहते थे। वर्ष 2018 में उन्होंने इस जमीन को जैतपुर निवासी अख्तर को बेचने के लिए चार करोड़ 25 लाख रुपये में सौदा तय किया था। अख्तर ने 35 लाख रुपये दे दिये थे। शेष रकम 22 महीने में देने का करार किया था। लेकिन अख्तर ने तय समय में भुगतान नहीं किया। जिसके कारण यह सौदा रद्द हो गया था। जिसके कारण अख्तर ने अपने मन में रंजिश पाल ली थी। बीती रात करीब 12:40 जोगिन्द्र सिंह अपने कुत्ते को लेकर घर के बाहर टहल रहे थे। उसी दौरान अख्तर ने अपने साथी कालू के साथ मिलकर जोगिन्द्र को गोली मार दी और मौके से फरार हो गए।

## संक्षिप्त समाचार

### बच्ची से छेड़छाड़ करने का एक आरोपी गिरफ्तार किया



**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए महिला थाना सेंट्रल प्रभारी इंस्पेक्टर गीता तथा डायल 112 की टीम ने 4 वर्षीय नाबालिक लड़की के साथ छेड़छाड़ करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम आमिर खान है जो मेवात के उटावड़ का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। जिसमें आरोपी ने एक 4 वर्षीय छोटी बच्ची के साथ छेड़छाड़ करने की कोशिश की। आरोपी फरीदाबाद में डीजे बजाने वाले लोगों के पास सहायक का काम करता है और फरीदाबाद में अपने किसी रिश्तेदार के पास रहता है। आरोपी 1-2 दिसंबर की रात सेक्टर 31 एरिया में किसी फंक्शन में डीजे के साथ गया हुआ था, जहां पर उसे छोटी बच्ची दिखाई थी। आरोपी ने लड़की के साथ गलत हरकत करने की नियत से उसे टॉफी देकर बहला लिया और उसे लेकर वहां से थोड़ी दूर चला गया जहां पर उसने लड़की के साथ गलत हरकत करने की कोशिश की परंतु लड़की के चिल्लाने पर व आसपास के लोगों को देखकर वहां से भाग गया। इसके पश्चात वहां पर मौजूद लोगों ने डायल 112 पर फोन करके पुलिस को सूचना दी तथा डीजे मालिक व अन्य लोगों की मदद से आरोपी को थोड़ी देर पश्चात ही काबू कर लिया गया। डायल 112 की टीम ने आरोपी को महिला थाना सेंट्रल के हवाले किया जहां आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया।

### गीता के श्लोकों से आनंदमयी हुई फरीदाबाद की धरा

**फरीदाबाद।** केंद्रीय उर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न सरकारी विद्यालयों के ढाई हजार विद्यार्थियों ने सेक्टर 12 स्तिथ कन्वेंशन सेंटर के ग्राउंड में गीता महोत्सव के अवसर पर पवित्र ग्रंथ श्रीमद्भागवत गीता के 18 श्लोकों का उच्चारण किया। तीन दिवसीय गीता महोत्सव में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं जैसे निबंध लेखन, भाषण, संवाद, चित्रकला आदि कराई जा रही है। तीन दिवसीय गीता महोत्सव में आज दूसरे दिन जिले के विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों के ढाई हजार विद्यार्थियों द्वारा पवित्र ग्रंथ गीता के 18 श्लोकों का उच्चारण किया गया। गीता जयंती के दिन श्रीमद् भागवत गीता का पाठ संपूर्ण देश में किया जाता है। श्रीमद् भागवत गीता में 18 अध्याय हैं। जिनमें छह कर्म योग, छह ज्ञान योग और आखिर के छह अध्याय भक्ति योग पर आधारित हैं। इस अवसर पर विधायक सीमा त्रिखा, विधायक नयनपाल रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा, उपायुक्त विक्रम सिंह, एडीसी अपराजिता, हरियाणा रेडक्रॉस चेयरमैन सुषमा गुप्ता, नगर निगम नगर निगम की जॉइंट कमिश्नर डॉ शिखा, सीटीएम अमित मान, मुख्यमंत्री के मीडिया समन्वयक मुकेश वशिष्ठ,जिला शिक्षा अधिकारी मुनेश चौधरी सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

### कंप्यूटर लिटरेसी को बढ़ावा दे रहा है रोटरी क्लब

**फरीदाबाद।** रोटरी क्लब फरीदाबाद मिडटाउन के चार्टर्ड प्रधान जेपी मल्होत्रा ने रोटेरियन अमरजीत लाम्बा के साथ रोटरी क्लब फरीदाबाद मिड टाउन द्वारा जीव कल्याण संस्थान परिसर में चल रहे कंप्यूटर स्किल रोटरी लिटरेसी सेंटर का दौरा किया। सेंटर में 10 से 65 वर्ष के लोगों के 10 विद्यार्थियों के 8 बैच चल रहे हैं। इन बैच में विद्यार्थियों को जहां कंप्यूटर वर्किंग की बेसिक जानकारी प्रदान की जा रही है, वहीं विद्यार्थियों को नये परिवेश के अनुरूप कंप्यूटर शिक्षा के लिये प्रेरित व जागरूक किया जा रहा है। रोटरी कंप्यूटर लिटरेसी सैंटर का आरंभ रोटेरियन अशोक कंटूर द्वारा 13 नवम्बर को किया गया था। चार लाख से अधिक लागत वाले इस सैंटर की स्थापना रोटरी क्लब फरीदाबाद मिड टाउन ने की है। रोटरी क्लब फरीदाबाद मिड टाउन के प्रधान श्री विजय राघवन और जीव कल्याण संस्थान के अधिकारियों ने बताया कि इस सैंटर में कंप्यूटर स्किल संबंधी जानकारी प्रदान की जा रही है ताकि समाज के सभी वर्गों को कंप्यूटर तकनीक से जोड़ा जा सके। उल्लेखनीय है रोटरी फरीदाबाद मिड टाउन द्वारा थैलासीमिया केयर सैंटर, ब्लड डोनेशन वैन, कैंसर डिडक्शन व मीमोग्राफी बस, सिंगर स्विंग स्किल सैंटर जारी हैं जबकि रोटरी कंप्यूटर लिटरेसी सैंटर को इसी श्रृंखला की एक कड़ी बनाया गया है। सैंटर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें महिलाएं व पुरूष भले वह किसी भी आयु की हों, को कंप्यूटर शिक्षा से प्रशिक्षित किया जाए। रोटरी क्लब फरीदाबाद मिडटाउन के प्रधान विजय आर राघवन, अमरजीत सिंह लाम्बा, सतीश गोंसाई, जेपी मल्होत्रा, मुनीष कुमार शर्मा, नरेश शर्मा, दिनेश जांगिड़, उपेंद्र सिंह, इंद्रपॉल, अशोक गुप्ता, सतीश गुप्ता, जितेंद्र सिंह ग्रोवर, डा अरूण गुप्ता इस मुहिम में तत्परता से कार्यरत हैं। जीव कल्याण के महासचिव प्रहलाद गर्ग ने बताया कि कंप्यूटर स्किल के लिये कुल आठ ग्रुप बनाए गए हैं, जिनमें प्रति ग्रुप में दस ट्रेनी शामिल किए गए हैं जोकि प्रतिदिन एक घंटे की कक्षा में शामिल होते हैं जबकि सप्ताह में छह दिन कक्षाएं लगाई जाती हैं। सेंटर में कंप्यूटर की बेसिक नॉलेज प्रदान की जा रही है जो कि वर्तमान परिवेश में सभी वर्गों के लिये आवश्यक है।

### वाहनों के धुएं से बढ़ रहा प्रदूषण, नियंत्रण आवश्यक



**फरीदाबाद।** गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा फरीदाबाद में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में नेशनल पॉल्यूशन कंट्रोल डे के अवसर पर प्रदूषण नियंत्रण के उपायों पर विचार-विमर्श किया गया। प्रदूषण नियंत्रण कार्यक्रम का आयोजन जूनियर रेडक्रॉस, सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड और स्काउट्स गाइड्स के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। जूनियर रेडक्रॉस और ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि प्रदूषण से होने वाली क्षति को देखते हुए प्रत्येक वर्ष दो दिसंबर को नेशनल पॉल्यूशन कंट्रोल डे के रूप में मनाया जाता है। इसे मनाने का उद्देश्य पॉल्यूशन से छुटकारा पाने के उपायों पर चर्चा करना होता है। प्रदूषण से मात्र दिल्ली या एनसीआर या भारत ही नहीं अपितु सम्पूर्ण विश्व परेशान है। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि प्रदूषण के तीन रूप हैं प्रथम एयर पॉल्यूशन, द्वितीय साउंड पॉल्यूशन और तृतीय वॉटर पॉल्यूशन। ये तीनों ही हमारे शरीर को अनेकों बीमारियां दे रहे हैं। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा, प्राध्यापक राजीव लाल, प्राध्यापक दीपक और रविंद्र ने प्रदूषण नियंत्रण के लिए पेटिंग बनाने वाली छात्राओं का अभिनंदन किया और प्रदूषण कम करने के सार्थक प्रयास जैसे पौधारोपण, अधिक से अधिक साइकिल चलाना, पॉलिथीन व प्लास्टिक का बहिष्कार आदि के लिए गंभीरता से कार्य करने के लिए अपील की।

### दिव्यांग दिवस पर लोगों को किया जागरुक

**फरीदाबाद।** विश्व दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य में सोसायटी फॉर एडवांस स्टडी इन रिहेबिलिटीटेशन की तरफ से नुक्कड़ नाटक के जरिए जागरूक किया। इस दौरान वहां प्रशिक्षण ले रहे शिक्षकों ने विशेष योग्यता रखने वालों को किस तरह से शहर में प्रताड़ित किया जाता है और किस तरह से उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं उस दौरान विशेष योग्यता वाले लोगों को किस तरह से आगे बढ़ाने का काम किया जाए। इस विषय पर जागरूक किया। इस मौके पर सेंटरके शिक्षक उपेन्द्र पाल ने बताया कि उनका सेंटर दयालबाग में पिछले 12 वर्षो से चल रहा है। जिसमें वह प्राईमरी और सेकेंडरी शिक्षक बनाने का अवसर विद्यार्थियों को प्राप्त करते है। यह शिक्षक विशेष योग्यता वाले बच्चों को पढ़ने में मदद करते हैं।

## लूटपाट की नीयत से की गई थी कौराली गांव में हत्या



**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा तथा एसीपी क्राइम सुरेंद्र श्योराण के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 65 प्रभारी ब्रह्म प्रकाश व उनकी टीम ने 4 दिन पहले कोराली रोड पर की गई एक व्यक्ति की हत्या के मामले में लूटपाट करने के इरादे से हत्या करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम प्रशांत उर्फ जैकी है जो फरीदाबाद की जुन्हेड़ा गांव का रहने वाला है। आरोपी की उम्र करीब 25 वर्ष है और वह नशा करने का आदी है तथा नशे की आपूर्ति के लिए लूटपाट की वारदातों को अंजाम देता है। आरोपी ने 27-28 नवंबर की रात साइकिल सवार कोराली निवासी रविंद्र नाम के एक व्यक्ति के साथ लूटपाट के इरादे से उस पर हमला किया परंतु विरोध करने पर आरोपी ने धारदार हथियार से वार करके रविंद्र की हत्या कर दी। इस मामले में सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी तथा एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची। मामले में तिगांव थाने में हत्या की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू की गई। क्राइम ब्रांच की टीम में आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही थी और सीसीटीवी फुटेज तथा गुप्त सूत्रों से जानकारी प्राप्त की जा रही थी। आगे की कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 65 ने आरोपी को कल गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशेड़ी है और किसी प्रकार का काम धंधा नहीं करता तथा लोगों के साथ लूटपाट करके ही नशे की आपूर्ति करता है। मृतक रविंद्र कोराली गांव का रहने वाला था जो फरीदाबाद के सेक्टर 68 में चाय की दुकान करता था।

## 3484 परीक्षार्थियों में से 2778 ने उपस्थित होकर दी परीक्षा

**पासपोर्ट के कारण हुई परेशानी, सुरक्षाकर्मी ने मांगा आधार कार्ड**

**प्रवीन शर्मा।** फरीदाबाद



एनआईटी के डीएवी स्कूल में एचटीइटी की परीक्षा के दौरान चेकिंग करते हुए।

**डीसी** विक्रम सिंह ने कहा कि अध्यापक पात्रता परीक्षा में जिला सभी प्रशिक्षण संस्थान/कोचिंग सेन्टर बन्द रहे। परीक्षाओं के मद्देनजर परीक्षा केन्द्रों पर धारा-144 होगी लागू रही।

परीक्षा को नकल रहित, पारदर्शी व व्यवस्थित तरीके से सम्पन्न करवाने को लेकर 27 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। परीक्षार्थियों की शनिवार को इवनिंग सत्र में 79.73 प्रतिशत रही उपस्थिति रही। शनिवार को सायंकालीन सत्र में 3484 परीक्षार्थियों मे से 2778 ने उपस्थित होकर परीक्षा दी है। आज 4 दिसम्बर रविवार को हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा होगी। परीक्षा को लेकर एसडीएम पंकज सेतिया को नोडल अधिकारी बनाया गया है। वहीं उनहोंने बताया कि शनिवार को नेत्रहीन विद्यार्थियों को 20 मिनट अतिरिक्त समय दिया गया। महिलाओं के लिए बिन्दी, मांग सिंदूर व मंगलसुत्र डालने की परीक्षा केन्द्रों पर छूट रही। इस दौरान एक परीक्षार्थी को पासपार्ट लाना भारी पड़ गया।

चार दिसम्बर को आयोजित होने वाली हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा की तैयारियों को लेकर पूरी है। एचटेट परीक्षा को नकल रहित, पारदर्शी व व्यवस्थित तरीके से सम्पन्न करवाने के लिए अधिकारियों की डयूटियां निर्धारित करते हुए एसडीएम बडखल पंकज सेतिया को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि चार दिसम्बर को सुबह 10 बजे से साढ़े 12 व सांय सत्र में तीन बजे से साढ़े पांच बजे तक आयोजित की जाएगी। प्रत्येक छात्र-छात्रा का आई स्केन किया जाएगा। सभी परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। सभी परीक्षा केन्द्रों पर बायोमैट्रिक हाजिरी तथा जैमर की व्यवस्था की गई। इस परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तमाम प्रकार की तैयारियां पूर्ण की गई है।

## महिला को अश्लील मैसेज भेजने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी एनआईटी नरेंद्र कादयान के दिशा निर्देश तथा एसीपी एनआईटी विष्णु प्रसाद के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए एनआईटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुनीता व उनकी टीम ने सोशल मीडिया पर महिला को अश्लील मैसेज भेजने वाले आरोपी को संगरूर से गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम जीवन ज्योत है जो संगरूर का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ एनआईटी थाने में आईटी एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपी ने एनआईटी एरिया की रहने वाली एक महिला को इंस्टाग्राम पर अश्लील मैसेज भेजे थे। पुलिस को दी अपनी शिकायत में महिला ने बताया कि आरोपी पिछले 5-6 महीने से उसे इंस्टाग्राम पर फॉलो कर रहा है और उसे अश्लील मैसेज भेजकर परेशान कर रखा है। शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके उसकी तलाश शुरू की गई। साइबर तकनीक के आधार पर आरोपी के संगरूर में होने का पता चला जिसके पश्चात थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुनीता की अगुवाई में गठित की गई।

# जिला में छोटी सरकार को दिलवाई गई विधिवत शपथ



सेक्टर-12 लघु सचिवालय में शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेते जिला परिषद के सदस्य।



गांव जाजरू में शपथ लेते सरपंच अजय व अन्य सदस्य।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जिला पंचायत सदस्यों का शपथ ग्रहण हुआ**

**जिला** में छोटी सरकार को दिलवाई विधिवत शपथ गई। जिला परिषद जिला परिषद सदस्यों का शपथ ग्रहण जिला के लघु सचिवालय में आयोजित किया गया। वहीं पंचायत समिति के सदस्यों सदस्यों को तीनों ब्लाकों में एसडीएम द्वारा शपथ दिलवाई गई।

पंच व सरपंचों को ग्राम स्तर पर पंचायत एवं विकास विभाग के डायरेक्टर संजय जून, डीडीपीओ राकेश मोर, बीडीपीओ अजीत सिंह तथा अन्य ग्राम पंचायतों के संरक्षक अधिकारियों ने शपथ दिलवाई। डीसी विक्रम सिंह ने शनिवार को लघु सचिवालय में नवनिर्वाचित सभी 10 जिला परिषद के सदस्यों को शपथ दिलवाई। उन्होंने वार्ड नंबर 1 से हरिंदर सिंह, वार्ड नंबर 2 से समीना, वार्ड नंबर 3 से अब्बास खान, वार्ड नंबर 4 से विजय सिंह,वार्ड नंबर 5 से श्वेत स्नेहा, नंबर 6 से डॉली शर्मा, वार्ड नंबर 7 से धर्म चौधरी, वार्ड नंबर 8 से रेखा, वार्ड नंबर 9 से अनिल और वार्ड नंबर 10 से रेखा को परिषद सदस्य के तौर पर शपथ ग्रहण समारोह में शपथ दिलवाई।

**शपथ ग्रहण समारोह :** एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल ने पंचायत समिति चुनाव में तिगांव ब्लॉक के सदस्यों के तौर पर वार्ड 1 से ओमप्रकाश, वार्ड 2 से प्रवीण कुमार, वार्ड 3 से शशि, वार्ड 4 से जय भगवान, वार्ड 5 से पूनम, वार्ड 6 से वर्षा, वार्ड 7 से इलियास, वार्ड 8 से इन्द्रेश, वार्ड 9 से कुलदीप सिंह, वार्ड 10 से सरोज बाला, वार्ड 11 से कृष्ण कुमार, वार्ड 12 से मीनू कुमारी, वार्ड 13 से पवन, वार्ड 14 से सुनील कुमार, वार्ड 15 से अनिता अधाना और वार्ड 16 से जसवंत सिंह शपथ दिलवाई।

**बल्लभगढ खण्ड में :** एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद ने बल्लभगढ़ ब्लॉक में पंचायत समिति सदस्य के तौर पर वार्ड एक से असीम, वार्ड 2 से रचना, वार्ड 3 से रविंद्र सिंह ,वार्ड 4 से पूनम, वार्ड 5 से प्रवीण, वार्ड 6 से प्रीति, वार्ड 7 से सनोवर, वार्ड 8 से डोली रानी, वार्ड 9 से यशपाल, वार्ड 10 से चंद्रपाल, वार्ड 11 से कंचन, वार्ड 12 से काजल, वार्ड 13 से शिवचरण, वार्ड 14 से उमेश रावत, वार्ड 15 से वर्षा, वार्ड 16 से योगेश कुमार व वार्ड 17 से खुशबू , वार्ड 18 से पिंकी, वार्ड 19 से दिनेश कुमार, वार्ड 20 से हरप्रीत कौर, वार्ड 21 से शिवम, वार्ड 22 से सोनम, वार्ड 23 से लवकेश, वार्ड 24 से सुमेश कुमार, वार्ड 25 से राधा रानी, वार्ड 26 से निशू, वार्ड 27 से विनय चौधरी और वार्ड 28 से ज्योति को शपथ दिलवाई।

## भिवानी रैली में पहुंच कर ताकत दिखाएं कार्यकर्ता : दुष्यंत

**फरीदाबाद।** हरियाणा प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत सिंह चौटाला शनिवार को जिला फरीदाबाद में आगामी 9 दिसंबर को भिवानी में होने वाली जननायक जनता पार्टी के 5 वे स्थापना की रैली का निमंत्रण देने फरीदाबाद पहुंचे। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि 5 वर्ष पहले बनी पार्टी का स्थापना दिवस भिवानी मेला ग्राउंड में मनाया जाएगा।

उन्होंने कहां की पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर अजय सिंह चौटाला का कहना है कि फरीदाबाद के वर्कर ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचे और संगठन की ताकत को दिखाने का काम करें। उन्होंने कहा कि 5 वर्ष पहले बनाई जननायक जनता पार्टी को तोड़ने के लिए बहुत ताकतों का प्रयोग किया लेकिन एकता और संगठन मजबूत होने के कारण सफलता नहीं मिली मजबूत संगठन के बूते ही आज पार्टी सहयोगी दल की भूमिका से प्रदेश की सत्ता में भागीदार है। प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए उप मुख्यमंत्री ने बताया कि अगले माह तक 1,80,000 से नीचे की आय वाले



परिवार को बीपीएल की श्रेणी में जोड़ने का काम प्रदेश सरकार करेगी और हरियाणा प्रदेश मात्र एक ऐसा प्रदेश है, जहां 27 लाख परिवारों को मुफ्त इलाज देने का काम हरियाणा सरकार ने किया है। उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि संगठन निरंतर मजबूत हो रहा है। भिवानी में इकट्टा होकर रिकॉर्ड बनाने का काम आप करे। उन्होंने कहा कि आगामी एक-दो माह के अंदर ही निगम चुनाव की घोषणा होगी चुनाव लड़ने के इच्छुक साथी अपने ज्यादा से ज्यादा साथियों को पांचवे स्थापना दिवस पर लेकर पहुंचने का काम करें। इसके अलावा हाल में संपन्न हुऐ जिला पार्षद चुनाव में जीते वार्ड नंबर 2 से इमरान खान और वार्ड 3 से जीते अब्बास खान ने उप मुख्यमंत्री को गुलदस्ता देकर मुलाकात की।

# लघु भारत बन चुका है मिलेनियम सिटी गुरुग्राम : मूलचंद शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**एक** भारत श्रेष्ठ भारत के तहत गुरुकमल भाजपा कार्यालय में असम स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। एक तरह गुरुग्राम असमिया रंग में रंगा नजर आया। वहां का खान-पान, वहां की वेशभूषा और वहां के सांस्कृतिक गुरु द्रोण की धरती पर हुए तो यहां आसाम का नजारा दिखा।

समारोह में परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा मुख्य अतिथि, अध्यक्षता पूर्व डिप्टी स्पीकर हरियाणा गोपीचंद गहलोत, विशिष्ट अतिथि के रूप में असम व नागालैंड के राज्यपाल के ओएसडी अतुल सिंघल और एनआरआई सैल भाजपा हरियाणा के प्रदेश प्रमुख संदीप देशवाल ने की। कार्यक्रम के संयोजक नवीन गोयल ने एक भारत श्रेष्ठ भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के सदस्य होने के नाते सभी अतिथियों व असम एसोसिएशन के सदस्यों का आभार जताया। अपने संबोधन में परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि गुरुग्राम वर्तमान में लघु भारत बन चुका है।

## एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम देता है दूसरे प्रदेशों की सांस्कृतिक जानकारियां : नवीन गोयल

## भाजपा कार्यालय में एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत मनाया असम स्थापना दिवस

यहां पर सभी प्रदेशों व सभी धर्मों के लोग मिलजुल कर रह रहे हैं। अन्य प्रदेशों से आने वाले लोगों का गुरुग्राम के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की बुलंदियों को छू रहा है। सबका साथ सबका विकास के तहत भाजपा के 8 साल के शासनकाल में बिना भेदभाव के विकास कार्य कराए जा रहे हैं।

परिवहन मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा में समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी की योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा एक, हरियाणवीं एक के तहत पूरे हरियाणा में समान रूप से विकास कराया जा रहा है। सड़कों के बारे में बोलते हुए परिवहन मंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है जिससे आवागमन व व्यापार सुगम हुआ है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने जो कहा वही करके दिखाया है। इस मौके पर पूर्व डिप्टी स्पीकर गोपीचंद गहलोत ने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत जो कार्यक्रम की शुरूआत भाजपा द्वारा की गई है, वह काफी सराहनीय है। इससे अन्य प्रदेशों की संस्कृति और उनके खान-पान से यहां के लोग भी रूबरू होते हैं और आपसी भाईचारा बढ़ता है।


कार्यक्रम के संयोजक एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के सदस्य नवीन गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि हमें दुनिया की भलाई पर ध्यान देना है। हमने एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य की थीम रखी है, इससे वसुधैव कुटुम्बकम के लिए हमारी प्रतिबद्धता जाहिर होती है। हम हमेशा कहते हैं कि सबका कल्याण हो, सबको शांति मिले और सबको मंगल मिले। गोयल ने कहा कि इसी तरह हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी आठ साल के साशनकाल में सभी के हितों को ध्यान में रखते हुए काम किया है।


गुरुग्राम के भाजपा कार्यालय में असम दिवस कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

नवीन गोयल ने कहा कि असम स्थापना दिवस कार्यक्रम मनाने का मुख्य उद्देश्य असम की संस्कृति और वहां के खान पान को जानने का मौका मिलता है। कार्यक्रम में आए लोगों ने भी असम की संस्कृति को जाना और वहां के खान पान को भी समझा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में बच्चों ने असम की संस्कृति की बेहतरीन प्रस्तुति दी, जिसे उपस्थित सभी लोगों ने काफी सराहना की। इससे पहले उत्तराखंड स्थापना दिवस मनाया था, जिससे वहां के लोगों ने इस शुरुआत की प्रशंसा की थी।

इस अवसर पर रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य डा. डीपी गोयल, असम एसोसिएशन गुरुग्राम के महासचिव ध्रुवपद दत्ता, अध्यक्ष जुगल किशोर मेहता, उपाध्यक्ष प्रशांत बरुआ, असोमिया वेलफेयर सोसायटी गुरुग्राम के अध्यक्ष पल्लब कुमार फुकन, सचिव त्रिदीप शर्मा, कोषाध्यक्ष मनोरंजन शर्मा समेत अनेक लोग उपस्थित रहे।

# गीता महोत्सव के दूसरे दिन गूंजा शंखनाथ व स्वस्तिवाचन


गीता महोत्सव के दूसरे दिन स्टॉल्स का निरीक्षण करते मुख्य अतिथि।

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**गीता** जयंती महोत्सव के दूसरे दिन की शुरुआत शंखनाद व स्वस्तिवाचन के साथ की गई। आजादी के अमृत महोत्सव व गीता थीम के साथ पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता द्वारा गीता जयंती महोत्सव के दूसरे दिन का आगाज किया गया। सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग व जिला प्रशासन गुरुग्राम की संयुक्त भागीदारी के साथ आयोजित किए जा रहे गीता जयंती महोत्सव में आज वीणा राजमोहन तथा उनकी टीम ने गीता के सार पर आधारित आकर्षक प्रस्तुति दी वही नुसरत खान ने भारत देश की महिमा का गुणगान अपनी प्रस्तुति में किया।

गीता महोत्सव की ओवरऑल इंचार्ज जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनु ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने गीता जयंती महोत्सव में लगाई गई स्टाल का अवलोकन करते हुए स्टाल संचालकों से उनकी स्टाल के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उनके साथ कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। सांस्कृतिक मंच का शुभारंभ गीता के श्लोक व मंत्रोचारण के साथ किया गया। आयोजित महोत्सव में आमजन द्वारा भी बढ़-चढ़कर भाग लिया गया। गीता जयंती महोत्सव-2022 पूर्ण रूप से गीता के 18 अध्यायों व उनकी शिक्षाओं पर आधारित है, जिसमें आमजन को गीता पर आधारित बेहतरीन प्रस्तुति देखने को मिल रही है।

### इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी गई प्रस्तुतियां

**गीता** महोत्सव में वीणा राजमोहन व उनकी टीम ने अपनी प्रस्तुति से पूरे वातावरण को आध्यात्म व भारतीय संस्कृति से सराबोर कर दिया। उन्होंने गीता के सार पर अपनी प्रस्तुति देकर उपस्थित दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इस प्रस्तुति के माध्यम से उन्होंने गीता के संदेश को बहुत ही सरल तरीके से समझाया।

इस प्रस्तुति में मानव जीवन के लिए गीता के महत्व, मोह माया से दूर रहना, नारी का सम्मान करना तथा मानवता का संदेश देने सहित गीता के मुख्य अंशों को दर्शाया गया था। इसके अलावा महोत्सव में सालवान पब्लिक स्कूल की छात्रा माही तेवतिया ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इसी प्रकार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टिकली के विद्यार्थियों द्वारा हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसमें गीता जयंती महोत्सव के लिए लोगों को खुले दिल से निमंत्रण दिया गया। इसी विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा नशा मुक्ति पर आकर्षक प्रस्तुति दी गई।

# जिला पार्षद मनोज यादव ने गार्गी कक्कड़ से मुलाकात की

**गुरुग्राम।** वार्ड-4 के नवनिर्वाचित जिला पार्षद मनोज यादव व साढराणा गांव के सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप ने शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय गुरु कमल पहुंचकर जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ से मुलाकात की।

भाजपा जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव ने बताया कि कार्यालय पहुंचने पर जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने जिला पार्षद मनोज यादव का स्वागत किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने कहा कि जिस तरह से मोदी मनोहर की सरकार पिछले 8 सालों से सबका साथ-सबका विकास के सिद्धांत पर बिना किसी भेदभाव के काम कर रही है।

उसी तरह आप भी अपने क्षेत्र में बिना किसी भेदभाव के कार्य करें। सेवा का भाव हमारा दायित्व और धर्म होना चाहिए। गांव का विकास शहर के बराबर हो उस लक्ष्य पर काम करें। नवनिर्वाचित जिला पार्षद मनोज यादव ने जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ को आश्वासन दिया कि वह भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा के साथ हैं। इस दौरान जिला महामंत्री मनीष गाडौली, जिला उपाध्यक्ष हरबीर अधाना, कार्यालय मंत्री यादराम जोया सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


गुरुग्राम में भाजपा जिला अध्यक्ष से मुलाकात करते जिला पार्षद मनोज यादव व अन्य।

# दिव्यांगजनों को समाज में बराबरी का मौका मिले : ओमप्रकाश यादव

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हरियाणा** के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव ने कहा कि समाज की सामान्य विचारधारा है, जिसमें हम सभी दिव्यांगता को शारीरिक अक्षमता से जोड़ कर देखते हैं। यह जरूरी नहीं है कि सभी दिव्यांगजनों को अपनी जरूरतों को पूरा करने और जीवन जीने के लिए दूसरों पर आश्रित रहना पड़े। वे शनिवार को सेक्टर-14 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन को सार्थक पहल के लिए शुरुआत में दूसरों की मदद की आवश्यकता होती है। यदि उन्हें मार्गदर्शन मिले और समाज में बराबरी का मौका मिले तो वे एक आत्मनिर्भर जीवन जी सकते हैं। राज्यमंत्री ने कहा कि दिव्यांगजनों के पुनर्वास एवं उनको शिक्षित कर समाज की मुख्यधारा में शामिल करने के लिए हरियाणा सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उनके कल्याण के लिए गम्भीरता से कार्य कर रही है। इसके साथ ही केंद्र सरकार के निर्देश पर प्रदेश में ऐसी अनेक योजनाएं चला रही हैं, जिनके माध्यम से हम अपने दिव्यांग जनों को शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं। राज्यमंत्री ने अपने संबोधन से पूर्व महाविद्यालय में विभागों व निजी संस्थानों द्वारा लगाई प्रदर्शनी का अवलोकन किया।


गुरुग्राम में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर राजकीय कन्या महाविद्यालय में राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरित करते मंत्री ओमप्रकाश यादव।

# समिति सदस्यों को एसडीएम और पंच-सरपंचों को ग्राम संरक्षक ने दिलाई शपथ


शनिवार को बीडीपीओ कार्यालय में समिति सदस्य को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाते एसडीएम जितेन्द्र गर्ग।

**सोहना।** खंड के 35 सरपंच और 296 पंचों को ग्राम पंचायतों में तथा एसडीएम ने बीडीपीओ कार्यालय 14 समिति सदस्यों को पद व गोपनियता की शपथ दिलाई गई। मुख्यमंत्री के आह्वान पर जनप्रतिनिधियों को बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कराने को संदेश दिया गया।

शनिवार को खंड की ग्राम पंचायतों में ग्राम संरक्षक के तत्वावधान में खंड की सभी 35 ग्राम पंचायतों में सुबह 11 बजे 35 सरपंच और 296 पंचों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक स्थानों पर किया गया। जहां पर ग्रामीण भी भारी संख्या में मौजूद रहे। वहीं खंड के 14 समिति सदस्यों को एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने बीडीपीओ कार्यालय में बारी-बारी से बुलाकर शपथ दिलाई। जिसमें 6 महिला समिति सदस्या थी। 14 समिति सदस्यों में एक समिति सदस्य का चुनाव निर्विरोध हुआ था। शपथ ग्रहण समारोह को संबोंधित करते हुए एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने सभी समिति सदस्य और पंच तथा सरपंचों को बिना किसी भेदभाव और चुनावी रंजिश को भुलाते हुए विकास कार्य करने पर जोर दिया।

# बिजली निगम ने ब्याज माफी योजना 31 दिसम्बर तक और बढ़ाई

## आखिरी दिन 160 उपभोक्ताओं ने लाभ उठाते हुए 21 लाख रुपये बकाया बिल जमा किए

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**बिजली** निगम ने अपने दूसरे चरण में उपभोक्ताओं के लिए ब्याज माफी योजना को एक माह के लिए और बढ़ा दिया है। उपभोक्ता योजना के तहत 31 दिसम्बर तक ब्याज माफी योजना के तहत अपना बकाया बिल का भुगतान कर सकेंगे।

पहले चरण में योजना को एक सितम्बर से 30 नवंबर तक रखा था। जिसके आखिरी दिन 160 उपभोक्ताओं ने योजना का लाभ उठाते हुए 21 लाख रुपये बकाया बिल जमा किए। जिसमें 9 लाख रुपये उपभोक्ताओं को ब्याज माफ का लाभ मिला है। बिजली निगम ने बिजली बिल बकायादारों को ब्याज माफी योजना का अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से समय सीमा बढ़ा दी है। अब यह योजना दूसरे चरण में शुरु करते हुए 31 दिसम्बर 2022 तक रहेगी।

पहले चरण में उपभोक्ताओं द्वारा बीते तीन माह तक अधिक ध्यान न देते हुए लाभ नहीं ले सके हैं। उपभोक्ताओं पर निगम का एक सितम्बर तक करीब 12 करोड़ रुपये का बकाया बिल था। पहले चरण में चली करीब तीन माह ब्याज माफी की इस योजना के तहत निगम को करीब 71 लाख रुपये की वसूली हुई है। जिसमें से पहले चरण के आखिरी दिन 30 नवंबर को 160 बकायदार उपभोक्ताओं ने इसका लाभ लेने के उद्देश्य से सायं 5 बजे तक बिल जमा कराएं थे। वहीं निगम ने अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को इसका लाभ देने के उद्देश्य से अपना कार्यालय सायं 7 बजे तक खोलकर रखा। आखिरी दिन निगम को 21 लाख रुपये की आय हुई। निगम द्वारा 160 उपभोक्ताओं को करीब 9 लाख रुपये का ब्याज माफ किया था।


बिजली निगम के एसडीओ कार्यालय में बिजली जमा करते उपभोक्ता।

### योजना अवधि बढ़ने के साथ उपभोक्ता दिखे सुस्त

**जैसे** ही एक दिसम्बर को निगम द्वारा उक्त योजना को 31 दिसम्बरत तक बढ़ाने की घोषणा की है। वैसे ही अपना बकाया बिल जमा करने वाले उपभोक्ताओं की संख्या एसडीओ कार्यालय में कम हो गई है। उपभोक्ता कछुआ गति से ब्याज माफी योजना का लाभ लेने के उद्देश्य से बिल जमा करने पहुंच रहे है।

“ **निगम** अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को इस ब्याज माफी योजना का लाभ देने के उद्देश्य से यह कर रहा है। जिसको लेकर ग्राम पंचायतों में मुनादी भी कराई जाएगी। ताकि समय रहते उपभोक्ता इसका पूरा लाभ उठाएं। इससे उपभोक्ता के साथ-साथ निगम को भी उसकी बकाया राशि की वसूली होगी।

**लियाकत अली**
**( एसडीओ बिजली निगम )**

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को मिलेगा समर्थन : हुड्डा



**सोहना।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को लेकर क्षेत्र में गतिविधि तेज हो गई है। राहुल गांधी 21 दिसम्बर की रात को सोहना के बल्लभगढ़ मोड़ के समीप ठहरेंगे। शुक्रवार को दीपेन्द्र हुड्डा ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की तैयारी को लेकर मौका मुआयाना किया। इस अवसर पर उनके साथ प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष जितेन्द्र भारद्वाज, राव दानसिंह, प्रदेश अध्यक्ष उदयभान चौधरीए मनीष गौढ़ समेत अन्य नेता मौजूद थे। दीपेन्द्र हुड्डा ने बताया कि हरियाणा में राहुल गांधी को पूरा समर्थन मिलेगा। उनकी यात्रा को लेकर हरियाणा में सत्ता परिवर्तन का लोग मन बनाने लगे है। राहुल गांधी की यात्रा को भारी समर्थन मिलता आ रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणावासी अब भाजपा सरकार से बीते 8 वर्षों में परख चुके हैं। यदि हरियाणा और देश का कल्याण करने वाली एक मात्र कांग्रेस पार्टी है। राहुल गांधी की इस यात्रा से राज्य की ही नहीं केन्द्र की सरकार तो पहले दिन से मिलने लगा जनसमूह को देख हिलने लगी है। उन्होंने कहा कि दक्षिण हरियाणा में राहुल गांधी का जोरदार स्वागत किया जाएगा, क्योंकि यहां से उनकी यात्रा हरियाणा में प्रवेश करेगी।

### युवा महोत्सव में दूसरे दिन लोक संगीत पर सामूहिक नृत्य



**सोहना।** युवा महोत्सव में दूसरे दिन कला और संस्कृति का संगम देखने को मिला। विद्यार्थियों ने अपनी कला का बेहत्तरीन प्रदर्शन करके तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया। एकल और सामुहिक डांस पर दर्शक दीर्घा में बैठे युवाओं ने जमकर आनंद लिया। गुरुग्राम यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित स्थानीय निरंकारी बाबा गुरबचन सिंह मैमोरियल महाविद्यालय में शनिवार को युवाओं ने अपनी कला का शानदार प्रदर्शन करते हुए वाही-वाही बटौरी। छात्रों ने हरियाणवी रागनियों पर एकल डांस करते हुए दर्शकदीर्घा में बैठने वालों को तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया। वहीं सामुहिक डांस में पंजाबी, गुजराती, हरियाणा के लोकगीतों की धूम रही। आर्ट एण्ड कला के क्षेत्र में प्रतिभागियों ने समाचार पत्रों की कटिंग से शानदार मनमोहन वाली कलाकृतियां बनाई। दूसरे दिन 23 प्रतियोगिताएं हुईं। जिनमें सोलो डांस, क्लासिकल डांस, मिमिक्री, लोक गीत, वाद-विवाद आदि शामिल रही। युवाओं में कला का हुनर विद्यार्थी देश के निर्माता हैं। जो देश को उन्नति की ओर ले जाने में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में निखार लाती हैं। जिनसे अनुशासन व सयंम की भावना जागृत होती है। युवा उत्सव में विद्यार्थियों ने अपनी कला का जबरदस्त प्रदर्शन किया।

### 19 वर्षीय युवती घर से संदिग्ध हालात में लापता

**सोहना।** हरियाहेड़ा से संदिग्ध हालत में लापता हुई युवती के पिता ने थाना में शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित पिता ने घामडौज में किराए के मकान में रहने वाले युवक पर बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। हरियाहेड़ा निवासी ने बताया कि वह गुरुग्राम में बस चलाता है। उसकी 19 वर्षीय बेटी घर पर ही रहती थी। शुक्रवार की दोपहर बाद समय करीब 2 बजे बिना किसी को कुछ बताएं घर से बाहर चली गई। काफी देर वापस न आने पर युवती को तलाशा गया। लेकिन देर शाम पता चला कि घामडौज में किराए के मकान में रहने वाला प्रेम नामक युवक उसकी बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। भोंडसी पुलिस ने पीड़ित पिता की शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए फरार युवक व लापता युवती की तलाश शुरू कर दी है।

# दमदमा झील किनारे डीटीपी विभाग का फिर चला पीला पंजा

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**दमदमा** झील और अरावली पहाड़ी के बीच जिला नगर योजनाकार विभाग का पिला पंजा फिर चला। करीब 8 एकड़ जमीन पर बने 3 से 4 फार्म हाउसों को एनजीटी के आदेश पर ध्वस्त किया गया। बीते एक सप्ताह में डीटीपी विभाग की टीम ने चार अन्य फार्म हाउसों को नेस्तनाबूद किया था।

दमदमा झील और अरावली पहाड़ी के साथ-साथ लगती वन विभाग की धारा 4/5 के नियमों को ताक पर रखकर बनाए फार्म हाउसों को एनजीटी ने ध्वस्त करने के आदेश जारी कर दिए हैं। जिला नगर योजनाकार विभाग ने एनजीटी के आदेशों को पालना करते हुए शनिवार को एक बार फिर जेसीबी से अवैध रूप से बने फार्म हाउसों को ध्वस्त किया। डीटीपी विभाग की टीम भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। जिससे देख अवैध रुप से फार्म हाउस मालिक किसी प्रकार का विरोध जताने का साहस तक नहीं कर पा रहे हैं। जिसके चलते डीटीपी विभाग द्वारा चलाई गई दो जेसीबी से 3 से 4 फार्म हाउसों को पूरी तरफ से ध्वस्त किया। इन फार्म हाउसों के अंदर पिछले 10 वर्ष से कोई नया निर्माण नहीं मिला। इससे पूर्व किए गए निर्माण पत्थरों से बने थे।


शनिवार को दमदमा झील के साथ बने अवैध फार्म को ध्वस्त करता डीटीपी विभाग का पीला पंजा।

### वन्य प्राणियों का रहना होगा आसान

**मालूम** रहे कि दमदमा झील से लेकर जिला फरीदाबाद के गांव मांगर से लेकर सोहना के गांव हरचंदपुर तक लगती अरावली पहाड़ी में वन्य प्राणियों की जनसंख्या बढ़ने लगी है। जिसमें मुख्य रूप से तेंदुओं की संख्या हर वर्ष बढ़ती जा रही है। दमदमा झील में साल भर पानी होने से वन्य प्राणियों को जलाशयों की कमी नहीं हो रही है। लेकिन झील के साथ-साथ आवासीय गतिविधियां होने के कारण वन्य प्राणियों के जीवन में बाधा बनता जा रहा है। वहीं दूसरी और अवैध निर्माण के खिलाफ एनजीटी ने कड़े कदम उठाने से अवैध निर्माणों का खात्मा किया जा रहा है।

# जी पर क्रिकेट की वापसी की घोषणा करने के लिए सहवाग और जी की साझेदारी हुई

## नए कैम्पेन में आईएलटी 20 के उद्घाटन सत्र की घोषणा की गई

## ये 10 जी चैनल्स एवं इसके ओटीटी प्लेटफॉर्म जी 5 पर लाईव टेलीकास्ट होगा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**खेल** प्रसारण में वापसी करते हुए जी ने जनवरी, 2023 में यूएई में शुरू हो रहे आईएलटी 20 के उद्घाटन सत्र की घोषणा करने के लिए एक आकर्षक नया अभियान शुरू किया है। इस अभियान में वीरेंद्र सहवाग रोमांचक टी20 एक्शन की झलक प्रस्तुत करेंगे। इस कैम्पेन फिल्म में सहवाग के व्यक्तित्व के अनुरूप आईएलटी 20 लीग में प्रत्याशा उत्पन्न करने के दृष्टिकोण को अपनाया गया है।

फिल्म की शुरुआत में नजफगढ़ के नवाब पूल के पास आराम करते हुए दिखाई देते हैं, जब कलाकार ब्रिजेंद्र काला अभिनीत उनका सेक्रेटरी उन्हें बताता है कि जी सिनेमा ने उन्हें एक बड़े प्रोजेक्ट के लिए बुलाया है। जी सिनेमा एक प्रतिष्ठित मूवी डेस्टिनेशन होने के नाते आरआरआर, सूर्यवंशी, राधे जैसी फिल्मों का पर्याय है, पूर्व विश्व कप विजेता को विश्वास हो जाता है कि यह कॉल फिल्म में किसी भूमिका के लिए है। वह बताने लगते हैं कि किस प्रकार वो हमेशा से जानते थे कि उनका चेहरा मूवीज में आने के लिए परफेक्ट है, तभी काला उन्हें बताते हैं कि ज़ी ने उन्हें जिस प्रोजेक्ट के लिए बुलाया है, वह नई क्रिकेट लीग के लिए है, यह सुनकर वह चकित रह जाते हैं। जी के सीएमओ-कंटेंटएसबीयूज़ी, कार्तिक महादेव ने कहा, “हम जी पर क्रिकेट की वापसी के साथ खेलप्रेमियों से जुड़ने का अवसर पाकर उत्साहित हैं। हम विभिन्न भाषाओं में जी मूवी प्लेटफॉर्म्स का उपयोग कर टी20 क्रिकेट फैंस को बेहतरीन अनुभव प्रदान करना चाहते हैं। हमारा ब्रांड उस जोश को समझता है, जो मूवी की फैनडम लेकर आता है, यह काफी रोमांचक है कि मूवी और क्रिकेट फैनडम की दो दुनिया जी मूवी चैनल्स पर एक साथ आ रही हैं।” उन्होंने कहा, “यह लीग 3 भाषाओं में हमारे 10 मूवी चैनल्स पर प्रसारित होगी, जिसे मूवी के 419 मिलियन दर्शक और हमारे डिजिटल प्लेटफॉर्म जी5 के दर्शक देखेंगे। इस नई लीग के लिए हमने विस्तृत और विभिन्न चरणों में कैम्पेन की योजना बनाई है। हम सहवाग द्वारा लीग की घोषणा को लेकर बहुत उत्साहित हैं, वो इसके लिए स्वाभाविक रूप से बिल्कुल उपयुक्त हैं। कैम्पेन फिल्म का लिंक है:http://bitly.ws/&n|z टिकी-टका के संस्थापक और क्रिएटिव हेड, जिगर फर्नांडिस ने कहा, “क्रिकेट उस प्लेटफॉर्म पर लौट रहा है, जो मूवीज, मस्ती और मैजिक का पर्याय है। इस पर क्रिकेट और सिनेमा मनोरंजक रूप में आए। क्रिकेट के नए गंतव्य के रूप में जी सिनेमा के बारे में जागरुकता बढ़ाया जाना जरूरी था। सहवाग सर के साथ इस तरह खेल होना और मजाक करना अच्छा था। वह कैमरा के सामने स्वाभाविक रहते हैं।



# मानवता की सीख देते हैं श्रीमद् भागवत गीता के श्लोक : डीसी

## पंचायत भवन परिसर में चल रहे गीता महोत्सव डीसी अजय कुमार ने किया शुभारम्भ

## दिनभर गूंजे गीता के संदेश, डीसी अजय कुमार ने किया प्रदर्शनी का अवलोकन



पंचायत भवन परिसर में आयोजित जिलास्तरीय गीता महोत्सव के दूसरे दिन दीप प्रज्ज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का विधिवत शुभारंभ करते डीसी अजय कुमार।



गीता जयंती महोत्सव के अवसर पर कार्यक्रम प्रस्तुत करती बालिकाएं व मंच पर सम्बोधित करता एक वक्ता

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**पंचायत** भवन परिसर में चल रहे जिला स्तरीय गीता महोत्सव के दूसरे दिन का आगाज शनिवार को गरिमामयी ढंग से हुआ। महोत्सव के दूसरे दिन डीसी अजय कुमार ने गीता पूजन व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

गीता पूजन का हिस्सा बनते हुए आमजन मानस से गीताजी के श्लोकों का अनुसरण करते हुए मानवता की भलाई के कार्य करने के लिए प्रेरित किया। डीसी अजय कुमार ने कहा कि गीता हमारा प्राचीन ग्रंथ है और हमें अपना कुछ समय निकालकर गीता का अध्ययन अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पवित्र ग्रंथ गीता हमें जीवन में सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ते रहने की नई प्रेरणा देता है। व्यक्ति के जीवन में अंधकार या कठिनाई होती है तो गीता हमें राह दिखाती है। गीता के छोटे से सार को पढ़ने के बाद हमारे जीवन के हर संशय को दूर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आजादी के आंदोलन में श्रीमद्भागवत गीता का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आजादी के आंदोलन में शामिल शहीदों ने गीता से कर्म करने और बढ़ने की प्रेरणा ली। आज भी हजारों वर्षों पुराना गीता का ज्ञान हमारे जीवन में प्रासंगिक है। हर व्यक्ति गीता पढ़ने के बाद कर्म योग की तरफ बढ़ता है। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति को जीवन में गीता के संदेश अनुरूप आगे बढ़ने की सीख देता हैं। उन्होंने कहा कि गीता के दिव्य संदेश को घर-घर तक लेकर जाने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा इसे देश ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में प्रचारित-प्रसारित किया जा रहा है। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि वे हमारी प्राचीन संस्कृति और सभ्यता को न केवल अपने जीवन में अपनाएं बल्कि दूसरों को भी इसे अपने जीवन में धारण करने के लिए प्रेरित करें।

उन्होंने कहा कि गीता मानव के संपूर्ण जीवन का एक अलौकिक दर्शन है। जो व्यक्ति इसका अनुसरण करता है, वह सर्वश्रेष्ठ बन जाता है। उन्होंने कहा कि गीताजी में भगवान कृष्ण ने कहा था कि परिस्थितियां चाहे कितनी भी खराब हो, वह सदैव एक जैसी नहीं रहती, उनमें निरंतर बदलाव होता रहता है, लेकिन मनुष्य को यदि अपने जीवन में बदलाव और तरक्की लाना है तो गीता में निहित श्लोकों का अनुसरण करना होगा। उन्होंने कहा कि गीता हमारे कण-कण में है और सभी को इसके संदेश को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। श्रीमद्भागवत् गीता को जीवन की संजीवनी बताते हुए विशेष कर युवा वर्ग से कर्म में विश्वास रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवद् गीता जीवन पर्यन्त आने वाली सभी समस्याओं की कुंजी है, लेकिन उन समस्याओं से बाहर निकलने का रास्ता भी गीता ही दिखाती है। उन्होंने दोहराया कि गीता का ज्ञान आज के आधुनिक जीवन में सभी समस्याओं का हल करने में सक्षम है। उन्होंने गीताजी की शिक्षाओं के माध्यम से मनुष्य को निरन्तर प्रयत्नशील और कर्मशील बनने की प्रेरणा देते हुए गीता के आदर्शों पर चलकर जीवन व्यतीत करने की प्रेरणा दी।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही शानदार प्रस्तुति

**सांस्कृतिक** कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति ने श्रोताओं व दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से समा बांधकर माहौल का भक्तिमय बना दिया। वहीं हरे रामा-हरे कृष्णा की प्रस्तुति से श्रोताओं व दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्लोका चारण राजेश शास्त्री, सुखदेव शास्त्री, अंजु बाला शास्त्री ने किया। उल्लेखनीय है कि डीसी के कुशल मार्गदर्शन में जिला प्रशासन और सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 4 दिसम्बर तक जिला स्तरीय गीता महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। पिछले दो दिनों से पूरा नूह जिला गीतामय हो चला है। यहां मुख्य पंडाल के साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा लगाई जा रही प्रदर्शनी दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। मंच संचालन अशरफ मेवाती ने किया।

# घूंघट उठाकर शपथ ले सरपंच आशा ने किया चमनपुरा को चमकाने का वायदा



गुरुग्राम के गांव चमनपुरा में पहली बार बनी पंचायत में ग्रामीणों की मौजूदगी में सरपंच पद की शपथ लेती पहली सरपंच आशा।

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**अब** तक दूसरे गांव के माध्यम से आने वाली ग्रांट के माध्यम से विकास की बाट जोहते गांव चमनपुरा को इस बात अपनी अलग पंचायत मिली है। गांव की पहली सरपंच का चुनाव जीतने के बाद शनिवार को शपथ लेते ही सरपंच आशा ने चमनपुरा गांव को चमकाने का वायदा किया है।

जिले के सोहना ब्लॉक में अनुसूचित जाति के गांव चमनपुरा के समस्त ग्रामवासियों के लिए शनिवार का दिन ऐतिहासिक रहा। ग्राम पंचायत लोह सिंघानी से अलग होकर नई बनी चमनपुरा पंचायत के शपथ ग्रहण समारोह में नव निर्वाचित सरपंच आशा पत्नी विजयपाल ने पद व गोपनीयता की शपथ ली। स्वर्गीय चौ. नन्हेराम गरीबा की पौत्र वधू चौ. हरिसिंह की पुत्र वधू आशा पत्नी विजयपाल के शपथ लेने के साथ ही ग्रामीणों ने उन्हें बधाई दी। उनके साथ ही उनकी टीम के समस्त पंचों जिनमें वार्ड-1 से अजय पुत्र डालचंद, वार्ड-2 से शकुन्तला पत्नी स्वर्गीय कर्मवीर, वार्ड-3 से श्यामवीर पुत्र हरपाल, वार्ड-4 से पूनम पत्नी रामकुमार, वार्ड-5 से सुरेन्द्र सिंह पुत्र रणजीत सिंह, वार्ड-6 से सुनीता पत्नी मदन सिंह ने भी शपथ ली।

चमनपुरा ग्राम पंचायत के शपथ ग्रहण समारोह हरियाणा सरकार व जिला उपायुक्त गुरुग्राम के आदेशानुसार खंड विकास कार्यालय सोहना से ग्राम सचिव प्रवेश कुमार, चमनपुरा के ग्राम संरक्षक डॉ. मनीष हुड्डा वेटनरी सर्जन, नोडल ऑफिसर राजबीर तरार हेडमास्टर गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल ने भी शिरकत की। शपथ ग्रहण समारोह में चमनपुरा ग्राम पंचायत के सरपंच पंच व समस्त आबादी सीधे मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर व पंचायत व विकास मंत्री देवेन्द्र सिंह बबली के लाइव सम्बोधन से जुड़ी और उनका सम्बोधन सुना। समस्त ग्राम पंचायत ने हरियाणा सरकार की चिरायु योजना, निरोगी हरियाणा योजना, परिवार पहचान पत्र योजना, ग्राम दर्शन पोर्टल योजना आदि के बारे व पद व गोपनीयता की शपथ के महत्व के बारे ज्ञान अर्जित किया। सरपंच आशा ने सभी ग्रामवासियों को विश्वास दिलाया कि उनकी पहली प्राथमिकता शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना, गांव के प्रत्येक बच्चे को आंगनवाड़ी से संतुलित पोषित भोजन उपलब्ध करवाना, गांव के तालाबों का सौन्दर्यीकरण व गलियों सड़कों का निर्माण करना रहेगी।

# पंचायती राज : 641 नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने शपथ लेकर किया विकास का वादा

## जिला मुख्यालय, संबंधित खंड और ग्राम स्तर पर दिलाई गई पद एवं गोपनीयता की शपथ

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम स्थित लघु सचिवालय में जिला परिषद के नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाने के बाद सामूहिक चित्र में उपायुक्त, अतिरिक्त उपायुक्त।

**जिला** में शनिवार को पंचायती राज संस्थाओं के नव निर्वाचित जन प्रतिनिधियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। जिला परिषद के सभी 10 निर्वाचित सदस्यों को जिला मुख्यालय पर एक-एक करके डीसी निशांत कुमार यादव ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

जिला के चार खंडों के 68 ब्लॉक समिति सदस्यों को संबंधित खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में शपथ दिलाई गई। इसके अलावा 157 गांवों के 157 सरपंचों व 1406 पंचों को उनके गांव के ही राजकीय विद्यालय में प्रथम श्रेणी अधिकारियों, ने सरपंचों और पंचों को शपथ दिलाई। पंच-सरपंचों को शपथ दिलाने वाले अधिकारियों को ग्राम संरक्षक योजना में वह गांव आवंटित किया गया है। जहां किसी कारणवश ग्राम संरक्षक अधिकारी नहीं पहुंच पाए, वहां पर नोडल अधिकारियों ने शपथ दिलाई। जिला परिषद के निर्वाचित पार्षदों को शपथ दिलवाने के लिए लघु सचिवालय में कार्यक्रम रखा गया था, जहां पर डीसी निशांत कुमार यादव के अलावा एडीसी विश्राम कुमार मीणा भी उपस्थित रहे।

लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने जिला परिषद के सभी सदस्यों को शपथ दिलाने के बाद जहां उन्हें चुनाव में जीत की बधाई दी। डीसी ने आशा जताई कि सरकार व जिला प्रशासन के साथ मिलकर पंचायती राज संस्थाओं के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि गांवों का विकास करवा पाएंगे, जिससे हरियाणा प्रदेश उन्नति की राह पर और आगे बढ़ेगा।

उन्होंने कहा कि अब गांवों की सरकार बन गई है और निर्वाचित हुए जनप्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्र अथवा गांव का विकास करवाने का जो सपना देखा है, उसे वे हकीकत में बदल पाएंगे, ऐसा उनका विश्वास है। डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा कि ग्रामीण विकास को गति देने के लिए राज्य सरकार ने कई योजनाएं शुरू की हुई हैं, उनको जानकर व समझ कर अपने गांव में लागू करें, ताकि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचे।

# 10 साल पहले बने आधार कार्ड होंगे अपडेट : डीसी

## डीसी अजय कुमार ने दिए निर्देश, आधार अपडेशन को लेकर जिला में बढ़ाए जाएं जागरुक करने के प्रयास

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**डीसी** अजय कुमार ने कहा कि जिला में आधार कार्ड को अपडेट करने का कार्य किया जा रहा है। जिन लोगों के आधार कार्ड बने हुए 10 साल से अधिक का समय हो गया है वे अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर पर जाकर आधार कार्ड को अपडेट करवा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि यूआईडीएआई द्वारा दस्तावेज अपलोड का एक नया प्रावधान पेश किया गया है जिसके माध्यम से निवासी आधार डेटाबेस में अपने नवीनतम दस्तावेज़ अपलोड कर सकते हैं। यह उन लोगों के लिए विशेष रूप से उपयोगी है जिनके आधार कार्ड 10 वर्ष से अधिक समय पहले जारी किए गए थे। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस प्रावधान के बारे में जिलावासियों को जागरूक करें ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। यह सुविधा ऑनलाइन के साथ-साथ आधार केंद्र पर जाकर भी प्राप्त की जा सकती है। उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि 0-5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए आधार नामांकन पूरा करने पर जोर दिया। जीरो-5 वर्ष की आयु वर्ग को कवर करने के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों में विशेष आधार नामांकन अभियान भी चलाए जा सकते हैं। उन्होंने टीकाकरण शिविरों और जन्म इकाइयों में इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंकों द्वारा नामांकन को आगे बढ़ाने की बात कही। उन्होंने 5 और 15 वर्ष की आयु प्राप्त करने के बाद बच्चों के लिए अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट को पूरा करने पर फोकस करने भी निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेशन नि:शुल्क है। यदि आधार धारक द्वारा ऐसी आयु प्राप्त करने के दो वर्ष के भीतर बायोमेट्रिक्स अपडेट नहीं किया जाता है, तो आधार निष्क्रिय हो सकता है। उन्होंने कहा कि कुछ समय के बाद आधार कार्ड का अपडेट होना अनिवार्य हो जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि आधार कार्ड के अपडेशन के कार्य को लेकर प्रत्येक माह प्रगति बैठक भी आयोजित की जाएगी।

# नूह में जिप के 25, ब्लॉक समिति के 188 सहित 325 सरपंच व 3505 पंचों ने ली शपथ

## शपथ ग्रहण के बाद मुख्यमंत्री व विकास एवं पंचायत मंत्री ने सभी जनप्रतिनधियों को बधाई दी

## उपायुक्त अजय कुमार ने 25 जिप पार्षदों को जिला सचिवालय में दिलाई पद की शपथ

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**पंचायती** राज संस्थाओं के नवनियुक्त जिला परिषद, ब्लॉक समिति सदस्यों व पंच-सरपंचों का शपथ ग्रहण समारोह शनिवार को संपन्न हुआ। शपथ ग्रहण समारोह से पहले चंडीगढ़ से सीधे प्रसारण माध्यम से हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल व विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने सभी जनप्रतिनधियों को बधाई देते हुए उन्हें ग्रामीण विकास में अग्रणी भूमिका निभाने का आह्वान किया।

नूंह में जिला परिषद सदस्यों को स्थानीय जिला परिषद भवन में उपायुक्त अजय कुमार ने पद की शपथ दिलाई। ब्लॉक समिति सदस्यों को संबंधित रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम ने अपने-अपने खंडों में आयोजित कार्यक्रम में व्यक्तिगत रूप से नवनियुक्त प्रतिनिधियों को शपथ दिलाई। पंच व सरपंचों को संबंधित ग्राम पंचायत घर, ग्राम सचिवालय व स्कूल में कार्यक्रम आयोजित कर ग्राम संरक्षकों ने शपथ दिलाई गई। जिला के 25 जिला परिषद सदस्यों, 188 ब्लॉक समिति सदस्य, 325 सरपंचों व 3505 पंचों को शपथ दिलाई गई।

प्रदेश के सभी जन प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि लोकतंत्र में पंचायती राज संस्थाओं का महत्वपूर्ण स्थान है। पंचायतों की गौरवशाली परम्परा रही है, देश की एकता व अखंडता में इन पंचायतों का अहम रोल है। पंच को परमेश्वर का दर्जा दिया गया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में पंचायती राज संस्थाओं के तीन चरणों में शांतिपूर्णरूप से चुनाव संपन्न हुए। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ग्राम पंचायतों को गांव की सरकार बताते हुए कहा कि ये ग्रामीण विकास की धुरी है। उन्होंने दोहराया कि शहरों की तर्ज पर गांवों का चहुंमुखी विकास करवाया जाएगा। स्वच्छ छवि व पढ़ी लिखी पंचायतें चुनकर आई हैं, जो विकास में भागीदार बनेंगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और पढ़ी लिखी पंचायतों को चुनने के लिए उनकी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई लड़ी और सुप्रीम कोर्ट ने भी अन्य राज्यों को निर्देश दिए कि हरियाणा प्रदेश की तरह पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में जन प्रतिनिधियों के पढ़ाई का संसोधन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने महिलाओं को 50 प्रतिशत और पिछड़ा वर्ग-ए को 8 प्रतिशत आरक्षण देकर उनको हक प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों के विकास के लिए अनेक योजनाएं लागू कर रही है।



नवनियुक्त जिला परिषद के सदस्यों को शपथ ग्रहण करते उपायुक्त अजय कुमार।

पंचायतों को स्टॉम्प ड्यूटी और बिजली बिल पर सेस लगाकर उनको वित्तीय रूप से मजबूत बना रही है। उन्होंने कहा कि जिन गांवों में सर्वसम्मति से पंचायत बनी है उनको 11 लाख रुपये, सर्वसम्मति वाले पंचों को 50 हजार रुपये, जिला परिषद को 5 लाख रुपये व ब्लॉक समिति सदस्यों को दो लाख रुपये दिए जाएंगे। इस वर्ष 300 करोड़ रुपये इस योजना के तहत दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने सभी जन प्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे सबका साथ-सबका विकास के नारे को चरितार्थ करते हुए सभी वर्गों के कल्याण के लिए काम करें। रोटी, कपड़ा और मकान तथा शिक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान सबको मिले, इसके लिए जन प्रतिनिधि काम करें।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने सभी जन प्रतिनिधियों को जीत की बधाई दी और कहा कि वे गांवों के चहुंमुखी विकास के लिए काम करें। सरकारी योजनाओं व विकास को करवाने के साथ-साथ राष्ट्रीय भावना के कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। अभी हाल ही में हर घर तिरंगा अभियान चलाया गया। जन प्रतिनिधि यह सुनिश्चित करें कि अगर कहीं तिरंगा आपत्तिजनक स्थिति में है तो उसको सम्मान देते हुए 26 दिसंबर को अपने घरों पर तिरंगा लहराए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार ने ग्रामीण विकास में नारी शक्ति को ज्यादा महत्व दिया है और 50 प्रतिशत हिस्सेदारी देकर उसको बराबर का दर्जा दिया है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व वाली सरकार जिस प्रकार भ्रष्टाचार के मामले में जीरो टॉलरेंस नीति अपनाए हुए है, जन प्रतिनिधि भी अपने क्षेत्र में इस नीति पर चलकर काम करें। कैबिनेट मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने ग्राम पंचायतों को छोटी सरकार की संज्ञा देते हुए कहा कि ग्रामीण विकास में छोटी सरकार का बड़ा महत्व है। गांवों के चहुंमुखी विकास के लिए जन प्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र में विस्तृत योजनाएं बनाकर गांवों को विकास करवाए, सरकार उन्हें हरसंभव वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाएंगी।

उन्होंने कहा कि जन प्रतिनिधियों का एक तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर विभाग द्वारा करवाया जाएगा, जिसमें उन्हें विभागीय नीतियों, पंचायती राज एक्ट व वित्तीय शक्तियों व कार्यों बारे जानकारी दी जाएगी। जिला परिषद के सदस्यों को जिला परिषद भवन में उपायुक्त अजय कुमार ने पार्षदों को पद की शपथ दिलाई। उपायुक्त ने शपथ ग्रहण समारोह के बाद जिप सदस्यों को गांवों के विकास में सहयोग के साथ-साथ सामाजिक बुराईयों के खात्मे के लिए सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि जिला में नशा के विरुद्ध चलाए गए अभियान में जन प्रतिनिधि अपना सहयोग दें। पराली प्रबंधन में भी जागरूकता लाए और पर्यावरण शुद्धि के लिए काम करें। इस अवसर पर जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नवनीत कौर, डीईओ नदीम अहमद सहित जिला परिषद के पार्षद व उनके परिवारजन मौजूद रहे।


## संक्षिप्त समाचार

### तेज रफ्तार डंफर ने एसडीएम की गाड़ी को मारी टक्कर



**फिरोजपुर झिरका।** बड़ी लापरवाही व तेज रफ्तार के साथ आ रहे डंफर ने उपमंडल नागरिक अधिकारी फिरोजपुर झिरका की गाड़ी में जोरदार टक्कर मारने का मामला प्रकाश में आया है। वहीं एसडीएम के गाड़ी चालक की शिकायत पर थाना फिरोजपुर झिरका पुलिस ने अज्ञात डंफर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। एसडीएम के गाड़ी चालक पूर्ण चंद ने थाना फिरोजपुर झिरका में दी अपनी शिकायत में बताया कि गत रात्रि 8.30 बजे उपमंडल नागरिक अधिकारी दीपक बाबूलाल कारवां अपनी गाड़ी में बैठ कर अपने रेजिडेंस की तरफ जा रहे थे। अचानक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के कट के यहां से तेज रफ्तार व लापरवाही के साथ आ रहे एक डंफर एसडीएम की गाड़ी को पीछे से टक्कर मार कर फरार हो गया। जिसकी वजह से एसडीएम की गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। परंतु एसडीएम और गाड़ी चालक के कोई चोट नहीं आई। वहीं थाना प्रबंधक दयानंद ने बताया कि एसडीएम के गाड़ी चालक पूर्ण चंद की शिकायत पर अज्ञात डंफर चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही अज्ञात डंफर चालक को गिरफ्तार कर जरूरी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### अवैध देसी कट्टे सहित एक आरोपी गिरफ्तार



**फिरोजपुर झिरका।** शहर में लगातार बढ़ रही चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए स्थानीय पुलिस द्वारा गत रात्रि गश्त के दौरान एक युवक को शक के आधार पर गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर युवक से एक देसी कट्टा व एक कारतूस मिलने पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जिसे शनिवार को अदालत में पेश किया गया। जहां अदालत ने पुलिस की मांग पर आरोपी को दो दिन की पुलिस रिमांड पर सौंप दिया है। जानकारी देते हुए सिटी चौकी इंचार्ज सुनील कुमार ने बताया कि शहर में पुलिस द्वारा लगातार गश्त की जा रही है। पुलिस को मुखबिर खास से सूचना मिली कि एक युवक देसी कट्टे के साथ किसी वारदात को अंजाम देने के लिए जा रहा है। पुलिस ने युवक को रोका और उसकी तलाशी ली तलाशी लेने पर पुलिस को युवक की जेब से एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ पुलिस ने युवक को तुरंत हिरासत में ले लिया। जिसकी पहचान शौकीन पुत्र रसीद निवासी वार्ड नंबर 15 फिरोजपुर झिरका के रूप में हुई। आरोपी को स्थानीय अदालत में पेश किया। जहां अदालत ने आरोपी को दो दिन की पुलिस रिमांड पर सौंप दिया है। जिससे शहर में हुई चोरी की वारदातों का खुलासा किया जा सके।

### फिरोजपुर नमक की नवनिर्वाचित सरपंच जन्नती ने ली शपथ

**मेवात।** प्रदेश के नवनियुक्त सरपंच ब्लॉक समिति सदस्य व जिला परिषदों को शपथ दिलाई गई। वहीं खंड के फिरोजपुर नमक ग्राम पंचायत से नवनिर्वाचित सरपंच पद के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शपथ समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें जन्नती पत्नी इमरान खान को सरकार की ओर से प्रतिनिधित्व ने शपथ दिलाई है। नवनिर्वाचित सरपंच जन्नती पत्नी इमरान खान के साथ-साथ उनके 20 पंचायत सदस्यों को भी पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस शपथ समारोह में मुख्य अतिथि रायसिंह राव ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता दीन मोहम्मद ने की। कार्यक्रम का मंच संचालन मास्टर मोहम्मद अरशद ने किया। फिरोजपुर नमक में सरपंच शपथ का कार्यक्रम बेहतरीन सफल हुआ है। कार्यक्रम के सफल होने पर नवनिर्वाचित सरपंच पति इमरान खान ने सभी का धन्यवाद करते हुए कहा कि मैं गांव का हमेशा शुक्रगुजार रहूंगा क्योंकि मुझे गांव के लोगों ने बड़ा मान सम्मान दिया है। गांव में पूर्ण रूप से विकास किया जाएगा। सब को एक समान देखा जाएगा। किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं होगा। इस मौके पर स्कूल का सभी स्टाफ, गांव से मौजूद लोग हाजी साद मोहम्मद, नसीम आलम, हाजी सोहराब, हाजी बन्ना, दीनू, हाजी अकबर, अब्दुल्ला हाजी गुड्डू सहित हजारों की संख्या में मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय कन्वेंशन को लेकर कर्मचारियों की हुई बैठक



**फरीदाबाद।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आवाहन पर बड़खल ब्लॉक के सरकारी, अर्धसरकारी, निगम, बोर्ड, शैक्षणिक संस्थानों, नगर निगम के सैकड़ों कर्मचारी अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी फेडरेशन एवं कन्फर्डेशन आफ़ सेंट्रल गवर्नमेंट इंप्लाइज एंड वर्कर्स द्वारा 8 दिसंबर को दिल्ली तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय कन्वेंशन में भाग लेंगे। यह दावा सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला सचिव युद्धवीर सिंह खत्री ने बीके चौक स्थित नगर निगम यूनियन कार्यालय में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के बडकल ब्लॉक के कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए किया। श्री खत्री ने कहा कि सभी विभागों एवं बल्लभगढ़ फरीदाबाद व तिगांव ब्लॉक की बैठक बुलाकर राष्ट्रीय कन्वेंशन को सफल बनाने के लिए सभी विभागों में सघन अभियान चलाया जाएगा । आज की इस बैठक की अध्यक्षता सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा बडकल ब्लाक के प्रधान अनूप वाल्मीकि ने की बैठक में मुख्य रूप से सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री, ब्लॉक सचिव गिरीश राजपूत, वरिष्ठ उप प्रधान दिगम्बर डागर प्रेस सचिव महेन्द्र कुडिया कार्यालय सचिव सोनू व नगर निगम सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान गुरचरण खांड्या एवं सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के वरिष्ठ नेता मुकेश बेनीवाल दर्शन सिंह सोया विशेष रूप से उपस्थित थे।

पायनियर क्लासीफाइड


◆ नाम परिवर्तन ◆

I, Poonam W/o Sandeep Kumar R/o 181, East India Colony, Sector-22, Faridabad have changed my name to Poonam Beniwal.

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## कांग्रेस की गलती
### विकृत विमर्श

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी की रावण से तुलना कर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिार्जुन खड़गे ने अपना या अपनी पार्टी का मान नहीं बढ़ाया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिार्जुन खड़गे की 'रावण' टिप्पणी पर निशाना लगाते हुए बाद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि 'रामभक्तों' की धरती पर किसी को रावण कहना उचित नहीं है। ऐसा लगता है कि पौराणिक कथाओं के खलनायक के प्रति राजनेताओं व सार्वजनिक व्यक्तित्वों का खास आकर्षण है। हाल ही में आई मूवी आदिपुरुष में सैफ अली खान ने रावण की भूमिका निभाई थी। इसने बहुत से लोगों का ध्यान आकर्षित किया था, हालांकि बहुत से लोग इस बात से व्यथित थे कि रावण का गलत व आक्रामक प्रस्तुतीकरण किया गया था। कुछ लोगों ने यह भी कहा कि रावण एक विद्वान ब्राह्मण था। लेकिन जैसे ही राक्षसराज रावण को प्रेस में कुछ 'सम्मानपूर्ण' स्थान मिलने लगा, वैसे ही खड़गे ने यह तुलना कर दी। इस प्रकार उन्होंने रावण की छवि को बुराइयों के प्रतीक से पुन: जोड़ दिया। मोदी की हर जगह उपस्थिति व खासकर वर्तमान विधानसभा चुनावों में उपस्थिति पर खड़गे ने व्यंग्य करते हुए कहा, 'आप कितनी बार अपना चेहरा दिखांएगे? क्या आपके रावण की तरह सौ सिर हैं?' इस पर मोदी ने तीखी प्रतिक्रिया करते हुए कहा कि कांग्रेस में प्रतियोगिता चल रही है कि उनकी कौन ज्यादा बेइज्जती कर सकता है। गुजरात के कलोल में चुनाव प्रचार करते हुए नरेन्द्र मोदी ने जनता को याद दिलाया कि हाल में एक कांग्रेसी नेता ने कहा था कि 'मोदी कुत्ते की मौत मरेंगे', जबकि एक अन्य नेता ने 'हिटलर की मौत' कहा था। एक ओर कांग्रेसी नेता ने कहा था कि अगर मौका मिला तो वे मोदी को मार डालेंगे। मोदी ने याद दिलाया कि कांग्रेस नेताओं ने उनकी तुलना राक्षस, रावण, आदि से की है।



प्रधानमंत्री का यह कहना ठीक है कि ऐसी भाषा का प्रयोग राजनीति में नहीं किया जाना चाहिए और यह एक निन्दनीय कृत्य है। लेकिन दुर्भाग्य से खराब भाषा का प्रयोग करने, बेलगाम बयानबाजी व व्यक्तिगत हमले करने के मामले में कांग्रेसी नेता अकेले नहीं हैं। अनेक पार्टियों के वरिष्ठ नेताओं ने भी ऐसा बार-बार किया है। कुछ पार्टियों के आईटी सेल ने राजनीतिक बहस को भद्दा, गाली-गलौज से भरा व अशोभनीय बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। उनके लिए अशालीन होने की कोई सीमा नहीं है। इस मामले में कांग्रेस की तुलना में दूसरी पार्टियां बेहतर नहीं हैं। यह प्रक्रिया काफी समय से जारी है। इस प्रक्रिया की बढ़ती लोकप्रियता के कारण दो प्रकार की तर्क पद्धतियां सामने आई हैं। 'एड होमीनिम' किस्म के तर्क का अर्थ व्यक्तिगत हमले करना है, जैसा खड़गे ने किया है। इस पद्धति में तर्क के बजाय तर्क देने वाले की आलोचना की जाती है। उदाहरणस्वरूप, यदि कोई देश के लिए आर्थिक सुधारों को ठीक बताए तो उसका जवाब तथ्यों व तर्कों के माध्यम से देने के बजाय उसे बहुराष्ट्रीय निगमों, विश्व बैंक, अमेरिका, आदि का मुहरा बता दिया जाता है। दूसरी तर्क पद्धति 'टू क्वोक्यू' या 'वाटाबूटरी' है। इसे सरल भाषा में इस प्रकार कहा जा सकता है कि 'तुम्हारा घोटाला मेरे घोटाले से बड़ा है।' उदारणार्थ, यदि कोई कहे कि अमुक व्यक्ति ने 50 करोड़ रुपये का वित्तीय घोटाला किया है तो दूसरा व्यक्ति उसके ज्यादा बड़े घोटाले की ओर इशारा कर चिल्लाएगा, 'तुम्हारे बारे में क्या कहा जाए।' इस प्रकार की गलत तर्क पद्धतियों ने राजनीतिक विमर्श को पटरी से उतार दिया है। इस कारण व्यावहारिक रूप से विभिन्न मुद्दों पर स्वस्थ बहस गायब हो गई है, महत्वपूर्ण मुद्दों को संबोधित ही नहीं किया जाता है तथा उनके स्थान पर व्यक्तिगत हमलों व निन्दनीय टिप्पणियों का बोलबाला हो जाता है। इन प्रवृत्तियों को अवश्य ही उल्टा जाना चाहिए, लेकिन इसके लिए सभी राजनीतिक दलों को एक प्रकार की आचार संहिता बनानी होगी। लेकिन यह काम अपने आप में बहुत कठिन है।

# जबरन धर्मांतरण पर रोक जरूरी

स्वामी विवेकानंद ने कहा है कि प्रत्येक व्यक्ति अपने ही धर्म से कुछ इस प्रकार चिपककर अंधा हो गया है कि उसके पास अपने आस-पास देखने की दृष्टि ही नहीं है।



**निशिकांत ठाकुर**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीति विश्लेषक हैं)



**स्वामी** रामकृष्ण परमहंस के अनन्यभक्त स्वामी विवेकानंद ने 1893 में शिकागो (अमेरिका) में आयोजित धर्म संसद में कहा था ....जो धर्म चिरकाल से जगत के समदर्शन और सर्वाधिक मत--ग्रहण की शिक्षा देता आया है , मैं उसी धर्म में शामिल अपने को गौरवान्वित महसूस करता हूं। हमलोग केवल दूसरे धर्मावलंबी के मतों के प्रति सहिष्णु हैं, ऐसा नहीं है, हम यह भी विश्वास करते हैं कि सभी धर्म सत्य हैं। जिस धर्म की पवित्र भाषा में अंग्रेजी एकस्क्लूशन (अर्थात हेय या परित्याज्य) के शब्द का किसी भी तरह अनुवाद नहीं किया जा सकता, मैं उसी धर्म से जुड़ा हूं। जो जाति पृथ्वी के समस्त धर्म और जाति के उत्पीड़ितों और शरणार्थियों को हमेशा से, खुले मन से, आश्रय देता आया है, मुझे ऐसे देश का व्यक्ति होने पर गर्व है। आप लोगों को यह बताते हुए मैं गौरव महसूस कर रहा हूं कि जिस वर्ष रोमन जाति के भयंकर उत्पीड़न और अत्याचार ने यहूदियों के पवित्र देवालय को चूर--चूर कर दिया था, उसी वर्ष यहूदियों के विशुद्धतम अवशिष्ट अंश दक्षिण भारत में आश्रय के लिए आया तो हम लोगों ने उन लोगों को सादर ग्रहण किया और आज भी उन लोगों को अपने हृदय में धारण किए हुए हैं। ऐसे धर्म का अनुयायी होने में मैं गर्व महसूस करता हूं जिसने जोरोस्त्रियन के अनुयायियों और वृहद पारसी जाति के अवशिष्ट अंश को शरण दी थी और जिसका पालन वह आज तक कर रहा है । मैं उसी धर्म से जुड़ा हूं।

संभवत: स्वामी विवेकानन्द की इसी उपरोक्त विवेचनात्मक उक्ति को ध्यान में रखकर पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट के विद्वान न्यायमूर्ति एमआर शाह और सी टी रविकुमार की पीठ ने भाजपा नेता और वकील अश्वनी कुमार उपाध्याय की याचिका पर टिप्पणी की होगी। केंद्र सरकार ने पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट में कहा कि धार्मिक स्वतंत्रता में अन्य लोगों को किसी विशेष धर्म में परिवर्तित करने का मौलिक अधिकार नहीं है। यह निश्चित रूप से धोखाधड़ी, जबरदस्ती या प्रलोभन के माध्यम से किसी व्यक्ति को परिवर्तित करने के अधिकार को स्वीकार नहीं करता। धर्म परिवर्तन करवाना किसी का अधिकार नहीं हो सकता। धर्म परिवर्तन पर सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट में पेश हलफनामे में यह जानकारी दी गई है। सरकार ने कहा है कि वह जबरन धर्म परिवर्तन के इस खतरे से परिचित है। ऐसी प्रथाओं पर काबू पाने वाले कानून समाज के कमजोर वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए आवश्यक हैं।

ज्ञात हो कि सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट अश्विनी उपाध्याय द्वारा एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें केंद्र और राज्यों को उपहार और मुद्रा प्रतिबंधों के माध्यम से डराने, धमकाने, धोखा देने और लालच देकर होने वाले धर्मांतरण को रोकने के लिए कदम उठाने का निर्देश देने की मांग की गई थी। उपाध्याय ने अपने अनुरोध में कहा था कि जबरन धर्म परिवर्तन एक राष्ट्रव्यापी समस्या है, जिसके तत्काल समाधान की आवश्यकता है। उपाध्याय ने प्रस्तुत किया था कि इस तरह के जबरन धर्मांतरण के शिकार अक्सर सामाजिक और आर्थिक रूप से अपरिचित लोग होते हैं। विशेष रूप से देखने वाली बात यह है कि ये सब

**ज्ञात हो कि सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट अश्विनी उपाध्याय द्वारा एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें केंद्र और राज्यों को उपहार और मुद्रा प्रतिबंधों के माध्यम से डराने, धमकाने, धोखा देने और लालच देकर होने वाले धर्मांतरण को रोकने के लिए कदम उठाने का निर्देश देने की मांग की गई थी। उपाध्याय ने अपने अनुरोध में कहा था कि जबरन धर्म परिवर्तन एक राष्ट्रव्यापी समस्या है, जिसके तत्काल समाधान की आवश्यकता है।**


अनुसूचित जाति और जनजाति के लोग होते हैं। हालांकि, सरकार इस तरह के खतरों के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने में विफल रही है। धोखाधड़ी, धोखा और डराने-धमकाने के माध्यम से इस तरह के धर्मांतरण को व्यापक रूप से लेते हुए, अदालत ने कहा कि यदि इस तरह के धार्मिक धर्मांतरणों को नहीं रोका जाता है, तो वे राष्ट्रीय सुरक्षा और नागरिकों के धर्म और विवेक की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार के लिए खतरा पैदा कर सकते हैं। जस्टिस शाह और हिमा कोहली की सुप्रीम कोर्ट की खंडपीठ ने इस मामले की सुनवाई करते हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से उन उपायों को बताने को कहा, जो सरकार लालच के माध्यम से जबरन धर्म परिवर्तन को रोकने के लिए कर रही है। खंडपीठ ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया है कि वह अपना रुख स्पष्ट करे और जवाब दे कि बल, छेड़खानी या धोखाधड़ी के माध्यम से इस तरह के जबरन धर्म परिवर्तन को रोकने के लिए क्या कदम उठाए जा सकते हैं। न्यायालय ने इस संबंध में कहा कि धर्म की स्वतंत्रता हो सकती है, लेकिन जबरन धर्म परिवर्तन से धर्म की स्वतंत्रता नहीं हो सकती है।

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी ने धर्मांतरण के खिलाफ राष्ट्रीय सहमति बनाए जाने पर बल दिया था। उन्होंने कहा था कि इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर बहस होनी चाहिए। श्री आडवाणी के अनुसार धर्मांतरण के विरुद्ध अभियान किसी समुदाय के खिलाफ नहीं हो सकता है, और न ही होना चाहिए। संविधान विशेषज्ञ फैजान मुस्तफा लिखते हैं, धर्मांतरण विरोधी कानून पुराने आधार पर बनाए गए हैं कि महिलाओं, एससी और एसटी को सुरक्षा की जरूरत है, वे अपने दम पर महत्वपूर्ण निर्णय नहीं ले सकते हैं। वे एक जातिवादी और पितृसत्तात्मक समाज के सामाजिक पदों पर टिके रहते हैं। दुनिया में तीन ऐसे बड़े धर्म हैं जिनके कारण दुनियां में धर्मांतरण जैसा शब्द आया। यह बड़े धर्म हैं-- बौद्ध, ईसाई और इस्लाम। तीनों ही धर्मों ने दुनिया के पुराने धर्मों के लोगों को अपने धर्मों में स्वेच्छा से दीक्षित किया और जबरन धर्मांतरित किया। उस काल में इन तीनों धर्मों के सामने थे हिंदू, यहूदी धर्म के अलावा दुनिया के कई तमाम छोटे और बड़े धर्म। भारत में प्राचीन काल से ही दो धर्म अस्तित्व में रहे पहला जैन और दूसरा हिंदू धर्म है। उन दोनों ही धर्मों के लोगों को धर्मांतरण के लिए कहीं कहीं स्वेच्छा से, तो अधिकतर मजबूरी के चलते अपना धर्म छोड़कर दूसरा धर्म अपनाना पड़ा। प्राचीन काल से लेकर आज तक भारतीय समाज में बड़े पैमाने पर धर्मांतरण होते आए हैं। प्राचीन काल में जैन और बौद्ध धर्मों में हिंदुओं का धर्मांतरण हुआ, मध्यकाल में इस्लाम और सिख धर्म में और आधुनिककाल में हिंदुओं का ईसाई और बौद्ध तथा इस्लाम में धर्मांतरण जारी है।

स्वामी विवेकानंद ने कहा है कि प्रत्येक व्यक्ति अपने ही धर्म से कुछ इस प्रकार चिपककर अंधा हो गया है कि उसके पास अपने आस-पास देखने की दृष्टि ही नहीं है। वह देख नहीं पाता कि संसार में किसी और का भी अस्तित्व है। वह सब को अपने जैसा बनाने के लिए निरंतर संघर्ष करता ही रहता है। वह अपने विकास का प्रयत्न नहीं करता, वह औरों को अपने जैसा बनाने में अपना प्राण खपाता रहता है। वह अपने धर्म को समझने का प्रयत्न नहीं करता, दूसरों का धर्म परिवर्तन कराने का प्रयत्न करता है। वस्तुत: धर्म वही पूर्ण होगा, जो संसार भर के वैविध्यपूर्ण चरित्रों को अपने हृदय में स्थान दे सके। वैदांतिक धर्म सबको आश्रय देता है और आदेश देता है कि प्रत्येक व्यक्ति अपने स्वभाव के अनुसार अपना धर्म चुन ले...卐।

# आर्थिक प्रगति पर अत्यधिक जोर

**अतुल सहगल**
(लेखक, प्रबंधन सलाहकार हैं)



**इन** दिनों आर्थिक वृद्धि सबकी जुबान पर है। हर व्यक्ति, हर समुदाय, हर समाज और हर देश ऐसी वृद्धि में दिलचस्पी ले रहा है। आज हम पूरे समय आर्थिक वृद्धि की बातें सुनते हैं। विकासशील देश, विकसित देश तथा गरीब देश इस अवधारणा से ग्रस्त हैं। सभी प्रमुख राजनेता वृद्धि की बात करते हुए इसे सुशासन का प्रमुख एजेंडा मान लेते हैं। संस्थागत एजेंसियां लगतार विभिन्न देशों के वृद्धि पैटर्नों का अध्ययन करते हुए वृद्धि तेज करने के नीतिगत ढांचे बनाती रहती हैं। राष्ट्रों तथा मनुष्यों के कल्याण के लिए आर्थिक वृद्धि को प्रमुख मुद्दा मान लिया गया है। लेकिन सवाल है कि क्या केवल आर्थिक वृद्धि वास्तव में उचित है? क्या इसमें अनिवार्य रूप से व्यक्तिगत व सामूहिक कार्रवाई को नहीं जोड़ा जाना चाहिए जिसका उद्देश्य शांति, प्रगति व समृद्धि हो? क्या इसका परिणाम ऐसी कार्रवाई हो सकता है जिससे लोगों की प्रसन्नता बढ़े? क्या इससे ऐसे पैराडाइमों का विकास होगा जिनसे वैश्विक भौतिक परिवेश को सुरक्षा मिले? क्या इससे मानवीय दृष्टिकोण प्रभावित होगा जिसका असर इस ग्रह में मानव जीवन की गुणवत्ता पर पड़ेगा? क्या यह मनुष्यों के आध्यात्मिक चरित्र की संगति में है? इन महत्वपूर्ण सवालों का तत्काल जवाब मिलना चाहिए क्योंकि हमारे वंशजों का जीवन दांव पर लगा है। हमें इन सवालों के जवाब इसलिए चाहिए क्योंकि पर्यावरण क्षरण के हानिकारक प्रभावों से इस ग्रह के अस्तित्व पर ही खतरा पैदा हो गया है। ऐसा लगता है कि सबके द्वारा आर्थिक वृद्धि की बेलगाम दौड़ से लोगों की प्रसन्नता घटती जा रही है। इसने ऐसी समस्यायें पैदा कर दी हैं जिनको पहले कभी मानवजाति ने नहीं देखा है। हम जानते हैं कि धरती के पास 7-9 बिलियन जनसंख्या के लिए काफी भौतिक संसाधन हैं। बिना किसी संदेह के आज दुनिया सबकी आवश्यकतायें पूरी करने के लिए काफी है, पर वह किसी का लालच पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है।

आर्थिक वृद्धि की अवधारणा उत्पादकता से पूरी तरह जुड़ी है क्योंकि उत्पादक कार्य से संपदा का सृजन होता है। लेकिन बिना सहायक परिस्थितिकी के कोई व्यक्ति उत्पादक नहीं रह सकता है। इसके साथ ही



किसी व्यक्ति से उत्पादक रहने की उम्मीद नहीं की जा सकती है यदि वह जीवन की आवश्यकताओं से वंचित हो जिसमें उपयुक्त भोजन व पोषण तथा आवास शामिल हैं। इक्कीसवीं शताब्दी की दुनिया में भी लगभग 200 मिलियन ऐसे लोग हैं जो इन जरूरी चीजों के अभाव में वंचना का जीवन जी रहे हैं। उन्नीसवीं व बीसवीं शताब्दी में व्याप्त संपदा की असमानता इक्कीसवीं शताब्दी में भी जारी है। आज भी विश्व जनसंख्या का 15 प्रतिशत विश्व संपदा के 80 प्रतिशत का स्वामी है या उसका उपभोग करता है। आमतौर से वृद्धि का अर्थ संपदा और बेहतरी तक पहुंच है। इस प्रकार ऐसी वृद्धि का अर्थ शुद्ध रूप से आर्थिक वृद्धि है। लेकिन इस तथ्य पर गौर करें कि इस ग्रह के पास सीमित संसाधन हैं, जबकि इसकी जनसंख्या कम होने के बजाय लगातार बढ़ रही है। इस प्रकार बिना मानवीय मूल्यों के वृद्धि एक प्रकार से विकृत वृद्धि या विशिष्ट वृद्धि है। मानव मूल्यों में मानवीयता, न्यायोचित कर्तव्य तथा पर्यावरण की शुद्धता बनाए रखना शामिल हैं। इन मूल्यों से अडिग जुड़ाव से समावेशी वृद्धि होती है तथा शांति व सद्भाव बना रहता है। पर्यावरण क्षरण का कारण बनने वाली वैज्ञानिक तकनीकों व तकनीकी प्रक्रियाओं से ऐसी वृद्धि होती है जिसके हानिकारक परिणाम सामने आते हैं। आध्यात्मिक मूल्यों से वंचित कार्य संस्कृति से लालच बढ़ने के कारण शोषण व लूट पैदा होती है। इससे कैंसर कोशिकाओं की तरह विकृत वृद्धि सामने आती है।

भौतिक प्रगति से मनुष्य के अत्यधिक लगाव के स्थान पर संतुलित प्रगति से लगाव पैदा होना चाहिए। इसके लिए भौतिक व आध्यात्मिक प्रगति को महत्व मिलना चाहिए जो न्याय व धर्म के सिद्धान्तों से संचालित हो। केवल ऐसी प्रगति से ही वृद्धि होती है तथा स्थायित्व बना रहता है। इससे मनुष्य द्वारा मनुष्य का निर्मम शोषण थमता है तथा असमानता एवं वंचना नहीं बढ़ती है। इससे सद्भावना, शांति व प्रसन्नता पैदा होती है जो जीवन का मूलाधार है। हमें निश्चित रूप से जीवन के ऐसे पैराडाइम विकसित करने चाहिए जो इस ग्रह पर रहने वाले मनुष्यों की संतुलित प्रगति सुनिश्चित कर सकें। ये पैराडाइम निश्चित रूप से मानवीय कार्य संस्कृति तथा पर्यावरण-हितैषी तकनीकों से निर्मित किए जा सकते हैं। इनका निर्माण भयंकर प्रतियोगिता के बजाय सहयोग से होगा। वे 'सरवाइवल आफ द फिटेस्ट' के बजाय सबके कल्याण पर आधारित होंगे। उनका आधार सच्चा ज्ञान, परिपक्वता तथा मानववाद होगा, केवल सकल संपदा की वृद्धि नहीं।

बेलगाम भौतिक प्रगति की दिशा में हमारी दौड़ ने परिस्थितिकीय व पर्यावरण संकट पैदा कर दिया है। हमारी अनेक तथाकथित वैज्ञानिक प्रक्रियायें आधे-अधूरे ज्ञान पर आधारित हैं क्योंकि हम उनके खतरनाक पार्श्व प्रभावों को नियंत्रित करने या उनका जवाब तलाशने में विफल रहे हैं। तेज औद्योगीकरण के भारी खामियाजे भुगतने पड़ रहे हैं। हमने धरती माता पर ठोस, द्रव व गैस प्रदूषकों का भारी बोझ लाद दिया है। इसके कारण हमारे सामने भयंकर समुद्री तूफान, सुनामी, सूखा, जंगलों में आग व बाढ़ जैसी आपदायें आ रही हैं। हमें समझना चाहिए कि ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन तथा समुद्रों के सतह में वृद्धि पर्यावरण क्षरण का नतीजा हैं जो आर्थिक वृद्धि की पागलपन भरी दौड़ के साथ ही हमारी अधकचरी, क्रूर व घटिया तकनीकों का नतीजा हैं। हमें अपनी सोच को प्रकृति तथा सद्भावपूर्ण अस्तित्व या धर्म से जोड़ना चाहिए। हमारे सृजनकर्ता ने हमें ऐसी वृद्धि का रास्ता दिखाया है जो प्रकृति के साथ सामंजस्य रखते हुए सबके कल्याण व टिकाऊ विकास की ओर लक्षित हो।

## आप की बात

### जी-20 का नया नेता

**भारत** दिसंबर 2022 से अधिकारिक तौर पर जी20 समूह का अध्यक्ष बन गया है,जो कि दुनिया का सबसे प्रभावशाली आर्थिक मंच है। यह अब यूरोपीय यूनियन सहित बीस देशों का प्रतिनिधित्व करेगा जो कि दुनिया की लगभग दो तिहाई जनसंख्या है। यह मौक़ा ना केवल भारत बल्कि अन्य छोटे देशों के लिए भी महत्वपूर्ण है जिन्हें विश्व के अन्य मंचों पर अपनी बात रखने का भरपूर मौक़ा नहीं मिल पाता एशिया ,अफ्रीका, व लैटिन अमेरिका के अन्य देश भारत पर अधिक भरोसा करते हैं क्योंकि भारत अपनी स्वतंत्र विदेश नीति के लिए जाना जाता है। ऐसे समय में जब एक तरफ़ रूस यूक्रेन युद्ध चल रहा है व दूसरी ओर अमेरिका चीन में भी तनाव है भारत तटस्थ रहकर सभी देशों को एक मेज़ पर ला सकता है। भारत ने पहले भी कोविड महामारी के दौरान विश्व के अनेक देशों को वैक्सीन भेजकर या कठिन समय में युद्ध ग्रस्त क्षेत्रों से अपने व अन्य देशों के नागरिकों को सकुशल निकाल कर अपनी नेतृत्व क्षमता व विश्व बंधुत्व का परिचय दिया है। आज जब बड़े मंच जैसे यूएनओ डब्लूटीओ आदि दुनिया में बढ़ते तनाव व आर्थिक मंदी को रोक पाने में विफल हो रहे हैं उसी समय भारत अपनी अर्थव्यवस्था को सफलतापूर्वक संभाले हुए हैं।

– **पुनीत अरोड़ा**, मेरठ

### नाराज हैं बिजली कम्पनी पेंशनर

**प्रशासनिक** हठधर्मिता के कारण विद्युत कंपनियों के पेंशनर्स को पिछली जुलाई 22 से छ: प्रतिशत और अभी अक्टूबर 22 से राज्य सरकार व्दारा घोषित पांच प्रतिशत महंगाई राहत के आदेश नहीं होने से विद्युत कंपनियों के पेंशनर्स में आक्रोश है जिसका असर आगामी चुनाव में विपरीत पड़ सकता है। अभी तक यह होता रहा है कि जैसे ही राज्य सरकार ने आदेश जारी किये तदनुसार पावर मेनेजमेंट कंपनी विद्युत पेंशनर्स को महनगाई राहत देने के आदेश जारी कर देती थी परंतु पिछली जुलाई से छ॰ प्रतिशत मंहगाई राहत के आदेश ही नहीं होने से विद्युत कंपनियों के पेंशनर्स वर्तमान में राज्य सरकार के पेंशनर्स से ग्यारह प्रतिशत कम मंहगाई राहत में पीछे है। म.प्र. विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन (इंटक) के रीजनल सेक्रेटरी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अवगत कराया है कि विद्युत पेंशनर्स को पेंशन और मंहगाई राहत का भुगतान टैरिफ दर से होता है इसलिए शासन पर कोई आर्थिक भार नहीं पड़ता है साथ ही वस्तुस्थिति शासन के समक्ष नहीं रखी जा रही है। प्रबंधन और सचिव स्तरीय तालमेल का खामियाजा विद्युत कंपनियों के पेंशनर्स उठा रहे हैं, इनको मंहगाई राहत का भुगतान 22 प्रतिशत ही मिल रहा है।

– **एन के यादव**, इंदौर


### इजरायली राजदूत ने मांगी माफी

**भारतीय** अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में इंटरनेशनल फिल्मों के जयुरी के प्रमुख नदव लेपिड ने जिस तरह से चर्चित फिल्म कश्मीर फाइल पर विवादित टिप्पणी की है उसे उनके ही देश के इजरायली राजदूत नाओर गिलोन ने कड़ी फटकार लगाते हुए कहा है कि वे भारत से माफी मांगे कारण आज भारत एवं इजरायल के मैत्रीपूर्ण रिश्तों पर किसी तरह का कोई प्रतिकूल असर ना पड़े इसके लिए इजरायली राजदूत आज काफी सतर्क हैं एवं इसी मुद्दे के मद्देनजर उन्होंने न केवल लेपिड के बिगडे बोलों को खारिज कर दिया बल्कि उन्हें इसके लिए भारत देश से माफी मांगने के लिए भी कहा है इजरायली राजदूत ने तो यह भी कहा है कि लेपिड ने भारतीय संस्कृति का भी अपमान किया है कारण अतिथि देवो भव के हिसाब से तो भारत ने उन्हें काफी सम्मानजनक तरीके से अपने यहां बुलाया था अत: उन्हें इस परंपरा का सम्मान करना था लेकिन उन्होंने इस परंपरा का अपमान किया है अत: उनके इन बिगडे बयानों के लिए आज अब उन्हें भी सब के द्वारा अपमानित किया जा रहा है जो कि इजराइल का भी अपमान है।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



"**केजरीवाल** ने सत्येंद्र जैन के लिए भारत रत्न की मांग की थी। हमें उनको 'घोटाला व मसाज रत्न' देना चाहिए।

– **शिवराज सिंह चौहान**
मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री



**भगवा** पार्टी 'वीडियो बनाने वाली कंपनी' है। भाजपा द्वारा आप नेताओं के स्टिंग वीडियो 'आश्चर्यजनक व उबाऊ फिल्में' हैं।

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री



**यह** भाजपा का षडयंत्र है। वह अक्सर कांग्रेस की बैठकों में समस्या पैदा करने का प्रयास करती है।

– **अशोक गहलोत**
राजस्थान के मुख्यमंत्री"

# जिप के 24, ब्लॉक समिति के 193 सहित 318 सरपंचों व 3492 पंचों ने ली शपथ

रणबीर सिंह रोहिल्ला। सोनीपत

## अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी ने 24 जिला पार्षदों को लघु सचिवालय में दिलाई पद की शपथ

## देश की एकता व अखंडता में पंचायतों का होता का अहम रोल : मुख्यमंत्री मनोहर लाल



सरपंच-पंच शपथ समारोह में शपथ लेती नवनियुक्त सदस्य।

**जिला** में पंचायती राज संस्थाओं के नवनियुक्त 24 जिला परिषद, 193 ब्लॉक समिति सदस्यों सहित 318 सरपंचों तथा 3492 पंचों का शनिवार को शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें सभी नव-निर्वाचित सदस्यों को उनके पद की शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम के तहत पंचों व सरपंचों को गांवों, ब्लॉक समिति सदस्यों को ब्लॉक तथा जिला परिषद के सदस्यों को जिला स्तर पर उनके पद की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान चंडीगढ़ से सीधे प्रसारण माध्यम से हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर व विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने सभी जनप्रतिनधियों को बधाई देते हुए उन्हें ग्रामीण विकास में अग्रणी भूमिका निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के सभी जन प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि लोकतंत्र में पंचायती राज संस्थाओं का महत्वपूर्ण स्थान है। पंचायतों की गौरवशाली परम्परा रही है, देश की एकता व अखंडता में इन पंचायतों का अहम रोल है। पंच को परमेश्वर का दर्जा दिया गया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में पंचायती राज संस्थाओं के तीन चरणों में शांतिपूर्णरूप से चुनाव संपन्न हुए। नागरिकों को तीन चरणों में दो-दो दिन मतदान का मौका दिया गया। पहले दिन जिला परिषद व ब्लॉक समिति सदस्य तथा दूसरे दिन पंच व सरपंचों का चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। उन्होंने कहा कि 71 हजार 696 जन प्रतिनिधि चुनकर आए हैं, उनमें से 40500 निर्विरोध चुने गए हैं, जो लोकतंत्र में सहमति को मजबूती प्रदान करते हैं। प्रदेश में 1770 पंचायती राज संस्थाओं के पद खाली रह गए है, इनका भविष्य में चुनाव करवाया जाएगा।

मुख्यमंत्री खट्टर ने ग्राम पंचायतों को गांव की सरकार बताते हुए कहा कि ये ग्रामीण विकास की धुरी है। उन्होंने दोहराया कि शहरों की तर्ज पर गांवों का चहुंमुखी विकास करवाया जाएगा। स्वच्छ छवि व पढ़ी लिखी पंचायतें चुनकर आई हैं, जो विकास में भागीदार बनेगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और पढ़ी लिखी पंचायतों को चुनने के लिए उनकी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई लड़ी और सुप्रीम कोर्ट ने भी अन्य राज्यों को निर्देश दिए कि हरियाणा प्रदेश की तरह पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में जन प्रतिनिधियों के पढ़ाई का संसोधन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने महिलाओं को 50 प्रतिशत और पिछड़ा वर्ग-ए को आठ प्रतिशत आरक्षण देकर उनको हक प्रदान किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों के विकास के लिए अनेक योजनाएं लागू कर रही हैं। पंचायतों को स्टॉम्प ड्यूटी और बिजली बिल पर सेस लगाकर उनको वित्तीय रूप से मजबूत बना रही है। उन्होंने कहा कि जिन गांवों में सर्वसम्मति से पंचायत बनी है उनको 11 लाख रुपये, सर्वसम्मति वाले पंचों को 50 हजार रुपये, जिला परिषद को पांच लाख रुपये व ब्लॉक समिति सदस्यों को दो लाख रुपये दिए जाएंगे। इस वर्ष 300 करोड़ रुपये इस योजना के तहत दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने सभी जन प्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे सबका साथ-सबका विकास के नारे को चरितार्थ करते हुए सभी वर्गों के कल्याण के लिए काम करें। रोटी, कपड़ा और मकान तथा शिक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान सबको मिले, इसके लिए जन प्रतिनिधि काम करें।

शपथ ग्रहण समारोह के अंतगर्त जिला परिषद सदस्यों को लघु सचिवालय के तृतीय तल स्थित कांफ्रेंस हॉल में अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी ने पद की शपथ दिलाई और गन्नौर खण्ड पर एसडीएम गन्नौर सुरेन्द्र दून, गोहाना व मुण्डलाना खण्ड पर एसडीएम गोहाना आशीष कुमार, कथूरा खण्ड पर बीडीपीओ गन्नौर अंकिता वर्मा, खरखौदा खण्ड पर एसडीएम खरखौदा ज्योति मित्तल, मुरथल खण्ड पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. सुशील, राई खण्ड पर एमडी शुगर मिल सोनीपत अनुपमा मलिक तथा सोनीपत खण्ड पर नगराधीश डॉ. अनमोल पंचायत समिति के सदस्यों को शपथ दिलवाई।

### गांवों के चहुंमुखी विकास को काम करें : मंत्री बबली

**कार्यक्रम** को संबोधित करते हुए विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने सभी जन प्रतिनिधियों को जीत की बधाई दी और कहा कि वे गांवों के चहुंमुखी विकास के लिए काम करें। सरकारी योजनाओं व विकास को कराने के साथ-साथ राष्ट्रीय भावना के कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार ने ग्रामीण विकास में नारी शक्ति को ज्यादा महत्व दिया है और 50 प्रतिशत हिस्सेदारी देकर उसे बराबर का दर्जा दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व वाली सरकार जिस प्रकार भ्रष्टाचार के मामले में जीरो टॉलरेंस नीति अपनाए हुए है, जन प्रतिनिधि भी अपने क्षेत्र में इस नीति पर चलकर काम करें। देवेंद्र सिंह बबली ने ग्राम पंचायतों को छोटी सरकार की संज्ञा देते हुए कहा कि ग्रामीण विकास में छोटी सरकार का बड़ा महत्व है। गांवों के चहुंमुखी विकास के लिए जन प्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र में विस्तृत योजनाएं बनाकर गांवों का विकास कराएं, सरकार उन्हें हरसंभव वित्तीय सहायता उपलब्ध कराएंगी। उन्होंने कहा कि जन प्रतिनिधियों का एक तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर विभाग द्वारा कराया जाएगा, जिसमें उन्हें विभागीय नीतियों, पंचायती राज एक्ट व वित्तीय शक्तियों व कार्यों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## संक्षिप्त-समाचार

### खाद्य, आपूर्ति विभाग के स्टॉल पर मिल रही है जानकारी



**कुरुक्षेत्र।** अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव पर पुरुषोतमपुरा बाग स्थित सरकारी विभागों की प्रदर्शनी में खाद्य, आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के स्टॉल पर पर्यटकों को सरकारी राशन व राशन कार्ड से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध काराई जा रही है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष आजादी के अमृतोत्सव के अन्तर्गत मनाए जा रहे गीता उत्सव पर लगाई गई सरकारी विभागों की प्रदर्शनी में जन-समूह सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन-हितैषी योजनाओं के प्रति गहरी रूचि दिखा रहा है। इस प्रदर्शनी में लगाए गये खाद्य विभाग के स्टॉल पर जन-साधारण को बीपीएल व अन्त्योदय योजना सहित अन्य योजनाओं सम्बंधित जानकारी दी जा रही है। इसके अतिरिक्त लोगों को परिवार पहचान पत्र आधारित नये राशन कार्ड बनवाने की प्रक्रिया बारे भी जागरूक किया जा रहा है। सहायक खाद्य व आपूर्ति अधिकारी अनिल वर्मा ने बताया कि खाद्य व आपूर्ति नियंत्रक सुरेन्द्र सैनी के मार्गदर्शन में स्टॉल में खाद्य विभाग की योजनाओं से सम्बंधित जानकारियों के लिखित बोर्ड लगाए गए हैं। इन पर प्रदर्शित मुफ्त राशन व उज्ज्वला योजना से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारी हासिल कर जनता हरियाणा सरकार व खाद्य विभाग के प्रति अपना आभार प्रकट करती हैं। अनिल वर्मा ने बताया कि स्टॉल पर जरूरतमंद जिज्ञासु लोगों को राशन कार्ड बनवाने से संबंधित उचित मार्ग-दर्शन दिया जा रहा है। स्टॉल पर उपस्थित विभागीय अधिकारी अनिल वर्मा, प्रवीन कुमार, डा. प्रदीप, शशांक, मन्जू, कविता, शैलेन्द्र सिंह, राघव शर्मा, रोहित, अजीत सिंह, सुरेन्द्र कुमार, काकाराम व विनोद पूरी निष्ठा से जानकारी आमजन को उपलब्ध करा रहे हैं।

### वात्सल्य वाटिका प्राथमिक पाठशाला में हवन यज्ञ आज

**कुरुक्षेत्र।** वात्सल्य वाटिका प्राथमिक पाठशाला ब्रह्मा कालोनी में हवन यज्ञ और दीपोत्सव कार्यक्रम रखा गया। वात्सल्य वाटिका कुरुक्षेत्र प्रधानाचार्य गौरव चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के पावन अवसर पर चार दिसंबर रविवार को सुबह 8 बजे वाटिका में हवन यज्ञ रखा है। शाम चार बजे सन्निहित सरोवर पर पर 3100 दीये प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। आप सभी परिवार सादर आमंत्रित हैं। आप सभी दोनों कार्यक्रमों में आकर वाटिका के बच्चों और प्रतिनिधियों का उत्साह वर्धन वह शोभा बढ़ाएं। वात्सल्य वाटिका संस्थापक व संचालक परम पूज्य स्वामी हरिओम दास परिव्राजक, प्रधानाचार्य गौरव चौधरी, विद्यालय आचार्या परिवार विजय लक्ष्मी, शिवानी शर्मा, पूनम सलूजा, परविंदर कौर और सेविका कर्मचारी रेनू यादव मौजूद रहे।

### हर वार्ड में बनाए जाएंगे आयुष्मान कार्ड - मदन चौहान

**यमुनानगर।** दिव्यांग एकता समिति की ओर से अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर अंबेडकर भवन में जरूरतमंद दिव्यांगों को व्हील चेयर, ट्राई साइकिल व बैसाखियां बांटी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर निगम मेयर मदन चौहान ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। उन्होंने जरूरतमंद दिव्यांगों को व्हील चेयर, ट्राई साइकिल व बैसाखियां वितरित कीं। समिति की प्रधान गुरमीत कौर ने मुख्य अतिथि मेयर चौहान को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मेयर मदन चौहान ने समिति के इस कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि दिव्यांग लोगों की सहायता के लिए सरकार द्वारा अनेक योजनाएं चलाई गई है। सरकारी नौकरियों में भी इन्हें आरक्षण दिया जाता है। दिव्यांग एकता समिति द्वारा अपने इन लोगों के लिए आयोजित किया गया यह सामाजिक कार्यक्रम में बहुत ही सराहनीय है। दिव्यांग भाई बहनों को चलने फिर के लिए व्हील चेयर, ट्राई साइकिल व बैशाखियों की सहायता देकर समिति ने बड़ा अच्छा काम किया है। समिति की प्रधान गुरमीत खुद दिव्यांग होकर जरूरतमंद दिव्यांगों को सहारा बनी हुई है। सभी दिव्यांगों को इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। मौके पर समिति के उप प्रधान महेंद्र चौहान, महासचिव गुलशन अरोड़ा, पर्यावरण फाउंडेशन के चिराग सिंगल, बलवंत सिंह आदि मौजूद रहे।

### भारतीय शिक्षा विमर्श स्थापित करना हमारा उद्देश्य : रवि



**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती हरियाणा हिंदू शिक्षा समिति के तत्वावधान में गीता निकेतन विद्या मंदिर सेक्टर -3 में दो दिवसीय प्रांतीय प्रचार प्रसार विभाग कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें प्रांत भर के विद्यालयों से प्रचार प्रमुख की उपस्थित रहे जिसका उद्देश्य आचार्यों के कौशल को बढ़ाना एवं समाज में सही जानकारी भेजना, गलत आख्यान से स्वयं सचेत रहना था। उद्घाटन सत्र में विद्या भारती के संगठन मंत्री रवि का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। देश को स्वतंत्र करने के लिए जितने भी प्रयास हुए उन सब का सार विद्या भारती के विद्यालय हैं। विद्या भारती का उद्देश्य है, भारतीय शिक्षा का विमर्श स्थापित करना। कार्यशाला में जिला प्रचार प्रमुख सुनील भट्ट का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि भारतीय ज्ञान परंपरा को समझने के लिए भारतीय भूगोल को समझना परम आवश्यक है। हमने संघर्ष किया है। हमारा देश हमेशा से पूर्ण विकसित था। हमें प्रत्येक कार्य आनंद व जिम्मेदारी के साथ करना चाहिए। कार्य को सिर्फ कार्य समझकर ना करें अनुभूति के साथ करें। हमारी सोच हमेशा सकारात्मक होनी चाहिए। चतुर्थ सत्र में प्रदीप राय का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। जिन्होंने हमें समाचार शब्द के महत्व के बारे में बताया कि समाचार शब्द का अर्थ है सूचना जाएं सम आचरण के साथ। इसके अतिरिक्त राम कुमार जटाशंकर त्रिपाठी, संजय, विद्यालय प्रधानाचार्य सुमित कुमार उपस्थित रहे।

# छोटी सरकार के सदस्यों ने ली गोपनीयता की शपथ



शपथ ग्रहण करते नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्य।

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा विधानसभा सत्र की तरह अब जिला परिषद वार्डों, पंचायत समिति वार्डों में एक या दो दिन का सेशन बुलाया जाएगा। इस सेशन में गांव की छोटी सरकार ग्रामीण क्षेत्र के विकास, लोगों के मुद्दों और समस्याओं को रखेंगे।

इस सेशन में लोगों की बात को तवज्जो देकर गांव के विकास की एक नई तस्वीर तैयार की जाएगी। इस विषय को जिला परिषद, पंचायत समिति, सरपंचों और पंचों के समक्ष रखा गया है। पहली बार विधानसभा की तर्ज पर जिला परिषद वार्डों के एक-एक सदस्य को शपथ दिलाई। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने जिला परिषद के नवनिर्वाचित 17 सदस्यों को संविधान गोपनीयता की शपथ दिलाई, जिसमें वार्ड नंबर 1 से कंवरपाल सिसोदिया, वार्ड नंबर 2 से रमेश कुमार, वार्ड नंबर 3 से पिंकी, वार्ड नंबर 4 से सुखविंदर कौर, वार्ड नंबर 5 से सुखविंद्र सिंह, वार्ड नंबर 6 से रविंद्र कौर, वार्ड नंबर 7 से जसबीर पंजेटा, वार्ड नंबर 8 से डिम्पल, वार्ड नंबर 9 राजिंद्र सिंह, वार्ड नंबर 10 से कुसुमलता, वार्ड नंबर 11 से धर्मपाल चौधरी, वार्ड नंबर 12 से सुरेश कुमार, वार्ड नंबर 13 से रेखा देवी, वार्ड नंबर 14 सचिन कुमार, वार्ड नंबर 15 से कवंलजीत कौर, वार्ड नंबर 16 से पूनम देवी, वार्ड नंबर 17 से अमरीक सिंह शामिल है।

# नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने ली गोपनीयता की शपथ





शाहाबाद बीडीओ कार्यालय में पंचायत समिति सदस्यों की बैठक लेते एसडीएम। गांव रावा में शपथ लेती सरपंच।

## पंचायत समिति सदस्यों को एसडीएम और पंच -सरपंचों को ग्राम संरक्षकों और पीजीटी अध्यापकों ने दिलाई शपथ

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र/शाहाबाद

**शनिवार** को 76 नवनिर्वाचित सरपंचों और 620 नवनिर्वाचित पंचों ने ग्रामीण सरकारी स्कूलों में गोपीनता की शपथ ली।

हर गांव में शपथ ग्रहण समारोह के दौरान जहां ग्रामीणों की भीड़ देखने को मिली, वही आपसी भाईचारा भी नजर आया। अधिकतर गांवों में पूर्व सरपंच और पंच भी शपथ ग्रहण समारोह में नजर आए। 36 ग्राम संरक्षकों और 40 पीजीटी अध्यापकों ने विधिवत रूप से सरपंचों और पंचों को गोपीनता की शपथ दिलाई। गांवों में सबसे पहले मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री का संबोधन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा ग्रामीणों तक पहुंचा और उसके बाद शपथ दिलाई गई।

### पंचायत समिति सदस्यों ने शाहाबाद में ली शपथ

**ब्लॉक** के 23 पंचायत समिति सदस्यों ने बीडीओ कार्यालय में शपथ दी। उन्हें एसडीएम कपिल शर्मा ने शपथ दिलवाई। सुबह 10-30 बजे बीडीओ कार्यालय में ब्लॉक के पंचायत समिति सदस्यों से एसडीएम ने बैठक की। उसके बाद वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री का संबोधन पंचायत समिति सदस्यों तक पहुंचाया गया। एसडीएम ने सभी नवनिर्वाचित पंचायत समिति सदस्यों के अधिकार और उनके दायित्व की जानकारी दी। एसडीएम ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद नवनिर्वाचित पंचायत समिति सदस्यों का पहला कर्तव्य बनता है कि अब बिना भेदभाव के समुचित गांव का विकास कराएं, ताकि लोगों को एक अच्छा संदेश दे सकें। उन्होंने कहा कि सभी पंचायत समिति सदस्य सबसे पहले गांव की मूलभूत सुविधाओं पर फोकस करें जिनमें गांव की सड़कें, गलियां, नालियां, गंदे पानी की निकासी, स्ट्रीट लाइट, पेयजल आदि को प्रमुखता से दुरुस्त करें। इस मौके ग्राम सचिव रविंदर, जेई प्रदीप कुमार, पटवारी नितिन, ग्राम सचिव नरेश और डीईओ अशोक कुमार मौजूद रहे।

# जात-पात का भेदभाव छोड़कर समाज एक सूत्र में बंधे

## मीरा चली सतगुरु के धाम यात्रा का ग्रामीणों ने किया पुष्पवर्षा कर किया अभिनंदन

पायनियर समाचार सेवा। यमुनानगर



प्रतापनगर पहुंचने पर यात्रा पर स्वागत करते लोग।

**मीराबाई** की जन्म स्थली मेड़ता (राजस्थान) से चलकर विभिन्न प्रांतों से होती हुई मीरा चली सतगुरु के धाम सर्व समाज बंधुत्व यात्रा शनिवार को प्रतापनगर पहुंची। प्रताप नगर पहुंचने पर बंधुत्व यात्रा का भव्य स्वागत किया गया।

बस स्टैंड पर बैंड बाजे और ढोल के साथ संत पुरुषोत्तम, संत हरिनारायण, बाबा भल्ला सिंह जेठूवाल, संत माधवानंद, संत महेश आश्रम महाराज, व अन्य संतों का भगवी पगड़ी पहनाकर व पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। यात्रा में सैकड़ों महिलाएं सिर पर कलश लेकर और करीब 120 बाइक सवार शामिल हुए। इसके बाद सर्व समाज बंधुत्व यात्रा आयोजन समिति एवं सामाजिक समरसता मंच प्रतापनगर की ओर से यात्रा के सम्मान में स्वागत समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के हजारों लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पहुंचे हजारों भाई-बहनों को संबोधित करते हुए संत गुरविंदर सिंह महाराज ने कहा कि हमारा समाज आज भी जात पति के नाम पर आपस में लड़ रहे हैं। जबकि भगवान ने कोई भेदभाव पैदा नहीं किया। भारत का भाग्य उदय करना है तो जात-पात का भेदभाव छोड़कर सभी समाज एक सूत्र में बंधें।

कार्यक्रम के दौरान फगवाड़ा चक्क हकीम सतगुरु रविदास मंदिर देहरा के महंत पुरुषोत्तम लाल, जालंधर के निर्मल अखाड़ा हजारा से महंत गुरविंद्र सिंह, हरिद्वार के पंचायती आखाड़ा कनखल से स्वामी हरिनारायण, बंगा से स्वामी माधवानंद, जेठूवाल से बाबा फल्ला सिंह, बाबा सरबजीत सिंह, मोहनीयां कहारा से बाबा परमजीत सिंह, जेठूवाल से बाबा सुखदेव सिंह, मानसा से सरदार जरनैल सिंह फरवाई आदि ने अपने प्रवचनों से समाज को एकता व भाईचारे का संदेश दिया। इससे पूर्व यात्रा जगाधरी, छछरौली व विभिन्न स्थानों से होती हुई प्रतापनगर पहुंची। बंधुत्व यात्रा के प्रांत सह संयोजक सुरेंद्र एडवोकेट ने बताया कि यात्रा चार नवंबर से मीरा बाई की जन्म स्थली मेड़ता से चलकर राजस्थान, पंजाब, हिमाचल व हरियाणा के विभिन्न प्रांतों से होती हुई यहां पहुंची है। रविवार को कपाल मोचन में यात्रा का भव्य समापन समारोह के साथ समापन होगा। मौके पर क्षेत्रीय प्रचारक प्रमोद, जसपाल सिंह खीवा, नरेश कुमार, ज्ञान, सुरेंद्र, विक्रम बाजवा, केशव, नरेश, विकास आदि मौजूद रहे।

# गांव कलसानी में गतका खेल नर्सरी का किया उद्घाटन

## गतका खेल को बढ़ावा देने का प्रयास सराहनीय अजराना

**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** कुरुक्षेत्र जिले में गतका खेल को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा गांव कलसानी में गतका खेल नर्सरी का उद्घाटन किया गया।

खालसा गतका अकादमी के अध्यक्ष सुखचैन सिंह कलसानी ने बताया कि इस गतका खेल नर्सरी में 25 बच्चों को प्रशिक्षित किया जाएगा और इन सभी खिलाड़ियों को हरियाणा सरकार द्वारा 2000 रुपये प्रति माह वाजिफे के तौर पर भी दिए जाएंगे। हरियाणा सिख परिवार के प्रदेशाध्यक्ष कवलजीत सिंह अजराना ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद करते हुए बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा खेलो इंडिया गेम्स के बाद निरंतर गतका खेल को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है, जिसके तहत पिछले दिनों कुरुक्षेत्र के गांव कलसानी की भांति जिला पंचकूला, यमुनानगर और फतेहाबाद में गतका खेल नर्सरियों का उदघाटन किया गया है।

**नवनियुक्त मेंबर ने भी किया स्वागत :** हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी की नवनियुक्त मेंबर रविंदर कौर ने भी मुख्यमंत्री हरियाणा और खेल मंत्री संदीप सिंह का धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि गांव कलसानी में कोच जशनप्रीत सिंह और खालसा गतका अकादमी के प्रधान सुखचैन सिंह कलसानी के नेतृत्व में खिलाड़ी गतका खेल की कोचिंग ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि अब जमीनी स्तर पर खिलाड़ियों को तैयार किया जा

# पेट्रोनास लुब्रिकेन्ट्स इंडिया ने बॉलीवुड रैपर किंग के साथ लॉन्च किया राइडर एंथम 2.0

पायनियर समाचार सेवा। हिसार

**पेट्रोनास** लुब्रिकेन्ट्स (इंडिया) प्रा. लिमिटेड की ओर से प्रीमियम मोटरसाइकल ऑयल ब्राण्ड पेट्रोनास स्प्रिंटा ने भारत के सबसे बड़े बाइकिंग फेस्टिवल- इंडिया बाइक वीक के दौरान राइडर एंथम 2.0 का लॉन्च किया, इस फेस्टिवल का आयोजन वेगेटर गोवा में 2 और 3 दिसम्बर 2022 को किया गया था। बाइकिंग समुदाय के बीच जोश, उत्साह और भाईचारे के प्रतीक इस कार्यक्रम में देश भर से लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और दो दिनों के दौरान ढेरों गतिविधियों का जमकर लुत्फ उठाया।

राइडर एंथम 2.0 एक आकर्षक गीत है जिसे बॉलीवुड रैपर किंग ने कम्पोज किया और गाया है, यह 'पावर अप विद पेट्रोनास स्प्रिंटा की थीम पर आधारित है। पिछले साल राइडर एंथम के पहले संस्करण में



बॉलीवुड गायक अर्जुन कानूनगो ने धूम मचा दी थी और उम्मीद है कि रैप का यह संस्करण निश्चित रूप से बाइकिंग समुदाय के उत्साह को नए स्तर तक ले जाएगा।

इस अवसर पर प्रणव भानागे, सीईओ- पेट्रोनास लुब्रिकेन्ट्स इंडिया ने कहा, हमें खुशी है कि पिछले दो सालों से हमने इंडिया बाईक वीक के साथ साझेदारी की है। गोवा में बाइकिंग समुदाय का जोश अपने चरम पर है। आईबीडब्ल्यू के साथ इस साझेदारी को लेकर हम बेहद उत्सुक हैं और उम्मीद करते हैं कि आने वाले समय में भी हम भारत में बाइकिंग की संस्कृति के विकास में उल्लेखनीय योगदान देते रहेंगे। राइडर एंथम, बाइकिंग समुदाय की भावना को सलाम करने का हमारा एक अनूठा तरीका है।

आईबीडब्ल्यू फेस्टिवल के साथ साझेदारी के दायरे से बाहर जाकर पेट्रोनास इंडिया 30 शहरों में आईबीडब्ल्यू की चाय एण्ड पकौड़ा ब्रेकफास्ट राइड्स का प्रेजेन्टिंग स्पॉन्सर भी है, जिसकी शुरुआत सितम्बर 2022 में हुई थी।

इसी बीच, दो दिवसीय आयोजन में हिस्सा लेने वाले सैंकड़ों बाइकर्स को पेट्रोनास स्प्रिंटा द्वारा आयोजित विशेष प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर भी मिला। प्रतियोगिता के दौरान उन्हें एक मोटरबाइक का भव्य पुरस्कार एवं अन्य एक्सक्लुजिव मर्चेन्डाइज जीतने का मौका भी मिला।

# वी ने एक्सक्लुजिव रूप से वी ऐप पर लॉन्च किया लूडो टूर्नामेन्ट- 'लूडो खेलो लंदन जाओ'

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम / हिसार

**जाने-माने** दूरसंचारसेवा प्रदाता वी ने ऑनलाइन गेमर्स, खासतौर पर कैजुअल गेमर्स के लिए आकर्षक ऑफर की घोषणा की है। वी अपने उपभोक्ताओं को वी ऐप के वी गेम्स प्लेटफॉर्म पर 'एक्सप्रेस लूडो टूर्नामेन्ट' खेलने के लिए आमंत्रित कर रहा है, जिसमें जीतने वाले दो विजेताओं को लंदन ट्रिप पर जाने का मौका मिलेगा। टूर्नामेन्ट की शुरुआत 30 नवंबर से हुई और यह 15 दिसंबर 2022 तक जारी रहेगा।

रोजाना एक्सप्रेस लूडो टूर्नामेन्ट जीतने वाले विजेता अपनी रैंकिंग के आधार पर टिकट्स जीत सकते हैं। गेमर्स टूर्नामेन्ट में जितना ज़्यादा खेलेंगे और जितने ज्यादा टिकट हासिल करेंगे, उतना ही लंदन ट्रिप जीतने की संभावना बढ़ जाएगी। इस ट्रिप में उन्हें दो लोगों के लिए फ्लाइट टिकट और स्टे का खर्च दिया जाएगा। विजेताओं के नाम और तस्वीरों को वी सोशल मीडिया पेज पर साझा किया जाएगा।

इसके अलावा, वी पिछले कुछ सप्ताहों से वी ऐप पर वी गेम्स के तहत तम्बोला नाइट्स का संचालन भी कर रहा है, जहां रोजाना शाम आठ बजे से हर 30 मिनट पर एक तम्बोला गेम शुरू होता है, यह सिलसिला मध्यरात्रि तक जारी रहता है। इसके साथ, वी ने अपने यूजर्स को तम्बोला का वास्तविक अनुभव प्रदान करने प्रयास किया है। वी के यूजर टिकट के लिए बिना कोई कीमत चुकाए तम्बोला खेल सकते हैं और फुल हाउस या एक लाईन या अर्ली पांच के लिए कैश वाउचर जीतने का मौका पा सकते हैं।

वी ऐप पर वी गेम्स, 1200 से अधिक एंड्रोइड एवं एचटीएमएल5 आधारित गेम्स के साथ गेमिंग का शानदार अनुभव प्रदान करता है जिसमें 10 लोकप्रिय श्रेणियों जैसे- एक्शन, एडवेंचर, आर्केड, कैजुअल, एजुकेशन, फन, पल, रेसिंग, स्पोर्ट्स और स्ट्रैटेजी - में गेम्स उपलब्ध हैं।

# वी बिजनेस ने पेश किया- 'वी सिक्योर'- उद्यमों के लिए व्यापक साइबर सिक्योरिटी पोर्टफोलियो

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम / हिसार

**तेजी** से विकसित होते डिजिटल दौर में, जहां कार्यबल क्लाउड की ओर रुख कर रहे हैं, इंडस्ट्री 4.0 के चलते ऑटोमेशन में बदलाव आ रहे हैं, डिजिटल कार्यबल की संख्या तेजी से बढ़ रही है, इस बीच कारोबार भी साइबर खतरों एवं हमलों के लिए संवेदनशील बन गए हैं। खासतौर पर एमएसएमई (लघु एवं मध्यम उद्योग) पर साइबर खतरे का जोखिम सबसे अधिक है, वे इस बारे में जागरूक नहीं हैं, साथ ही उनके पास इस तरह के खतरे का सामना करने के लिए उचित तैयारी एवं संसाधनों की भी कमी है। उद्यमों एवं उपभोक्ताओं को सुरक्षित रखने के लिए सुरक्षा समाधानों का व्यापक सेट समय की मांग है।

इसी जरूरत को पूरा करने के लिए जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वोडाफोन आइडिया लिमिटेड की एंटरप्राइज शाखा वी बिजनेस ने आज भरोसेमंद समाधानों की व्यापक रेंज से युक्त साइबरसिक्योरिटी पोर्टफोलियो- वी सिक्योर के लॉन्च की घोषणा की है जो नेटवर्क, क्लाउड एवं पॉइन्ट्स में उत्पन्न होने वाले विभिन्न प्रकार के खतरों से भरोसेमंद सुरक्षा प्रदान करता है।

अरविंद नेवातिया, चीफ एंटरप्राइज बिजनेस ऑफिसर, वी ने कहा, ''खासतौर पर आज के डिजिटल दौर में किसी भी कारोबार के लिए, सशक्त साइबर सुरक्षा प्रणाली को अपनाना बहुत जरूरी है। साइबर खतरों की बढती संख्या एवं पैमाने को देखते हुए संगठनों को ऐसे सुरक्षा समाधानों की जरूरत है जो उनकी सम्पत्तियों के साथ-साथ अंतिम उपयोगकर्ता की गोपनीयता को भी सुरक्षित रख सकें। वी नेटवर्क की सुरक्षा विशेषज्ञता का उपयोग करते हुए अग्रणी सुरक्षा प्रदाताओं के साथ साझेदारी में हमारे समाधानों को इस तरह से तैयार किया गया है कि वे एंटरप्राइज उपभोक्ताओं को उद्योग जगत की सर्वश्रेष्ठ सुविधाएं उपलब्ध कराएं जो आज एवं आने वाले कल में उनकी साइबर सुरक्षा संबंधी सभी जरूरतों को पूरा कर सकें।'

साइबर सुरक्षा की सभी जरूरतों के लिए वन-स्टॉप समाधान के रूप में वी बिजनेस, फर्स्टवेव क्लाउड टेक्नोलॉजी (पावर्ड बाय सिस्को) और ट्रैंड माइक्रो के साथ साझेदारी में कई नई सुरक्षा समाधान लेकर आया है जैसे वेब सिक्योरिटी, ईमेल सिक्योरिटी एवं मैक्सिमम डिवाइस सिक्योरिटी समाधान। यह कई अन्य समाधानों के साथ भी आता है जैसे फोर्टीनेट आईबीएम एवं नेटस्काउट आरबोर के साथ साझेदारी में क्लाउड फायरवॉल, मैनेज्ड सिक्योरिटी सर्विसेज, सिक्योर डिवाइस मैनेजर और मैनेज्ड डीडीओएस समाधान।

एमएसएमई यानि लघु एवं मध्यम उद्योग देश के जीडीपी में 30 फीसदी योगदान देते हैं, इसके बावजूद वे डिजिटल तकनीकों एवं प्लेटफॉर्म्स को अपनाने के लिए तैयार नहीं हैं और अपने संचालन को साइबर खतरों से सुरक्षित रखने के लिए सुरक्षा के उचित उपायों को लागू नहीं कर पा रहे हैं।

# ब्रह्मसरोवर के पवित्र घाट बने कला और संस्कृति के अद्भुत संगम स्थल

## शिल्प और सरस मेले में जमकर हो रही है खरीदारी, छह दिसंबर तक चलेगा शिल्प और सरस मेला

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र,

**अंतरराष्ट्रीय** गीता महोत्सव के पावन पर्व पर पवित्र ब्रह्मसरोवर के घाट कला और संस्कृति के अद्भुत संगम स्थल बन गए हैं। इस दृश्य का आनंद लेने और अपने मोबाइल में कैद करने के लिए देश और प्रदेश के कोने-कोने से श्रद्धालु और पर्यटक बड़े उत्साह के साथ पहुंच रहे हैं। इन पर्यटकों का उत्साह उस समय झलकता है जब विभिन्न प्रदेशों के वाद्य यंत्रों और लोक नृत्यों के साथ पर्यटक झूम उठते हैं। अहम पहलू यह है कि हरियाणा पैवेलियन में हरियाणा की ऐतिहासिक धरोहर संजोए बेजोड़ नमूने, हरियाणा की आन-बान-शान देहाती पगड़ी, हरियाणा के पारम्परिक व्यंजन, देशी ठाठ-बाट, रहन-सहन, खेत-खलिहान, मध्य प्रदेश के पवेलियन में झलकती सांस्कृतिक धरोहर इस महोत्सव के आनंद को ओर बढ़ाने का काम कर रही है।


महोत्सव के 15वें दिन सरस और शिल्प मेले का आनंद लेने और खरीदारी करने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक ब्रह्मसरोवर के घाटों पर नजर आए। यह महोत्सव चरम सीमा पर पहुंच चुका है और आने वाले दिनों में भी लाखों लोगों के पहुंचने की सम्भावना है। इस महोत्सव में लगातार बढ़ रही भीड़ से यह आकलन किया जा सकता है कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव प्रदेश ही नहीं देश वासियों का एक विशेष उत्सव बन चुका है और इस उत्सव में अपनी भागीदारी और मौजूदगी को दर्ज करवाने के लिए देश-विदेश से लोग ब्रह्मसरोवर के तट पर पहुंच रहे हैं। विभिन्न प्रदेशों की लोक और शिल्प कलाओं को देखकर ऐसा मालूम होता है कि इन कलाओं का यह संगम पर्यटकों को अपनी ओर चुम्बक की तरह खींच रहा है। शिल्प और सरस मेले का आनंद लेने के उपरांत विभिन्न प्रदेशों के व्यंजन जिनमें राजस्थान के चूरमे, कश्मीर का काहवा व चाय, गोहाना की जलेबी, छोले-भटूरे, पाव-भाजी आदि, पर्यटकों के जीभ के स्वाद को भी बढ़ा रहे है।

इस महोत्सव में पर्यटकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और पर्यटक लोक कलाओं और खानपान का भरपूर आनंद ले पाए इसकी व्यवस्था पर प्रशासन नजर रखे हुए है। प्रशासन के आलाधिकारी समय-समय पर ब्रह्मसरोवर के कार्यक्रमों स्थलों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य प्रबंधों का भी जायजा ले रहे है और जहां भी कमी नजर आती है, उसे तुरंत दुरुस्त करवाने का काम किया जा रहा है। केडीबी और प्रशासन की तरफ से श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए हर प्रकार के पुख्ता इंतजाम किए गए है और महोत्सव की तमाम गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। इस महोत्सव के शिल्प और सरस मेले का छह दिसंबर तक आनंद लिया जा सकेगा।



महोत्सव में प्रस्तुति देते कलाकार।





## दो आने के स्टाम्प पर उकेरी है इंडिया मोनालिसा की चित्रकारी



**अंतरराष्ट्रीय** गीता महोत्सव में विभिन्न राज्यों के कलाकार अपनी अपनी कला का प्रदर्शन करके पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। महोत्सव में स्टाल नंबर-435 पर राजस्थान के अजमेर जिला के कलाकार पुष्पेंद्र साहू ने गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड में शुमार बनी-ठनी आर्ट किशनगढ़ शैली की चित्रकारी को प्रदर्शित किया है। उनकी स्टॉल पर उस समय के दो आने के स्टाम्प पर इंडिया मोनालिसा की चित्रकारी प्रदर्शित है जो कि पर्यटकों की उत्सुकता का केंद्र बनी है। कलाकार पुष्पेंद्र साहू ने बातचीत करते हुए बताया कि बनी-ठनी आर्ट किशनगढ़ शैली में पुराने स्टाम्प तथा पोस्ट कार्ड, कपड़े पर भी चित्रकारी की गई है। इस कला में वाटर, नेचुरल तथा शाइनिंग कलर का इस्तेमाल किया जाता है। यह उनका पुश्तैनी काम है और सारी चित्रकारी हैंडमेड है। यह कला लगभग 300 वर्षों से भी पुरानी है। चित्रों में राजस्थान की कला, राजा-महाराजा के किस्से, भगवान के स्वरूप, राधा-कृष्ण की कलाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस कला को आगे बढ़ाते हुए युवाओं को सिखाने का काम किया जा रहा है ताकि यह कला जीवंत रह सकें। इसके साथ-साथ रेडियम कलर से भी चित्रकारी की जाती है इस चित्रकारी की विशेषता यह है कि यह रात के अंधेरे में भी चमकती है। बनी-ठनी आर्ट उस समय के राजा किशन सिंह, मदन सिंह, यज्ञ नारायण सिंह के दो आने के स्टाम्प पर उकेरी गई है।

## जरी वर्क व मीनाकारी की बनारसी साड़ी को भी खूब पसंद कर रहे है पर्यटक



बनारसी साड़ी दिखाता शिल्पकार।

**अंतरराष्ट्रीय** गीता महोत्सव में विभिन्न राज्यों से आए हस्तकला के महारथी अपनी अपनी कला से वस्त्र बनाकर लाए है, जो कि महोत्सव में आने वाले पर्यटकों को भा रहे हैं। स्टाल नंबर 434 पर काशी बनारस से आए राष्ट्रीय अवॉर्डी मोहम्मद नसीब पहुंचे हैं, जिन्होंने जरी वर्क व मीनाकारी से बनी बनारसी साड़ी व महोत्सव में पहली बार मफलिन सिल्क के सूट लगाए हैं, जो कि पर्यटकों को अपनी ओर खींच रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनके पास एक हजार रुपये से शुरू होकर 40 हजार रुपये तक की बनारसी साड़ी है। उन्होंने 40 हजार रुपये की साड़ी दिखाते हुए बताया कि इसे बनाने में लगभग एक महीने का समय लगता है। साड़ी हाथ से बनाई जाती है और इसमें बारीक जरी वर्क किया गया हैं। मास्टर कारीगर अवार्डी ने बताया कि इस बार महोत्सव में पहली बार मफलिन सिल्क सूट भी लाए गए हैं। इन सूटों व दुपट्टे में भी बारीक जरी वर्क व मीनाकारी की गई है।

## ब्रह्मसरोवर के तट पर नजर आई राजस्थानी संस्कृति की झलक

**धर्मनगरी** कुरुक्षेत्र में हो रहे ब्रह्मसरोवर के तट पर अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में राजा महाराजाओं की भूमि राजस्थान की संस्कृति की झलक देखी जा रही है। गीता महोत्सव में लोग राजस्थान की दाल बाटी, चूरमा ओर राजस्थान की राज कचोरी, केसरिया दूध आदि स्वादिष्ट पकवानों का स्वाद चखने महोत्सव में दूर दूर से आ रहे हैं। इसके अलावा राजस्थान का लोक नृत्य कच्छी घोड़ी लोगों में अलग ही उत्साह उत्पन्न कर रहा है। पर्यटक कलाकारों के साथ झूम रहे है तथा उनकी कला के बारे में जानने के लिए उत्सुक है। राजस्थान से आए कलाकार मथुरा लाल ने बताया कि यह नृत्य वह पुरानी संस्कृति को जीवित रखने के लिए करते है। यह नृत्य राजस्थान के प्रसिद्ध लोक नृत्यों में से एक है। यह राजस्थान से साथ-साथ भारत के अन्य भागों जैसे महाराष्ट्र, गुजरात आदि में भी प्रसिद्ध है। इसमें नर्तक नकली घोड़ी पर सवारी करते हैं। उन्होंने बताया कि जब वह नृत्य करते है तो वह इस नृत्य के साथ वह भगवान के साथ संपर्क करने की कोशिश करते है। इसका प्रदर्शन सामाजिक एवं व्यसायिक दोनों तरह से होता है। यह नृत्य दूल्हा पक्ष के बारातियों के मनोरंजन करने के लिए व अन्य खुशी अवसरों पर भी प्रदर्शित किया जाता है।

## अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव खींचे चले आ रहे है विदेशी पर्यटक

**अंतरराष्ट्रीय** गीता महोत्सव में जहां पूरे देश के विभिन्न राज्यों से पर्यटक कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर पहुंचकर इस महोत्सव में शामिल हो रहे हैं, वहीं विदेशों से भी पर्यटक गीता महोत्सव में खींचे चले आ रहे हैं। शनिवार को ब्रह्मसरोवर परिक्रमा पथ पर फ्रांस से आए पॉल तथा अलैक्सजंरा ने बातचीत करते हुए बताया कि इन्टरनेट के माध्यम से गीता महोत्सव के बारे में जानने का मौका मिला। यहां पर आकर भारतीय लोक संस्कृति के साथ-साथ लोक कलाओं, गीतों, नृत्यों को देखने व सुनने का अवसर मिला जो कि अपने आप में अनूठा है। इस स्थल पर उन्हें पूरे भारत की संस्कृति, रीति-रिवाज को देखने को मिल रहे है।

## जन संपर्क विभाग का सूचना केन्द्र बना महोत्सव में अपनों से बिछुड़ों का सहारा

**अंतरराष्ट्रीय** गीता महोत्सव में जहां जनसंपर्क विभाग की राज्य स्तरीय प्रदर्शनी के माध्यम से विभिन्न विभागों की जनकृयाणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को दी जा रही है वहीं लोगों तक सूचनाओं का प्रसार करने के लिए सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा बनाए गए सूचना केंद्र पर प्रतिदिन लोगों तक नवीनतम सूचनाएं पहुंचाई जा रही है। स्टाल नंबर-1 पर विभाग के कर्मचारियों ने उद्घोषणा के माध्यम से अब तक हजारों अनाउंसमेंट की गई है। महोत्सव में विभाग के कर्मचारियों ने ऐसे बच्चों को जो अपने परिजनों से बिछड़ गए थे, उन्हें उनके परिजनों से मिलवाया जा रहा है। डीआईपीआरओ डा. नरेंद्र सिंह ने कहा कि इस स्टाल पर ड्रामा निरीक्षक विजय कुमार, खंड प्रचार कार्यकर्ता बरखा राम, कृष्ण लाल, बाल किशन अनाउंसमेंट करा रहे हैं।

## गीता भवन आरओबी सड़क निर्माण का कार्य पूरा



गीता भवन आरओबी सड़क कार्य पूरा होने पर मेयर का स्वागत करते दुकानदार।

### गीता भवन चौक पर स्थानीय दुकानदारों ने किया मेयर निखिल मदान का स्वागत

**सोनीपत।** मेयर निखिल मदान ने शनिवार दोपहर को शहर के गीता भवन चौक का दौरा किया और गीता भवन आरओबी से चौक तक पूरे हुए सड़क निर्माण कार्य का जायज़ा लिया। मौके पर स्थानीय दुकानदारों ने मेयर निखिल मदान का फूल मालाओं से स्वागत किया और सड़क निर्माण कार्य के सुचारू रूप से रिकार्ड समय में पूरा होने पर आभार जताया।

मेयर निखिल मदान ने कहा कि गीता भवन चौक शहर का सबसे व्यस्ततम मार्ग है, ऐसे में यहां का यातायात पूर्ण रूप से रोककर जल्द से जल्द काम पूरा करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य था। शुरुआत में नगर निगम द्वारा सड़क निर्माण को चार सप्ताह में पूरा किए जाने का लक्ष्य रखा था, जिसे अब नगर निगम द्वारा मात्र दो सप्ताह में सुचारू रूप से पूरा कर लिया है। निर्माण कार्य के बिना किसी रुकावट के पूरा होने पर वो गीता भवन चौक मार्केट एसोसिएशन का भी धन्यवाद करते हैं। मेयर निखिल मदान ने कहा कि सड़क निर्माण के दौरान सीवरेज ओवरफ्लो समस्या के निदान के लिए भी दो पाइप बदले गए हैं। मेयर निखिल मदान ने बताया कि जल्द ही शहर के गांधी चौक से सेक्टर 14-15 डिवाइडिंग रोड तक कार्य शुरू हो जाएगा।

## लिटल एंजल्स स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव का शानदार आयोजन

**सोनीपत।** लिटल एंजल्स स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन बड़ी धूमधाम किया गया। खेल समारोह में कक्षा दो से आठ के छात्रों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल, उपप्रधानाचार्या गीता अरोड़ा व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मशाल जलाकर किया गया। इस अवसर पर बच्चों के अभिभावक भी उपस्थित थे।

सर्वप्रथम स्वागत गीत 'हम सुमन हैं इस चमन के' गाकर और शानदार शास्त्रीय नृत्य के द्वारा सभी का अभिनंदन किया गया। इसके उपरांत थ्री लेग रेस, हर्डल रेस, फ्लैट रेस, रिले रेस, साइकिल रेस आदि हुई। जिसमें बच्चों का जोश व उत्साह देखते ही बनता था। विभिन्न दौड़ों के बाद अम्ब्रेला ड्रिल और रिबन ड्रिल प्रस्तुत कर छात्रों ने अपनी प्रतिभा का बखूबी प्रदर्शन किया। तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा वातावरण गूंज रहा था। इस दौरान अभिभावक अपने बच्चों की प्रस्तुति को देखकर अत्यंत प्रसन्न थे। विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल ने अपने भाषण में सभी खिलाड़ियों की खेल भावना को सराहा।

## महिलाओं को शिक्षित व जागरूक कर राजनीति में भागीदारी बढ़ाई जाएगी : रविंदर कौर

### हरियाणा गुरुद्वारा कमेटी की नव नियुक्त सदस्या का किया सिख जत्थेबंदियों ने अभिनंदन

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र



ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में बीबी रविंदर कौर व कवलजीत सिंह अजराना का अभिनंदन करती सिख संगत।

**हरियाणा** सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी की नव मनोनीत सदस्या बीबी रविंदर कौर अजराना ने कहा कि महिलाओं को शिक्षित और जागरूक करके राजनीति में उनकी भागीदारी बढ़ाई जाएगी। इतना ही नहीं, गुरु साहिब के सिद्धांत के अनुसार उन्हें समानता का अधिकार भी दिलवाया जाएगा। वे शनिवार को धर्मनगरी के ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में सिख जत्थेबंदियों द्वारा आयोजित अपने अभिनंदन समारोह में विचार व्यक्त कर रही थी।

उन्होंने सभी सिख जत्थेबंदियों और संगत द्वारा दिए गए सम्मान के लिए उनका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगत की आशाओं पर पूरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगी। उल्लेखनीय है कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के शुक्रवार को किए पुनः गठन में हरियाणा सरकार द्वारा बीबी रविंदर कौर अजराना को सदस्या मनोनीत किए जाने पर सिख संगत में खुशी की लहर है। शिरोमणि अकाली दल हरियाणा स्टेट की वरिष्ठ नेत्री बीबी रविंदर कौर अजराना, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री अमृतसर के लिए थानेसर सीट से वर्ष 2004 में सबसे कम आयु वाली सदस्या चुनी गई थी। शिरोमणि अकाली दल हरियाणा महिला विंग की प्रदेश अध्यक्षा भी वे लंबे समय तक रही है। शिरोमणि अकाली दल हरियाणा स्टेट के वरिष्ठ नेता कवलजीत सिंह अजराना ने बीबी रविंदर कौर को सदस्या मनोनीत करने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। इस दौरान श्री गुरु ग्रंथ साहिब सेवक सभा, श्री सुखमणि साहिब सेवा सोसायटी गुरुद्वारा पटा साहिब, श्री सुखमणि साहिब सेवा सोसायटी पातशाही छठी का अभिनंदन किया।

## संक्षिप्त-समाचार

### गीता सभी को जीने की कला सिखाती है : ब्रह्मस्वरूप



दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथिगण।

**कुरुक्षेत्र।** अंतरराष्ट्रीय श्रीमद भगवद गीता समारोह के अवसर पर ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय कुरुक्षेत्र के विश्व शांति धाम द्वारा श्रेष्ठ कर्मों का आधार श्रीमद भगवद गीता पर कार्यक्रम आयोजित किया। मुख्यातिथि ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी ने कहा कि गीता सदकर्म की शिक्षा देती है। गीता किसी एक धर्म या जाति की नही है अपितु गीता सभी को जीने की कला सिखाती है। जब कोई निर्मल सच्चे मन से समर्पण कर देता है, तो परमात्मा उसकी मदद अवश्य करते है। उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारीज बहुत ही नेक कार्य कर रही है। मुख्य वक्ता राजयोगिनी बीके कविता दीदी ने बताया कि गीता का ज्ञान बताता हे कि मैं पांच तत्वों का शरीर, मै चेतन्य आत्मा हूं। हमारे अंदर संवेदनाएं है, ये गीता बताती है। श्रीकृष्णा म्यूजियम के क्यूरेटर डा. राजेंद सिंह राणा ने बताया कि अध्यात्मिक संगठनों में ब्रह्माकुमारीज सबसे महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। रवीना, शकुंतला, रीना, विमल, जरनैल कौर, जसबीर सिंह दुग्गल, सतीश कत्याल, राजेंद्र सिंह, राजेश कुमार, रघुबीर सिंह, जगदीश चंद्र व मुकेश कुमार मौजूद रहे।

### डेंगू मच्छरों से बचाव के लिए फोगिंग अभियान जारी

**सोनीपत।** डेंगू मच्छरों से बचाव के लिए फोगिंग अभियान शहर की विभिन्न बस्तियों में लगातार जारी है। विशेषकर शहर की उन कालोनियों में जहां मच्छर पनपने की संभावना ज्यादा रहती है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता स्वयं घूम घूम कर फोगिंग अभियान में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। भाजपा नेता राजीव जैन द्वारा गत 20 नवंबर को शुरू किए गये अभियान के तहत अब तक कालूपुर, विशाल नगर, गढ़ी घसीटा, देवनगर, श्याम नगर, महावीर कॉलोनी, सुंदर शावरी, ऋषि कॉलोनी, न्यू नंदवानी नगर, न्यू कॉलोनी, लाल दरवाजा, बाबा कॉलोनी, इंडियन कॉलोनी, ऋषि नगर कॉलोनियों में फोगिंग करवाई जा चुकी है। राजीव जैन ने बताया कि जबसे नगर निगम ने फोगिंग पर ध्यान देना छोड़ दिया तब से पिछले 3 वर्षों से हर बार फोगिंग करवाई जाती हैं। राजीव जैन ने बताया कि शहर में हर वर्ष डेंगू के लगभग 100 से ज्यादा मरीज मिलते हैं।

## जल्द लोगों के बीच आकर मुख्यमंत्री सुनेंगे समस्याएं

### आम जनमानस अपनी समस्याएं दर्ज करवाएं, हर समस्या का किया जाएगा समाधान

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत



रेस्ट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते सांसद कौशिक।

**आगामी** सप्ताह लोगों के बीच आकर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए मौके पर ही समाधान करवायेंगे। सांसद कौशिक ने बताया कि लोगों की हर समस्या का समाधान किया जाएगा। उन्होंने आम जनमानस का आह्वान किया कि वे अपनी समस्याओं को दर्ज करवायें, ताकि उनका समाधान कराया जा सके। रेलवे रोड स्थित पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में शनिवार को सांसद रमेश कौशिक पत्रकारवार्ता को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की प्राथमिकता जन समस्याओं का पूर्ण निराकरण करना है। इसलिए वे अब स्वयं भी जिले में आकर लोगों की समस्याओं की सुनवाई करेंगे। हर व्यक्ति की समस्या की सुनवाई की जाएगी। कोई भी व्यक्ति अपनी किसी भी प्रकार की समस्या कार्यक्रम में प्रस्तुत कर सकता है। मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश देकर समाधान करवाया जाएगा।

सांसद कौशिक ने कहा कि मनोहर लाल खट्टर के रूप में हरियाणा को लोकप्रिय व जनहितकारी मुख्यमंत्री मिले हैं, जिनकी प्राथमिकता ही लोकहित है। दिन-रात उन्हें लोगों की ही चिंता रहती है। उनके नेतृत्व में हरियाणा में विकास के नये आयाम स्थापित किये गये हैं। इसका विशेष लाभ सोनीपत को मिला है। साथ ही उन्होंने कहा कि 11 दिसंबर को करनाल में ब्राह्मण सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री मनोहर लाल शामिल होंगे। ब्राह्मण सम्मेलन के विषय में बताया कि यह समाज का सम्मेलन है, जिसके माध्यम से कुछ मांगें भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखी जाएंगी। इस दौरान जेएनयू में पोस्टर चस्पाने की घटना के संदर्भ में पूछे गए सवाल के जवाब में सांसद कौशिक ने कहा कि यह कार्य किसी सभ्य व्यक्ति का नहीं हो सकता। ऐसे लोग असामाजिक तत्वों की श्रेणी में आते हैं, जो समाज को तोड़ने का प्रयास करते हैं। ऐसे लोगों का कोई समाज नहीं होता।


## सामाजिक विषयों पर बनाई कलाकृतियां दे रही समाज को संदेश

**कुरुक्षेत्र।** अंतररष्ट्रीय गीता महोत्सव में एक कोना बिलकुल खास है स्टाल संख्या 550 इन दिनों आकर्षण का केंद्र बना हुआ है देश विदेश से आये हस्तकला के माहिर भी बच्चों के हाथों से बनी कला को देख कर हैरान है महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत चल रहे बाल देख रेख संस्थानों में आश्रित बच्चों की बनायीं कला सभी को प्रभावित कर रही है प्रदर्शनी में बच्चों ने वाटर कलर पेंटिंग स्केच स्टोन आर्ट पेपर वर्क वेस्ट मटीरियल से बना सामान रखा है बच्चों के पेंसिल वर्क में बने स्केच हूबहू बनाये गए हैं।

वही पेंटिंग्स में बच्चों ने अपने मनो भाव उकेर दिए हैं बच्चों ने अपने आर्ट वर्क में सामाजिक सन्देश भी दिए है बच्चों ने प्रकृति जल वायु और अन्य मानवीय विषयों पर अपनी संदेशत्मक कलाकृतियां बनाई है प्रदर्शनी में पांच रुपये से 1500 रुपये तक की कलाकृतियां रखी गई है। बच्चे मन के सच्चे ये कहावत आज भी उतनी ही वास्तविक है इससे चरित्रार्थ किया है बाल देख रेख संस्थानों के बच्चों ने।

गीता महोत्सव करुक्षेत्र में अपने मनोभावों और आज के परिपेक्ष को अपनी कलाओं में संजोया है। बच्चों ने सामाजिक मुद्दों और विषयों पर भी सन्देश दिए है नारी और बच्चों के अधिकारों के प्रति समाज को जागरूक करने का प्रयास किया है। प्रसिद्ध उद्योगपति जय भगवान सिंगला ने बच्चों की कलाकृतियों की तारीफ करते हुए कहा कि समाज को इन बच्चों के लिए हर संभव सहायता करते हुए इन्हें मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास करना चाहिए।

## सुकवि-संवाद



सुकवि डॉ.एस.एन.भारद्वाज 'अश्क'
कवि, लेखक एवं वरिष्ठ शिक्षा सलाहकार
विश्व भारती शिक्षण संस्थान समूह,
बल्लभगढ़, फरीदाबाद M: 9871666627

### विश्वास

विष दे दो, विश्वास न तोड़ो, छल ताउम्र अखरता है
धोखा खाने वाला इन्सां लम्हा - लम्हा मरता है
ज़ख्म लगे इक पल में लेकिन क़तरा-क़तरा रिसता घाव
रफ़्ता - रफ़्ता, थोड़ा- थोड़ा, भरते - भरते भरता है

# राजनीति व्यक्ति नहीं, बल्कि नीतियों के बारे में होती है : कांग्रेस अध्यक्ष

## खड़गे ने कहा, मेरी टिप्पणी का चुनावी लाभ के लिए दुरुपयोग कर रही भाजपा

### बोले, भाजपा सरकार ने 27 साल में काम किया होता तो इतने प्रचार की जरूरत ही नहीं पड़ती

एजेंसी। अहमदाबाद

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के खिलाफ रावण वाली अपनी टिप्पणी को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की आलोचना का सामना कर रहे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि गुजरात में सत्तारूढ़ पार्टी चुनावी लाभ के लिए उनकी टिप्पणी का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि राजनीति व्यक्तियों के बारे में नहीं, बल्कि नीतियों के बारे में होती है।

इस मुद्दे पर अपनी पहली प्रतिक्रिया में, खरगे ने कहा कि वह प्रदर्शन की राजनीति में विश्वास करते हैं, लेकिन भाजपा की राजनीति की शैली में अकसर लोकतंत्र की भावना का अभाव होता है क्योंकि वे इसे केवल एक व्यक्ति के बारे में बनाते हैं, जो हर जगह है। गुजरात चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) की संभावनाओं से संबंधित सवाल पर उन्होंने कहा कि यह पार्टी किसी के इशारे पर कांग्रेस के वोट को विभाजित करने के लिए काम कर रही है। यह पूछे जाने पर कि क्या व्यक्तिगत हमले, जैसे कि उनकी रावण वाली टिप्पणी प्रचार अभियान की एक प्रमुख विशेषता बन गए हैं, खरगे ने कहा, वे चुनावी लाभ के लिए इसका दुरुपयोग कर रहे हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता खड़गे ने कहा, हमारे लिए, राजनीति व्यक्तियों के बारे में नहीं है। यह नीतियों के बारे में है, यह उनके (भाजपा के) प्रदर्शन के बारे में है और यह उस प्रकार की राजनीति के बारे में है जो वे करते हैं। वे इसे केवल एक व्यक्ति के बारे में बनाते हैं, जो हर जगह है।

खरगे ने इस हफ्ते की शुरुआत में अहमदाबाद में एक रैली में कहा था कि प्रधानमंत्री सभी चुनावों में लोगों से उनका चेहरा देखकर वोट करने के लिए कहते हैं। खरगे ने पूछा था, क्या आप रावण की तरह 100 सिर वाले हैं। खड़गे की टिप्पणी को भाजपा ने गुजरात के लोगों का अपमान करार दिया था। गुजरात में प्रधानमंत्री के प्रचार अभियान के बारे में खरगे ने कहा कि यह राज्य में भाजपा सरकार के खराब प्रदर्शन को दर्शाता है। उन्होंने कहा, क्या किसी प्रधानमंत्री ने (अतीत में) इस तरह का प्रचार किया था? जब मैं एक छात्र था, तो मैं पंडित जवाहरलाल नेहरू को देखता था, फिर मैंने लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी को देखा, फिर मैंने मोरारजी देसाई और अन्य दलों के नेताओं को भी देखा.. अगर राज्य की भाजपा सरकार ने पिछले 27 साल लोगों के लिए काम किया होता तो इतना प्रचार करने की जरूरत ही नहीं पड़ती।

आप के आक्रामक प्रचार अभियान और पार्टी द्वारा इस बार गुजरात की 182 में से 181 सीट पर चुनाव लड़ने के बारे में पूछे जाने पर खड़गे ने कहा कि इसका एकमात्र इरादा कांग्रेस को कमजोर करना है। उन्होंने कहा, वे दुष्प्रचार कर रहे हैं। हमें ऐसी जानकारी मिली है कि वे कांग्रेस के वोट प्रभावित करना चाहते हैं। मैं कुछ नहीं कहना चाहता क्योंकि अगर मैं सच भी बोलूंगा तो उसे कांग्रेस के खिलाफ दुष्प्रचार के तौर पर इस्तेमाल किया जाएगा। कुछ लोगों को वोट बांटने के लिए कांग्रेस के खिलाफ चुनाव लड़ने के लिए भेजा गया है। यह उनका मुख्य उद्देश्य है। नहीं तो वे कितने बूथ, कितने गांव, कितनी पंचायतों में गए हैं? वे केवल शहरों में गए हैं।

#### मेरे पास 51 साल की संसदीय राजनीति का है अनुभव

**खड़गे** ने कहा, मैं किसी व्यक्ति पर टिप्पणी नहीं करता या व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं करता क्योंकि मेरे पास भी 51 साल का संसदीय राजनीति का अनुभव है। मैंने विकास, महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी के मुद्दों पर (भाजपा सरकार की) आलोचना की।

#### गुजरात पर दस हजार से छियालीस हजार करोड़ रुपये पहुंचा कर्जा

**खड़गे** ने दावा किया कि भाजपा के शासन में गुजरात का कर्ज काफी बढ़ गया है। उन्होंने कहा, जब हम 1990 के दशक में सत्ता से बाहर हुए थे, तब कर्ज 10,000 करोड़ रुपये था, अब यह 4,60,000 करोड़ रुपये के करीब है।

#### मोदी की राजनीति में लोकतंत्र का अभाव

**खड़गे** ने कहा, भाजपा और प्रधानमंत्री की राजनीति की शैली में अकसर लोकतंत्र की भावना का अभाव होता है। मैंने चुनाव के सभी स्तरों पर उनके प्रचार की शैली के बारे में कई उदाहरण दिए, लेकिन वे मेरी टिप्पणी का चुनावी लाभ के लिए दुरुपयोग कर रहे हैं।



## पंजाब के फाजिल्का में 7.5 किग्रा हेरोइन बरामद

**चंडीगढ़।** पंजाब के फाजिल्का जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने मादक पदार्थों की तस्करी के एक और प्रयास को नाकाम करते हुए शनिवार को सात किलोग्राम से अधिक हेरोइन बरामद की। बीएसएफ ने एक आधिकारिक बयान जारी कर यह जानकारी दी। हेरोइन की यह खेप एक पाकिस्तानी ड्रोन के जरिए भेजी गई थी।

बयान में कहा गया कि खेप बरामद करने आए तीन से चार संदिग्धों की हरकतों को देखकर बीएसएफ कर्मियों ने गोली चलाई, लेकिन वे भागने में सफल रहे। बीएसएफ के मुताबिक, शुक्रवार देर रात 12.05 बजे, जवानों ने चूड़ीवाला चुस्ती गांव के पास पाकिस्तानी ड्रोन के भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने की आवाज सुनी। उन्होंने ड्रोन की दिशा में भी गोलियां चलाईं, जो वापस पाकिस्तान की तरफ चला गया। बीएसएफ ने ट्वीट किया, इलाके की तलाशी के दौरान, उन्हें हेरोइन के नौ पैकेट मिले, जिनका वजन 7.5 किलोग्राम था।

## महाराष्ट्र के पालघर में भूकंप का हल्का झटका

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में 2.5 तीव्रता का भूकंप आया। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। जिला आपदा नियंत्रण प्रकोष्ठ के प्रमुख विवेकानंद कदम ने बताया कि शुक्रवार को अपराह्न तीन बजकर 27 मिनट पर यह भूकंप आया। उन्होंने बताया कि इस भूकंप के चलते जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। पालघर के दहानु तालुका में नवंबर, 2018 से कई बार अलग-अलग तीव्रता के भूकंप आए हैं।

# मोदी के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल कांग्रेस का नया चलन बना : भाजपा

### भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कांग्रेस की कर्नाटक ईकाई के नेता द्वारा मोदी को भस्मासुर कहे दी प्रतिक्रिया

एजेंसी। नई दिल्ली



**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल करना कांग्रेस के लिए नया चलन बन गया है। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने विपक्षी दल पर निशाना साधने के लिए कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के नेता वीएस उगरप्पा द्वारा मोदी को भस्मासुर कहे जाने संबंधी खबरों का हवाला दिया।

पात्रा ने कहा कि यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब कुछ ही दिन पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ रावण वाली टिप्पणी की थी। उल्लेखनीय है कि खरगे ने इस हफ्ते की शुरुआत में अहमदाबाद में एक रैली में कहा था कि प्रधानमंत्री सभी चुनावों में लोगों से उनका चेहरा देखकर वोट करने के लिए कहते हैं। खरगे ने पूछा था, क्या आप रावण की तरह 100 सिर वाले हैं। पात्रा ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जहां तक कांग्रेस का संबंध है, यह एक नया चलन बन गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस अपशब्दों का प्रयोग करने वाली पार्टी बन गई है। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति जो. बाइडन के इस बयान का हवाला दिया कि वह अपने दोस्त मोदी के साथ खड़े हैं। पात्रा ने कहा कि एक तरफ दुनिया उनके (मोदी) साथ खड़ी है और दूसरी तरफ, कांग्रेस उनके लिए इस तरह की भाषा का इस्तेमाल करती है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा, यह दुखद और चिंताजनक है।

गौरतलब है कि भारत को अमेरिका का मजबूत साझेदार बताते हुए बाइडन ने शुक्रवार को कहा कि वह भारत की जी 20 की अध्यक्षता के दौरान अपने मित्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का समर्थन करने के लिए उत्सुक हैं। महाभारत का जिक्र करते हुए पात्रा ने कहा कि कांग्रेस ने मोदी को 100 अपशब्द कहे हैं और लोग गुजरात विधानसभा चुनाव में विपक्षी दल को लोकतांत्रिक तरीके से खत्म करने के लिए भगवान कृष्ण की तरह सुदर्शन चक्र का इस्तेमाल करेंगे। भाजपा नेता ने मोदी सरकार की कई विकास और कल्याणकारी पहलों का हवाला देते हुए कहा कि ऐसा नेता भस्मासुर नहीं हो सकता।

## यौन उत्पीड़न में जम्मू-कश्मीर का प्रोफेसर गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में बारामूला जिले के एक कृषि विश्वविद्यालय के एक प्रोफेसर पर एक छात्रा ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। इसके बाद पुलिस ने प्रोफेसर को गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि प्रोफेसर को शुक्रवार रात को गिरफ्तार किया गया। शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एसकेयूएएसटी) के उत्तर कश्मीर जिले के वादुरा परिसर में प्रदर्शनों के बाद अधिकारियों ने शुक्रवार रात को आरोपी प्रोफेसर को निलंबित कर दिया था।

# मैं हमेशा भारत से जुड़ा हुआ महसूस करता हूं : सुंदर पिचाई

### नागरिक सम्मान पद्म भूषण से नवाजे जाने पर बोले

एजेंसी। वाशिंगटन



**गूगल** और अल्फाबेट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सुंदर पिचाई ने कहा है कि वह हमेशा खुद को भारत से जुड़ा हुआ महसूस करते हैं और जहां कहीं भी जाते हैं अपनी भारतीय पहचान को साथ लेकर जाते हैं। पिचाई ने यह बात भारत के तीसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान पद्म भूषण से नवाजे जाने के अवसर पर कही।

पिचाई ने कहा, भारत मेरा एक हिस्सा है और मैं जहां कहीं भी जाता हूं इसे अपने साथ लेकर जाता हूं। भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक पिचाई को व्यापार और उद्योग श्रेणी में वर्ष 2022 के लिए पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने प्रदान किया। पिचाई को शुक्रवार को अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में उनके परिवार के करीबी सदस्यों की उपस्थिति में भारत के तीसरे सबसे बड़े नागरिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

पिचाई ने अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू से यह सम्मान स्वीकार करते हुए कहा, मैं इस सम्मान के लिए भारत सरकार और भारत के लोगों का ह्रदय से आभारी हूं। भारत मेरा एक हिस्सा है, और मैं गूगल तथा भारत के बीच महान साझेदारी को जारी रखने की आशा करता हूं, क्योंकि हम अधिक लोगों तक प्रौद्योगिकी के लाभ पहुंचाने के लिए मिलकर काम करते हैं। गूगल के सीईओ ने कहा, भारत मेरा एक हिस्सा है और मैं जहां भी जाता हूं इसे अपने साथ ले जाता हूं। मैं सौभाग्यशाली हूं कि मैं एक ऐसे परिवार में पला-बढ़ा, जहां सीखने और ज्ञान प्राप्त करने की इच्छाशक्ति को महत्व देकर इसे संजोया गया।

# सरकार ने दिव्यांगों के लिए अवसर निर्माण की कई पहल की हैं : मोदी

### पीएम ने ट्वीट किया हमारी सरकार समान रूप से कर रही है ध्यान केंद्रित

एजेंसी। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को विश्व दिव्यांग दिवस पर कहा कि उनकी सरकार ने दिव्यांग जनों के लिए अवसर पैदा करने के वास्ते कई पहल की हैं। मोदी ने दिव्यांग जनों के धैर्य और उपलब्धियों की भी प्रशंसा की।

उन्होंने ट्वीट किया, हमारी सरकार पहुंच पर समान रूप से ध्यान केंद्रित कर रही है, जो कि प्रमुख कार्यक्रमों और अगली पीढ़ी के बुनियादी निर्माण में परिलक्षित होती है। मैं दिव्यांग जनों के जीवन में सकारात्मक अंतर लाने के लिए जमीनी स्तर पर काम करने वाले सभी लोगों को भी धन्यवाद देना चाहूंगा। दिव्यांग जनों के अधिकारों के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाने और उनके सामने आने वाली चुनौतियों के समाधान को राजनीतिक इच्छाशक्ति और संसाधन जुटाने के वास्ते तीन दिसंबर को यह दिन मनाया जाता है।

#### मोदी ने की राजेंद्र प्रसाद को श्रद्धांजलि अर्पित



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को भारत के प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी सराहना एक ऐसे महान नेता के रूप में की, जो साहस एवं विद्वतापूर्ण उत्साह के प्रतीक थे। मोदी ने ट्वीट किया, डॉ. राजेंद्र प्रसाद जी को उनकी जयंती पर याद करता हूं। एक महान नेता, जो साहस और विद्वतापूर्ण उत्साह के प्रतीक थे। वह भारत की संस्कृति से मजबूती से जुड़े थे।

## शिंदे सरकार के फैसले पर उच्च न्यायालय ने रोक लगाई

एजेंसी। मुंबई

**बंबई** उच्च न्यायालय ने एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली महाराष्ट्र सरकार के उन दो आदेशों के अमल पर रोक लगा दी है, जिसके तहत पूर्ववर्ती सरकार के दौरान पुणे जिले के एक गांव में शुरू की गई विकास परियोजना से जुड़े कार्यों को रोक दिया गया था। गांव में यह विकास कार्य उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली पूर्ववर्ती महा विकास आघाड़ी (एमवीए)सरकार द्वारा शुरू किया गया था।

न्यायमूर्ति आरडी धानुका और न्यायमूर्ति एसजी दिगे की पीठ ने गत 28 नवंबर को दिए गए अपने आदेश में कहा कि इस तरह के कार्य को रोकने का नतीजा यह होगा कि इस परियोजना के लिए निर्धारित बजट समाप्त हो जाएगा। पीठ पुणे की बेलेवाड़ी ग्राम पंचायत द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें आदेश को रद्द करने का अनुरोध किया गया था। ये आदेश मुख्यमंत्री शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की ओर से इस साल 19 जुलाई और 25 जुलाई को दिए गए थे। इन आदेशों के जरिए राज्य सरकार ने पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल के दौरान राज्यभर में शुरू किए गए विकास कार्यों को रोक दिया था, जिसमें बेलेवाड़ी पंचायत भी शामिल है। याचिका में कहा गया कि पूर्ववर्ती एमवीए सरकार ने 31 मार्च, 2022 को गांव में नाले के निर्माण की मंजूरी दी थी।

## रामपुर में आजम खान के खिलाफ एक और मामला दर्ज


**रामपुर (उप्र)।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान के खिलाफ पुलिस और चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं के खिलाफ भड़काऊ शब्दों का इस्तेमाल करने के आरोप में पूर्व मंत्री के खिलाफ एक नया मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी।

रामपुर उपचुनाव में वीडियो सर्विलांस टीम के प्रभारी सुजेश कुमार सागर की शिकायत पर शुक्रवार को यह प्राथमिकी कोतवाली थाने में दर्ज की गई। एक चुनावी सभा के दौरान महिलाओं के खिलाफ कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोप में खान के खिलाफ मामला दर्ज किए जाने के एक दिन बाद यह प्राथमिकी दर्ज की गई है। शिकायत में कहा गया है, समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार असीम राजा के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ने एक भाषण दिया।

### महिलाओं और हिंदुओं पर बयान को लेकर

# एआईयूडीएफ सांसद बदरुद्दीन अजमल के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज

एजेंसी। गुवाहाटी



### एजेपी उपाध्यक्ष डूलू अहमद ने हाटीगांव थाने में व जबकि हैलाकांडी में पार्टी के मुख्य संयोजक ने शिकायत दर्ज कराई

**असम** जातीय परिषद (एजेपी) ने महिलाओं और हिंदू समुदाय के संबंध में बयान को लेकर शनिवार को एआईयूडीएफ सांसद बदरुद्दीन अजमल के खिलाफ असम में पुलिस के समक्ष शिकायत दर्ज कराई। एजेपी उपाध्यक्ष डूलू अहमद ने यहां हाटीगांव थाने में, जबकि हैलाकांडी में वहां पार्टी के मुख्य संयोजक ने शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस ने शिकायत मिलने की पुष्टि करते हुए कहा कि जांच शुरू हो गई है। अहमद ने कहा कि ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) सांसद अजमल के बयान को लेकर उनके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की गई है, क्योंकि इससे समाज में व्यापक प्रतिक्रिया हुई है और सांप्रदायिक हिंसा भड़क सकती है। अजमल ने शुक्रवार को एक मीडिया संस्थान को दिए साक्षात्कार में महिलाओं, हिंदू पुरुषों पर तथा असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा को लेकर टिप्पणियां की थीं। उन्होंने कथित तौर पर हिंदुओं को कम उम्र में शादी करके मुसलमानों की तरह ज्यादा बच्चे पैदा करने की सलाह दी थी।

अजमल के राजनीतिक विरोधियों ने उनके बयान को गुजरात विधानसभा चुनाव से जोड़ा और आरोप लगाया कि एआईयूडीएफ अध्यक्ष अपनी पार्टी को बचाने के लिए भाजपा के इशारे पर काम कर रहे हैं।

वहीं, भाजपा प्रवक्ता रंजीब शर्मा ने कहा, अजमल ने हमारे मुख्यमंत्री के खिलाफ जिन शब्दों का इस्तेमाल किया है, उन्हें पूरे सभ्य समाज द्वारा चुनौती दी जानी चाहिए। भाजपा विधायक दिगंत कालिता ने मुस्लिम समुदाय से अजमल के खिलाफ खड़े होने को कहा।


## भारत के जी-20 एजेंडे को पूरा समर्थन : आईएमएफ

एजेंसी। वाशिंगटन

**अंतरराष्ट्रीय** मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने कहा है कि वह भारत के जी-20 एजेंडे का पूरा समर्थन करता है, जो मौजूदा वैश्विक संकटों से संबंधित उन मुद्दों पर आम सहमति बनाने की योजना पर काम कर रहा है जिन पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। भारत ने बृहस्पतिवार को औपचारिक रूप से जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण की।

आईएमएफ के नीति समीक्षा विभाग की निदेशक सेला पजारबासियोग्लू ने अगले सप्ताह होने वाली भारत और चीन की अपनी यात्रा से पहले कहा, वे (भारत) अधिक समृद्ध भविष्य के लिए एक सामूहिक एजेंडा एक साथ रख रहे हैं। उन्होंने बृहस्पतिवार को कहा, वे (भारत) जारी (वैश्विक) संकटों से संबंधित उन मुद्दों पर आम सहमति बनाने की की योजना तैयार कर रहे हैं, जिन पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। पजारबासियोग्लू जाहिर तौर पर रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण खाद्य और ऊर्जा संकट का जिक्र कर रही थीं। उन्होंने कहा कि भारत के जी-20 एजेंडे का आईएमएफ पूरी तरह समर्थन करता है। जी-20 की भारत की अध्यक्षता की थीम वन अर्थ (एक धरती), वन फैमिली (एक परिवार), वन फ्यूचर (एक भविष्य) है। आईएमएफ की अधिकारी ने कहा, इसका मतलब यह है कि भारत मतभेदों को दूर करने और स्थानीय स्तर, संघीय स्तर, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काम करने की आवश्यकता को प्राथमिकता दे रहा है। उन्होंने कहा कि इंडोनिशया के बाली में जी-20 की घोषणा को अंजाम तक पहुंचाने में भारत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## भारत कभी हिंसा और युद्ध का समर्थन नहीं करता: राजनाथ सिंह



**बेंगलुरु।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि भारत किसी को छेड़ता नहीं है और यदि कोई देश की शांति भंग करता है तो उसे छोड़ता नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत ने कभी युद्ध तथा हिंसा की वकालत नहीं की, हालांकि, वह अन्याय और दमन पर तटस्थ नहीं रह सकता। वह इस्कॉन द्वारा बेंगलुरु के वसंतपुरा स्थित उसके भव्य राजाधिराज गोविंद मंदिर में आयोजित गीता दान योजना कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सिंह ने महाभारत का उल्लेख करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र में भगवान कृष्ण ने अर्जुन को जो उपदेश दिए थे, उन्हें श्रीमद भगवद्गीता के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि गीता पढ़ने और उसे आत्मसात करने से व्यक्ति निर्भय होता है। इस्कॉन बेंगलुरु ने इस महीने सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजनों के अलावा एक लाख भगवद्गीता पुस्तक वितरित करने की योजना बनाई है। इस अवसर पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, पूर्व मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा तथा इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ आदि गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

# राहुल गांधी ने दी नसीहत, 'जय श्रीराम नहीं, जय सियाराम बोलिए'

## बयान पर भाजपा का पलटवार कहा, वे इलेक्शन वाले हिंदू

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारत** जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी के एक बयान पर विवाद छिड़ गया है। शुक्रवार को उन्होंने भाजपा और आरएसएस को जय सियाराम कहने की नसीहत दी थी और जय श्रीराम और जय सियाराम में फर्क बताया था। अब भाजपा ने उनके बयान पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।

शाहनवाज हुसैन ने कहा कि भाजपा को राहुल गांधी के सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं है। वे इलेक्शन वाले हिंदू हैं। वहीं, ब्रजेश पाठक ने कहा कि राहुल गांधी नाटक मंडली के नेता हैं। वो कोट के ऊपर जनेऊ पहनते हैं। उनको भारत की संस्कृति के बारे में कुछ नहीं पता है। बस गली-गली दौड़ रहे हैं, क्योंकि जानता ने इनको नकार दिया है। मध्यप्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा- राहुल बाबा का ज्ञान, बाबा-बाबा ब्लैक शीप तक ही सीमित है। राम की शुरुआत श्री से ही होती है और श्री जो हैं, वह विष्णु भगवानजी की पत्नी लक्ष्मी और सीता जी के लिए ही इस्तेमाल होता है। जरा खोल कर तो देख लें इतिहास। उधर, यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने ट्वीट किया, भगवान श्रीराम के अस्तित्व को नकारने वाली कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी को जय श्रीराम न सही, भाजपा ने जय सियाराम बोलने के लिए विवश कर दिया है, यह भाजपा की वैचारिक विजय और कांग्रेसी विचारधारा की हार है। अभी आपसे जय श्री राधारानी सरकार की और जय श्रीकृष्ण भी कहलवाना है।

#### पहली बार 28 किमी चली यात्रा

**भारत** जोड़ो यात्रा का शुक्रवार को मध्यप्रदेश में 10वां दिन था। मैं 23 नवंबर से लगातार इस यात्रा को करीब से देख रहा हूं। चल रहा हूं। यात्रा की मीडिया वैन में खड़े तमाम जर्नलिस्ट और कैमरामैन यही कह रहे थे कि मध्यप्रदेश में भारत जोड़ो यात्रा में आगर जैसी भीड़ इससे पहले कहीं नजर नहीं आई।



# भाजपा ने टीएमसी के खेला होबे नारे का इस्तेमाल उसी के खिलाफ किया

एजेंसी। कोलकाता



**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के लोकप्रिय नारे खेला होबे का इस्तेमाल उसी के खिलाफ करते हुए कहा कि राज्य में निर्धारित समय से पूर्व विधानसभा चुनाव हो सकते हैं।

भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा कि उनकी पार्टी अहिंसा में विश्वास करती है, इसका मतलब यह नहीं है कि अगर धक्का-मुक्की की नौबत आती है तो वह इस पर प्रतिक्रिया नहीं देगी। भाजपा नेता ने शुक्रवार को उत्तर 24 परगना जिले के बैरकपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, खेल दोनों पक्षों द्वारा खेला जाएगा ( खेला होबे ) और यह खतरनाक होगा। टीएमसी ने 2021 के विधानसभा चुनाव से पहले खेला होबे का नारा गढ़ा था और यह बेहद लोकप्रिय हुआ था। पश्चिम बंगाल के बाहर कई अन्य पार्टियों ने भी बाद में इस नारे का इस्तेमाल किया था। सुकांत मजूमदार ने कहा, मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि राज्य की संपत्ति बेच रही तृणमूल कांग्रेस की सरकार को कुछ वर्षों में हटा दिया जाएगा। भाजपा नेता ने राज्य में जल्द चुनाव होने की संभावना की ओर इशारा करते हुए दावा किया कि अगर पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव 2024 के लोकसभा चुनाव के साथ होते हैं तो उन्हें कोई आश्चर्य नहीं होगा। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस सरकार 2021 में लगातार तीसरी बार राज्य में सत्ता में आई है।

# पत्नी ने प्रेमी संग पति को मौत के घाट उतारा

● बच्चों से बोली पापा ने की आत्महत्या, खुलासे के बाद दोनों गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**गाजियाबाद** में एक महिला ने अपने पति के मुंह में कपड़ा ठूंसने के बाद गला घोंटकर हत्या कर दी। खुद के स्टाफ नर्स होने का फायदा उठाकर महिला अपने पति की लाश उसी हॉस्पिटल में ले गई, जहां वो कार्यरत थी। इसे सुसाइड बताया, लेकिन हॉस्पिटल प्रबंधन ने प्रोटोकॉल का पालन करते हुए पुलिस को सूचना दे दी। जब पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई तो उसमें गला दबाने की पुष्टि हुई।

आखिरकार तीन दिन तक चली जांच के बाद पुलिस ने मृतक की पत्नी और उसके बॉयफ्रेंड को शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कविनगर थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर एसजे-50 में महेश राणा की 30 नवंबर की शाम संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। पत्नी कविता अपने पति को बेहोशी की अवस्था में सर्वोदय हॉस्पिटल में लेकर पहुंची।

डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। कविता ने पूरे हॉस्पिटल स्टाफ को भरोसे में लेने का प्रयास किया कि पति ने सुसाइड किया है। इस दौरान उसने बच्चों से बोला कि पापा ने आत्महत्या कर ली है। पुलिस हॉस्पिटल में पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला कि महेश की गला घोंटकर हत्या की गई है। इसके बाद पुलिस ने हत्या के बिंदु पर छानबीन शुरू कर दी। पुलिस ने जब कविता की 13 वर्षीय बेटी और 8 वर्षीय बेटे से पूछताछ की तो पता चला कि 30 नवंबर की रात उनका पिता महेश राणा शराब पीकर घर आया था।

इसके बाद महेश और कविता के बीच लड़ाई हुई। इस दौरान कविता अपने पति को एक कमरे के अंदर ले गई और कमरा अंदर से बंद कर लिया। कुछ देर बाद बच्चों ने कमरे में देखा तो उनकी मां कविता अपने पति महेश की छाती पर चढ़ी हुई थी और उसका गला दबा रही थी। बच्चों ने जब बाद में मां से पूछा तो उसने बताया कि वो महेश के मुंह से गुटखा निकाल रही थी। पुलिस ने कविता के मोबाइल को कब्जे में लिया।

मोबाइल से कुछ वॉट्सएप चैट और रिकॉर्डिंग मिली। इससे पुष्टि हुई कि कविता के विनय शर्मा नामक व्यक्ति से अवैध संबंध हैं। विनय ग्रेटर नोएडा में बादलपुर थाना क्षेत्र के गांव कुड़ी खेड़ा का रहने वाला है। वो सर्वोदय हॉस्पिटल में इंश्योरेंस का काम देखता है, जबकि कविता वहां पर स्टाफनर्स है।

दोनों की मुहब्बत अस्पताल से ही शुरू हुई थी। महेश राणा को ये बात पता चल गई थी। वो कविता से इसका विरोध करता था। महेश को रास्ते से हटाने के लिए कविता-विनय ने प्लानिंग बनाई।


पुलिस हिरासत में हत्यारोपी महिला और उसका प्रेमी।

## दोस्त निकला फैक्ट्री कर्मचारी का हत्यारा

**नोएडा।** थाना बादलपुर क्षेत्र में स्थित एक फैक्ट्री में काम करने वाले युवक की हुई हत्या के मामले में पुलिस से अहम खुलासा किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक अरुण की हत्या उसके दोस्त आकाश ने की थी। बताया जाता है कि दोनों काफी घनिष्ठ दोस्त थे। घटना वाले दिन आकाश और अरुण ने एक कार में बैठकर शराब पी। खाने.पीने के सामान के पैसे देने को लेकर दोनों में विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों में मारपीट हो गई। बताया जाता है कि आकाश ने अरुण के ऊपर धारदार हथियार से हमला किया, जब वह बेहोश हो गया तो वह उसे लेकर सूरजपुर थाना क्षेत्र के निको मोड़ पर आया। उसने उसके शव को नाले में डाल दिया, तथा उसके सिर पर पत्थर से वार किया ताकि उसकी पहचान मिट सके। अरुण का शव 30 नवंबर को थाना सूरजपुर क्षेत्र में मिला था।

## संक्षिप्त समाचार


सम्पूर्ण समाधान दिवस पर तहसील लोनी में एसपी ग्रामीण एवं एसडीएम लोनी द्वारा जनता की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निस्तारण करने का निर्देश दिया।

### बसों में तैनात होगी जांच यूनिट

**गाजियाबाद।** रात्रि के समय रोडवेज की लॉन्ग रूट पर चलने वाली बसों में डब्ल्यूटी रोकने की कोशिश तेज हो गई है। इसके लिए हर लॉन्ग रूट पर रात में जांच के लिए टीम तैनात की जाएगी। प्रदेश भर में रोडवेज के पास करीब 16 हजार से अधिक बसें हैं जिनका संचालन लॉन्ग रूट पर होता है। इन बसों को दिन रात चलाया जाता है। ऐसे में रोडवेज को इस तरह की आशंका है कि दिन में तो इन बसों में बिना टिकट सवारियां कम चलती हैं।

### नशा मुक्ति केंद्र से लापता हुए मरीज

**गाजियाबाद।** ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिरनेचर सिटी में स्थित न्यू सोलंकी फाउंडेशन के नाम से संचालित नशामुक्ति केंद्र में उपचार करवाने आये लगभग 40 मरीज रहस्यमय हालात में लापता हो गये थे। वहीं, उक्त घटना की सूचना देते हुए नशामुक्ति केंद्र के संचालक अनिल कुमार ने पुलिस को बताया कि नशे से मुक्ति का उपचार करवा रहे मरीज वालिंटियर का काम कर रहे लोगों के साथ मारपीट करने के बाद उनपर जानलेवा हमला बोलकर वहां से भाग गए। इस घटना के संदर्भ में एसपी देहात डॉ इरज राजा ने बताया कि इस प्रकरण की रिपोर्ट दर्ज करके रहस्यमय हालात में लापता हुए नशा प्रवृत्ति से पीड़ित मरीजों की बरामदगी के लिए एसएचओ ट्रोनिका सिटी के नेतृत्व में पुलिस की कई टीम बनाई गई हैं।

### गौर ग्रीन सिटी में 60 घंटे में शुरू हुई विद्युत आपूर्ति

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम की गौर ग्रीन सिटी सोसायटी का बिजली कनेक्शन करीब 60 घंटे बाद विद्युत निगम की ओर से जोड़ दिया गया है। इसके पहले डीजल जनरेटर से सोसायटी के बिजली आपूर्ति हो रही थी। सोसायटी के विद्युत पैनल को ठीक करने के बाद कनेक्शन जोड़ने के दौरान करंट लगने से मृतक संविदा बिजलीकर्मी वीरू के परिवार को विद्युत निगम की ओर से पांच लाख रुपये, प्रशासन की ओर से पीएम आवास योजना के तहत घर और आर्थिक मदद दिलाने का आश्वासन दिया गया है। गौर ग्रीन सिटी सोसायटी में 760 फ्लैट हैं। यहां करीब साढ़े तीन हजार लोग रहते हैं। बृहस्पतिवार सुबह करीब तीन बजे विद्युत पैनल में फाल्ट से बिजली गुल हो गई थी। इसके बाद जनरेटर जलाकर सोसायटी के फ्लैटों में बिजली आपूर्ति दी जा रही थी।

### बेरोजगारी से तंग आकर युवक ने की आत्महत्या

**नोएडा।** कुलेसरा गांव में रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक पिछले कुछ समय से बेरोजगार होने के कारण मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। मूल रूप से सुल्तानपुर निवासी निखिल पुत्र रामपाल कुलेसरा गांव में अपनी पत्नी के साथ किराए पर रह रहा था। बीती शाम उसकी पत्नी किसी काम से बाहर गई थी। कुछ समय बाद जब वह वापस लौटी तो उसे निखिल फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। पड़ोसियों की मदद से निखिल की पत्नियों से उसे उतार कर लेकर भंगेल स्थित सीएचसी पहुंची जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची थाना ईकोटेक 3 पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि निखिल पिछले कुछ समय से बेरोजगार चल रहा था।

## 20 वर्षीय पड़ोसी ने दूसरी कक्षा के छात्र के साथ किया कुकर्म

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा से एक ऐसी खबर सामने आई है जिसने हैवानियत की हदों को पार कर दिया है। दरअसल, ग्रेटर नोएडा के एक 20 वर्षीय युवक ने अपने पड़ोस में रहने वाले दूसरी कक्षा के छात्र के साथ दुष्कर्म किया है। इस कुकर्म को अंजाम देने के बाद आरोपित युवक ने बच्चे को घर भेज दिया। बच्चा जब घर पहुंचा तो वह खून से लथपथ था।

उसे ऐसी अवस्था में देख उसके घरवाले परेशान होकर उसे उपचार के लिए अस्पताल ले गए, जहां उसे भर्ती कराया गया। इस बात की सूचना घर वालों ने पुलिस को दी है, जिसके बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है। ग्रेटर नोएडा का ऐसा ही एक मामला सामने आया था, जिसमें एक 10 साल के लड़के के साथ दुष्कर्म किया गया था। मामले में पीड़ित की शिकायत के पर ईकोटेक.3 थाना में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने बच्चे को मेडिकल जांच के लिए अस्पताल भेजा जहां डॉक्टरों ने इस बात की पुष्टि की थी कि बच्चे के साथ दुष्कर्म हुआ है।

# ग्रेनो बनेगा प्रदूषण मुक्त व प्लास्टिक रहित शहर: ऋतु माहेश्वरी

● सीईओ ने रेल विहार सोसाइटी में पहले थैला बैंक का शुभारंभ किया

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**ग्रेटर** नोएडा को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने थैला बैंक के रूप में एक और पहल की है। सीईओ ने शनिवार को रेल विहार सोसाइटी में पहले थैला बैंक का शुभारंभ किया।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा शर्मा के साथ थैला बैंक का शुभारंभ करते हुए नोएडा-ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने कहा कि कोई भी अभियान बिना जन सहयोग के सफल नहीं होता है। ग्रेटर नोएडा को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए सभी ग्रेटर नोएडावासियों को सहयोग करना होगा। सीईओ ने कहा कि न तो खुद प्लास्टिक का उपयोग करें और न ही अपने आसपास किसी को प्लास्टिक का उपयोग करने दें।

सीईओ ने सड़क अथवा किसी सार्वजनिक स्थल पर कूड़ा न फेंके। सिर्फ डस्टबिन में ही कूड़ा डालें। सीईओ ने रेल विहार सोसाइटी के प्रयास की सराहना करते हुए अन्य सेक्टरों व सोसाइटियों से भी थैला बैंक बनाने की अपील करते हुए प्राधिकरण की तरफ से और भी जगहों पर थैला बैंक बनाने का एलान किया। बता दें कि प्राधिकरण की तरफ से नौ अन्य थैला बैंक बनाए गए हैं। ये थैला बैंक पार्श्वनाथ ईडन, टाटा स्टील, द किंग रिजर्व, एटीएस डोल्से, एडब्ल्यूएचओ सोसाइटी, एल्डिको ग्रीन मिडोज, एल्डेको मैस्टिक ग्रीन्स, उत्स्वेरिया गार्डन और गौर अतुल्यम सोसाइटी में बनाए गए हैं। हर थैला बैंक में 300 से 400 थैला रखे गए हैं। थैला ले जाने वालों का नाम व नंबर रजिस्टर में अंकित किया जाएगा।

टैली का उपयोग करने के बाद थैला बैंक में जमा कराना होगा। सीईओ ने रेल विहार में कूड़े से कंपोस्ट बनाने की पहल की भी सराहना की और अन्य सोसाइटियों से इसके लिए अपील की। इस अवसर पर रेल विहार सोसाइटी के अध्यक्ष उमेश चतुर्वेदी ने शीघ्र ही सोसाइटी में बर्तन बैंक बनाने का एलान किया। सीईओ ने प्राधिकरण के जनस्वास्थ्य विभाग के थैला बैंक खोलने के प्रयास की सराहना की।

प्रभारी जीएम सलिल यादव ने रेल विहार आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों से अपील की कि थैला को गेट पर रखें। अगर कोई पॉलिथीन ले जाता दिखे उसे रोककर थैला उपलब्ध करा दें।

कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों ने पॉलिथीन का इस्तेमाल न करने की शपथ ली। इस दौरान जनस्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ फीड बैक फाउंडेशन, एआईआईएलएसजी के प्रतिनिधि भी मौजूद थे।


थैला बैंक का शुभारंभ करतीं नोएडा के सीईओ ऋतु माहेश्वरी।

## स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स व वेडिंग जोन का किया निरीक्षण

नोएडा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने शनिवार को स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, वेडिंग जोन, आईआईटीजीएनएल की इंडस्ट्रियल टाउनशिप व ट्रकर्स प्वाइंट का जायजा लिया। इन सुविधाओं को जल्द शुरू कराने के निर्देश दिए। सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने एसीईओ प्रेरणा शर्मा व अमनदीप डुली के साथ शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में स्थित क्रिकेट ग्राउंड, स्वीमिंग पूल, स्क्वैश, फुटबॉल ग्राउंड, बैडमिंटन कोर्ट आदि सुविधाओं को देखा। इस ग्राउंड में अंतराष्ट्रीय स्तर के मैच कराने के लिए प्रयास किए जाने की बात कही। बैडमिंटन कोर्ट में जल्द एकेडमी शुरू कराने के निर्देश दिए। ओलंपिक स्तर के बने स्वीमिंग पूल को भी जल्द शुरू कराया जाएगा। सीईओ ने स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के रखरखाव को और बेहतर बनाने और सभी सुविधाओं को खिलाड़ियों के लिए शुरू कराने के निर्देश दिए। सीईओ ने स्पोर्ट्स की सभी फैसिलिटी के साथ ही स्पोर्ट्स कंपलेक्स में बने 12 क्योस्क, दुकानें व रेस्टोरेंट को भी को भी जल्द शुरू कराने को कहा है। सेक्टर बीटा टू स्थित वेडिंग जोन का भी सीईओ ने निरीक्षण किया। उन्होंने सभी प्रक्रिया को पूरा कर इसे वेंडरों को दिए जाने के निर्देश दिए। इस वेंडिंग जोन में 48 वेंडरों के लिए प्लेटफॉर्म बनाए जा रहे हैं।

## सिगरेट-गुटखा के पैसे मांगने पर देता था भाई को मारने की धमकी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**थाना** बादलपुर पुलिस ने गुमशुदा अरुण कुमार की हत्या के मामले का पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। सिगरेट और पान मसाले के पैसे मांगने पर भाई को जान से मारने की धमकी देने पर आरोपी ने अरुण को मौत के घाट उतारा था।

एडीसीपी सेंट्रल जोन साद मियां खान ने बताया कि गत 29 नवंबर को ग्राम मिलक खदाना निवासी अरुण कुमार पुत्र राजपाल सिंह के परिजनों ने उसके लापता होने की रिपोर्ट थाना बादलपुर में दर्ज कराई थी। 1 दिसंबर को थाना सूरजपुर क्षेत्र के ग्राम देवला के नाले से एक शव बरामद हुआ जिसकी शिनाख्त गुमशुदा अरुण कुमार के रूप में हुई। इसके पश्चात थाना बादलपुर थाने में हत्या का मामला पंजीकृत किया गया। मामले की विवेचना कर रहे थाना प्रभारी रविंद्र कुमार को जानकारी मिली कि लापता होने वाले दिन अरुण दादरी ओवर ब्रिज के निचे विकास के पान के खोखे पर गया था। कई लोगों ने विकास के भाई आकाश के साथ उसे शराब पीते हुए देखा था। संदेह के आधार पर विकास के भाई आकाश से पूछताछ की गई तो इस पूरे मामले का खुलासा हुआ। आकाश ने बताया कि अरुण उसके भाई विकास के खोखे पर आता था और सिगरेट गुटका लेने के बाद पैसे नहीं देता था। गत 20 नवंबर की रात्रि को अरुण ने सिगरेट ली और पैसे नहीं दिए जिस पर विकास और अरुण के बीच कहासुनी हो गई।

आकाश ने बताया कि उसने बीच.बचाव किया तो अरुण ने कहा कि तुम्हारा भाई बार.बार पैसे मांगता है इसलिए वह उसे जान से मार देगा। अरुण की बात सुनकर आकाश ने उसे मारने की योजना बनाई और उसे अपनी स्विफ्ट डिजायर कार में बैठाकर दादरी के ओवर ब्रिज के पास ले गया। यहां उसने ठेके से शराब खरीदी। आकाश ने जमकर शराब पिलाने के बाद वह कार को देवला गांव के नाले के पास सुनसान जगह पर ले गया। आकाश ने बताया कि उसने कार में ही चाकू से अरुण का गला रेत दिया। अरुण जब अधमरा हो गया तो उसके सिर पर पत्थर से कई वार किए जिससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद उसने शव को नाले में फेंक दिया और घर लौट गया। आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त चाकू, पत्थर का टुकड़ा व स्विफ्ट डिजायर कार को भी बरामद किया गया है।





## ग्रेटर नोएडा में भी चलेगा बर्तन बैंक

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**ग्रेटर** नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने ग्रेटर नोएडा के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शनिवार को पहले बर्तन बैंक का भी शुभारंभ किया। इस बर्तन बैंक में बर्तनों के 1000 सेट रखे गए हैं। जरूरत मंद यहां से निःशुल्क बुकिंग कराकर बर्तन प्राप्त कर सकते हैं। बुकिंग के समय 100 रुपये पंजीकरण राशि देनी होगी, जो कि बर्तन वापस करने पर रिफंड हो जाएगी।

एसीईओ प्रेरणा शर्मा व अमनदीप डुली की मौजूदगी में बर्तन बैंक का शुभारंभ करते हुए सीईओ ने कहा कि इस पहल से तमाम जरूरतमंदों को राहत मिलेगी। प्राधिकरण के प्रभारी जीएम सलिल यादव ने बताया कि बर्तन बैंक में प्लेट, गिलास व चम्मच के सेट रखे गए हैं। यहां से बर्तन प्राप्त करने के लिए 24 घंटे पहले बुकिंग करानी होगी। आवेदक को आधार, वोटर आईडी या पैन कार्ड में से दो आईडी उपलब्ध कराने होंगे।

### लापता तीन नाबालिग लड़कियां और महिला गुजरात से बरामद

**नोएडा।** थाना सेक्टर 63 के बहलोलपुर क्षेत्र से लापता दो किशोरियों को पुलिस ने सर्विलांस की मदद से गुजरात के गोधरा रेलवे स्टेशन से ढूंढ निकाला है। किशोरियों को अपने साथ ले जाने वाली महिला को भी पुलिस ने पकड़ लिया है। पकड़ी गई आरोपी महिला की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। एडीसीपी साद मियां खान ने बताया कि पीड़ित पिता ने नाबालिक पुत्रियों को एक महिला द्वारा अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस की टीम ने जब सीसीटीवी को चेक किया तो एक महिला दोनों लड़कियों को ले जाते हुए दिखाई दी। पीड़ित ने महिला की पहचान पड़ोस में रहने वाली रानी सिंह के रूप में की।

## अलग-अलग सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत, 3 घायल

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर जिले में दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक पुलिसकर्मी और होमगार्ड के एक जवान समेत तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को बताया कि थाना दनकौर क्षेत्र के यमुना एक्सप्रेस-वे पर शुक्रवार रात गश्त के दौरान एक पुलिस वाहन को एक ट्रक ने टक्कर मार दी।

थाना दनकौर के प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि घटना में घायल हुए कांस्टेबल भुवनेश्वर सिंह तथा होमगार्ड के जवान जय प्रकाश भाटी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है। वहीं, दूसरी घटना थाना दादरी क्षेत्र के ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे के रामपुर फतेहपुर गांव के पास हुई है, जहां एक ट्रक ने एक बाइक को टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा व्यक्ति घायल हो गया। थाना दादरी के प्रभारी उमेश बहादुर सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान मनोज कुमार (32) के तौर पर हुई है, जो एटा जिले का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में घायल हुए प्रदीप कुमार (30) को ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## पार्क में बुजुर्ग पर कुत्ते ने किया हमला

**नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट की सेक्टर 16 स्थित वेदांतम सोसायटी में एक और डॉग बाइट का मामला सामने आया है। सोसाइटी के अंदर पार्क में एक आवारा कुत्ते ने 83 साल के बुजुर्ग को अपना शिकार बनाया। बुजुर्ग शनिवार की सुबह करीब 10 बजे पार्क में धूप में बैठे थे इसी दौरान दो आवारा कुत्तों ने उन पर हमला किया जिसमें से एक ने उनके पैर पर बुरी तरह से काट लिया। सोसायटी निवासी गिरिजेश अवस्थी ने बताया कि उनके 83 वर्षीय पिता गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं जिनका पहले से ही इलाज चल रहा है। डॉक्टर ने उनको हर रोज सुबह धूप में बैठने की सलाह दी है।

शनिवार की सुबह वह पार्क में जाकर धूप में बैठे थे इसी दौरान दो आवारा कुत्तों ने उन पर हमला कर दिया। एक कुत्ते ने उनके पैर पर काट लिया। घटना के बाद मामले की शिकायत फैसिलिटी से की गई है।

सोसायटी में 20 से ज्यादा आवारा कुत्ते घूमते हैं। पहले भी यहां डॉग बाइट की घटनाएं हुई हैं जिनका कोई संज्ञान नहीं लिया गया। कुत्ते के हमले से घायल हुए बुजुर्ग अब सोसायटी परिसर में जाने से डरे हुए हैं। ग्रेनो अथॉरिटी और जिम्मेदारों को आवारा कुत्तों को नियंत्रित करने के लिए सख्त कदम उठाने चाहिए। सोसायटी के लोग आवारा कुत्तों को बाहर निकालने का प्रयास करते हैं तो विवाद की स्थिति बन जाती है।

# छह मंजिला इमारत में लगी आग

● 50 से अधिक लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**ग्रेटर** नोएडा वेस्ट के शाहबेरी में 6 मंजिला इमारत के बेसमेंट में सुबह करीब 8 बजे अचानक आग लग गई।

बेसमेंट में लकड़ी का गोदाम बताया जा रहा है। इमारत में कई परिवार भी रहते हैं। जिस समय आग लगी इमारत में 50 से अधिक लोग मौजूद थे। आसपास एकत्र लोगों ने ऊपरी मंजिल पर रहने वाले लोगों को सीढ़ी लगाकर नीचे उतारा। इसके साथ ही आग लगने की सूचना अग्निशमन विभाग को दी। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया है। जांच में सामने आया है कि इमारत में अग्निशमन उपकरण नहीं लगे थे। आग लगने की वजह फिलहाल शॉर्ट सर्किट होना बताया जा रहा है। आग पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया गया है। शाहबेरी में बिल्डरों ने न केवल मानकों को दरकिनार कर बहुमंजिला इमारतें खड़ी कर दीं। बल्कि इमारतें आग के मुहाने पर है। शायद ही ऐसी कोई इमारत हो जिसमें अग्निशमन उपकरण लगे है।

करीब 25 हजार की आबादी शाहबेरी गांव में इन इमारतों में रह रही है। वहीं कोट डेरिन गांव में शुक्रवार देर रात कबाड़ के एक गोदाम में भीषण आग लग गई। इस दौरान किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं मिली है। मुख्य दमकल अधिकारी प्रदीप चौबे ने बताया कि देर रात को दमकल विभाग को सूचना मिली कि दादरी थाना क्षेत्र के कोट डेरिन गांव में स्थित कबाड़ के गोदाम में आग लग गई है। दादरी पुलिस और दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची तथा आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया।



# रिटर्न फाइल नहीं करने वाले सरकारी विभागों पर होगी कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**जीएसटी** रिटर्न फाइल नहीं करने वाले सरकारी विभागों के ऊपर अब कार्यवाही होगी। अपर आयुक्त राज्यकर अदिति सिंह ने बताया कि जीएसटी अधिनियम की धारा.51 के अंतर्गत नियमानुसार 1 प्रतिशत सीजीएसटी और 1 प्रतिशत एसजीएसटी व प्रांत के बाहर सप्लायर की स्थिति में 2 प्रतिशत आईजीएसटी की टीडीएस कटौती का प्राविधान है।

शर्त ये है कि किए जाने वाले भुगतान 2.50 लाख ये ऊपर के एक अनुबंध के तहत किया गया हो। उन्होंने बताया कि जांच में पाया गया कि कई विभागों द्वारा अनुबंध तो किया है और टीडीएस कटौती भी की गई है। लेकिन जीएसटी के तहत दाखिल किया जाने वाला रिटर्न जीएसटीआर.7 फाइल नहीं किया गया है। ऐसे सरकारी विभागों की संख्या काफी ज्यादा है।

उन्होंने बताया कि गौतमबुद्ध नगर जोन के 17 विभागों की ओर से 2018.19 से 2022.23 तक कुल 225 रिटर्न फाइल नहीं होने की सूचना मिली। इसके एवज में इन सभी सरकारी विभागों से पत्राचार किया गया। इसके बाद तीन विभागों ने रिटर्न फाइल किए। 10 विभागों की ओर से 2.50 लाख से कम भुगतान होने के संबंध में अपने स्पष्टीकरण प्रस्तुत किए गए। इसके बाद कई विभागों की ओर से रिटर्न फाइल नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि जिला अधिकारी गौतमबुद्ध नगर की ओर से 2018.19 से साल 2022.23 तक कुल 40 रिटर्न, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय से 36 रिटर्न, जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से 7 और सेना नायक पीएसी मुख्यालय से कुल 19 रिटर्न फाइल नहीं किए गए हैं। इन सभी को निर्देशित किया गया है कि वे रिटर्न फाइल कर दें। अन्यथा इनके खिलाफ धारा.122,125 के अंतर्गत अर्थदंड नोटिस जारी किया जाएगा।



# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 5-1 से करारी शिकस्त दी, श्रृंखला जीती

## पांच मैचों की श्रृंखला में 3-1 से अजेय बढ़त हासिल की

एजेंसी। एडिलेड

**भारतीय** टीम ने शुरू में अच्छा प्रदर्शन करके बढ़त बनाई लेकिन मध्यांतर से ठीक पहले उसकी रक्षापंक्ति बिखर गई जिसका फायदा उठाकर ऑस्ट्रेलिया ने वापसी करके शनिवार को यहां चौथे हॉकी टेस्ट मैच में भारत को 5-1 से करारी शिकस्त दी।

ऑस्ट्रेलिया ने इस जीत से पांच मैचों की श्रृंखला में 3-1 से अजेय बढ़त हासिल की। श्रृंखला का पांचवा और अंतिम मैच रविवार को खेला जाएगा। पहले क्वार्टर में कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई जिसके बाद दिलप्रीत सिंह ने 25वें मिनट में गोल करके भारत को बढ़त दिलाई। पहले क्वार्टर में भारतीय रक्षापंक्ति ने अच्छा खेल दिखाया लेकिन बाद में वह अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रख पाई। दूसरे क्वार्टर के आखिरी क्षणों में भारतीय रक्षा पंक्ति बिखर गई जिसका फायदा उठाकर जेरेमी हेवर्ड (29वें) और जेक व्हीटन (30वें) ने 50 सेकेंड के अंदर दो गोल करके ऑस्ट्रेलिया को मध्यांतर से पहले बढ़त दिला दी। ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे क्वार्टर में पूरा दबदबा बनाया। टॉम विकम (34वें) ने उसकी बढ़त को मजबूत किया जबकि हेवर्ड ने 41वें मिनट में अपना दूसरा और टीम की तरफ से चौथा गोल किया। मैट डॉसन ने 54वें मिनट में भारतीय गोलकीपर कृष्ण पाठक को छका कर ऑस्ट्रेलिया की तरफ से पांचवा गोल दागा।



### भारत की बढ़त पांच मिनट भी नहीं रह सकी

**भारत** की बढ़त पांच मिनट भी नहीं रह पाई तथा हेवर्ड ने ड्रैग फ्लिक से गोल करके ऑस्ट्रेलिया को बराबरी पर ला दिया। इसके तुरंत बाद व्हीटन ने जैक वेल्च की मदद से गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। यह मैच का टर्निंग प्वाइंट था क्योंकि भारतीय रक्षा पंक्ति ने इसके बाद अपनी लय खो दी। विकम ने पहले प्रयास में चूकने के बाद अगले प्रयास में गोल किया जबकि हेवर्ड ने अपना दूसरा गोल दागकर तीसरे क्वार्टर तक ऑस्ट्रेलिया को 4-1 से आगे कर दिया। भाग्य भी लगता था भारत के साथ नहीं था क्योंकि एक समय लग रहा था कि श्रीजेश ने हेवर्ड का शॉट रोक दिया है लेकिन गेंद उनके हाथ से छिटककर गोल में चली गई।

### तीसरे टेस्ट मैच में हराया था आस्ट्रेलिया को

**हरमनप्रीत**, हार्दिक सिंह और नीलकांत शर्मा जैसे खिलाड़ियों ने मौके बनाए लेकिन वह अपने मजबूत प्रतिद्वंदी की रक्षा पंक्ति को नहीं भेद पाए। भारत ने बुधवार को तीसरे टेस्ट मैच में आखिरी क्षणों में गोल करके ऑस्ट्रेलिया को 4-3 से हराकर श्रृंखला में अपनी उम्मीदें जीवंत रखी थी। भारतीय टीम पहले टेस्ट मैच में 4-5 से हार गई थी जबकि तीसरे टेस्ट में ब्लैक गोवर्स की हैट्रिक के कारण उसे 4-7 से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा था।

अनुभवी पीआर श्रीजेश की जगह गोलकीपिंग की जिम्मेदारी संभाल रहे पाठक ने हालांकि कुछ अच्छे बचाव करके भारतीय टीम को शर्मसार होने से बचाया। ऑस्ट्रेलिया ने खेल के हर क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन किया और हार्वे ने मध्य पंक्ति में कुछ अच्छे मूव बनाए। विश्व की नंबर एक टीम को हालांकि शुरू में भारतीय रक्षा पंक्ति के शानदार खेल के कारण जूझना पड़ा। श्रीजेश तब गोलकीपर की भूमिका निभा रहे थे। पाठक ने दूसरे क्वार्टर में यह जिम्मेदारी संभाली और नाथन एफ्राम्स के प्रयासों को विफल किया। भारतीय खेल को देखकर लग रहा था कि वह श्रृंखला बराबर करने में सफल रहेगा। दिलप्रीत ने इस बीच उसे बढ़त दिला दी। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई डिफेंस में सेंध लगाकर करारे शॉट से खूबसूरत गोल दागा।



## बांग्लादेश के खिलाफ वनडे श्रृंखला

# भारतीय टीम का शीर्ष क्रम के संयोजन पर होगा ध्यान

एजेंसी। मीरपुर

**भारत** के शीर्ष बल्ल्लेबाजी क्रम का उद्देश्य बांग्लादेश के खिलाफ रविवार को यहां शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में परिवर्तन लाने के साथ और अधिक जज्बा दिखाने का होगा। जिसमें अनुभवी शिखर धवन और प्रतिभाशाली केएल राहुल के बीच सलामी बल्लेबाज स्थान के लिए द्वंद्व की स्थिति होगी।

अगर निरंतर अच्छा प्रदर्शन कर रहे युवा शुभमन गिल (इस श्रृंखला के लिए आराम दिया गया) भी इस टीम में शामिल हो जाएं तो कोच राहुल द्रविड़ के लिए भारतीय शीर्ष क्रम की पहेली को सुलझाना मुश्किल होगा। अगले एक साल में ध्यान सिफ वनडे पर लगा होगा और 50 ओवर में भारत के रवैए में बड़े बदलाव की जरूरत है। कभी कभार ज्यादा विकल्प होना भी वास्तव में अच्छा सिरदर्द नहीं होता क्योंकि इससे ज्यादा भ्रम की स्थिति उत्पन्न होती है। जब एक ही तरह के कौशल में कई विकल्प होते हैं तो कोच हर किसी को बराबरी के मौके देने का प्रयास करता है लेकिन इससे संतुलित लाइन अप नहीं बन पाती और जब कोई बड़ा टूर्नामेंट करीब ही हो तो यह आदर्श स्थिति नहीं है। इस समय भारत की सफेद गेंद की टीम इसी दौर से गुजर रही है।

कुछ साल पहले रोहित शर्मा और शिखर धवन भारत के वनडे में सलामी जोड़ीदार के रूप में पसंदीदा जोड़ी होती थी जिस पर बमुश्किल ही कोई सवाल पूछा जाता था या फिर उनके स्थान पर बहस की जाती थी। लेकिन धवन के पावरप्ले में धीमे खेल और गिल के आने से संभावनाएं पैदा होनी ही थी। केएल राहुल शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करना पसंद करते हैं और उन्हें इसमें सफलता भी मिली है, लेकिन पूर्व कोच रवि शास्त्री के कार्यकाल के दौरान उन्होंने मध्यक्रम में कुछ मैच खेले। लेकिन विडंबना यह है कि इतनी संख्या देखते हुए भी इससे स्पष्ट संकेत नहीं मिल रहा है कि श्रृंखला के लिए रोहित के साथ पारी का आगाज करने के लिए किसे होना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### सर्बिया को शिकस्त देकर स्विट्जरलैंड अंतिम 16 में

**दोहा।** स्विट्जरलैंड ने सर्बिया को 3-2 से हराकर विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता में लगातार तीसरी बार अंतिम 16 में जगह बनाई। शुक्रवार को खेले गए ग्रुप जी के इस मैच में रेमो फ्रेयुलर (48वें मिनट) ने मध्यांतर के तुरंत बाद विजयी गोल दागा। इस जीत से स्विट्जरलैंड ग्रुप में ब्राजील के बाद दूसरे स्थान पर रहा। वह अंतिम 16 में मंगलवार को लुसैल स्टेडियम में पुर्तगाल का सामना करेगा। जेरदान शाकिरी ने 20वें मिनट में स्विट्जरलैंड के लिए पहला गोल दागकर उसे बढ़त दिलाई लेकिन सर्बिया ने अलेक्जेंडर मित्रोविच (26वें मिनट) और दुसान व्लाहोविच (35वें मिनट) के गोल की मदद से शानदार वापसी की। ब्रेल एम्बोलो (44वें मिनट) ने मध्यांतर से ठीक पहले गोल करके स्विट्जरलैंड को बराबरी दिलाई। स्विट्जरलैंड इससे पहले ब्राजील से हार गया था जबकि उसने कैमरून को हराया था। ऐसे में सर्बिया के खिलाफ जीत से उसका अंतिम 16 में स्थान पक्का था। उसके और ब्राजील के समान छह अंक रहे लेकिन दक्षिण अमेरिकी टीम बेहतर गोल अंतर के कारण ग्रुप में शीर्ष पर रही।

### कैमरून से हार के बावजूद ग्रुप में शीर्ष पर रहा ब्राजील

**लुसैल ( कतर )।** विंसेंट अबूबकर के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में किए गए गोल की बदौलत कैमरून ने ब्राजील को 1-0 से पराजित करके उसे पिछले 24 वर्षों में विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप चरण में पहली हार का स्वाद चखाया लेकिन इसके बावजूद पांच बार का चैंपियन ग्रुप जी में शीर्ष पर रहकर नॉकआउट चरण में पहुंचा। अबूबकर ने ब्राजील के गोलकीपर एडरसन हो छकाकर हैडर से गोल किया और इसके बाद जश्न में अपनी शर्ट उतार दी। कैमरून के कप्तान ने कॉर्नर फ्लैग के पास में अपनी शर्ट फेंकी जिसके बाद रेफरी ने उन्हें पीला कार्ड दिखा दिया। यह उनका दूसरा पीला कार्ड था जिसके कारण उन्हें मैदान से बाहर होना पड़ा। कैमरून ने इससे पहले विश्वकप में पिछले नौ मैचों में जीत दर्ज नहीं की थी। ब्राजील इस मैच में अपने रिजर्व खिलाड़ियों के साथ उतरा था। उसने 1998 फ्रांस में नार्वे के हाथों 2-1 से हार के बाद ग्रुप चरण में लगातार 17 मैच जीते थे। यह उसकी विश्वकप में ग्रुप चरण के पिछले 29 मैचों में पहली हार है। ब्राजील ने ग्रुप चरण के अपने पहले दो मैचों में सर्बिया और स्विट्जरलैंड को हराकर नॉकआउट में अपनी जगह पक्की कर दी थी। वह अंतिम 16 में दक्षिण कोरिया का सामना करेगा।

### ब्राजील के प्रशंसकों ने विश्वकप से पहले महान पेले को याद किया

**लुसैल ( कतर )।** ब्राजील के प्रशंसकों ने कैमरून के खिलाफ शुक्रवार को विश्वकप मैच से पहले अपने जमाने के दिग्गज फुटबॉलर पेले को याद किया। पेले अभी 82 साल के हैं और उनका पिछले साल आंतों के कैंसर का इलाज हुआ था। उन्हें मंगलवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के चिकित्सकों के अनुसार उन्हें सांस संबंधी दिक्कत है और वह अभी अस्पताल में भर्ती रहेंगे। ब्राजील के प्रशंसक राफेल बिस्टेली ने कहा, ब्राजील के विश्वकप मैच के दौरान पेले के बारे में सुनकर दुख पहुंचा। हम यहां से उनके लिए सकारात्मक ऊर्जा भेजने का प्रयास कर रहे हैं। कतर में ब्राजील के प्रशंसकों ने एक बैनर लहराया जिस पर पेले की तस्वीर बनी हुई थी। इसके अलावा उनके हाथों में एक बड़ा ध्वज था जिस पर ब्राजील के इस महान खिलाड़ी की तस्वीर बनी हुई थी और साथ में लिखा था पेले, जल्द स्वस्थ हों। स्टेडियम में मौजूद एक प्रशंसक ने ऐसी जर्सी पहनी थी जिस पर पेले की तस्वीर छपी थी।

### सुकांत कदम पैरा बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली।** दुनिया के तीसरे नंबर के पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी सुकांत कदम पेरू पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा के सेमीफाइनल में पहुंच गए। इस भारतीय खिलाड़ी ने लीमा में खेले जा रहे टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में ब्राजील के ब्रेनो जोहान को महज 21 मिनट तक चले मुकाबले में 21-14, 21-9 से शिकस्त दी। रविवार को खेल जाने वाले सेमीफाइनल में उनके सामने ग्वाटेमाला के राउल एंगुइआनो की चुनौती होगी। कदम ने अपने ग्रुप चरण के अपने दोनों मैचों में फ्रांस के क्लेमेंट सरोबर्ट और लुडविंग एंक्विस चैना के खिलाफ सीधे गेम में जीत दर्ज की थी।

# पोंटिंग ने स्वस्थ होकर कमेंट्री बॉक्स में वापसी की

एजेंसी। पर्थ

**ऑस्ट्रेलिया** के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने ह्रदय संबंधी समस्या से उबरने के बाद शनिवार को यहां ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के चौथे दिन कमेंट्री बॉक्स में वापसी की।

पोंटिंग टेस्ट मैच के तीसरे दिन लंच के समय अस्वस्थ हो गए थे। उनकी छाती में दर्द था और उन्हें चक्कर आ रहे थे। उन्हें तुरंत ही अस्पताल ले जाया गया था। पोंटिंग ने मैच के चौथे दिन शनिवार को कहा, मैंने कल कई लोगों को डरा दिया था और स्वयं मेरे लिए बहुत डरावना पल था। उन्होंने कहा, मैं तीसरे दिन के खेल के दौरान कमेंट्री बॉक्स में बैठा था तब मुझे छाती में तेज दर्द महसूस



हुआ। मैंने इससे उबरने का प्रयास किया लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। पोंटिंग के पूर्व साथी और अब कमेंट्री टीम में शामिल जस्टिन लैंगर ने पोंटिंग को सीढ़ियों से उतरकर ऑस्ट्रेलियाई टीम के चिकित्सक लेह गोल्डिंग के पास पहुंचाने में मदद की। इसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया था। पोंटिंग ने कहा कि उन्होंने अस्पताल में कुछ समय बिताया और अच्छी नींद ली। शेन वार्न और रोडनी मार्श के दिल का दौरा पड़ने से निधन होने के कारण उन्होंने इस दर्द को गंभीरता से लिया।

# बंगाल महिला टी-20 ब्लास्ट में भाग लेंगी छह टीम

**कोलकाता।** बीरभूम की एमजीआर खेल अकादमी में सोमवार से शुरू होने वाले बंगाल महिला टी-20 ब्लास्ट के दूसरे टूर्नामेंट में छह टीम में भाग लेंगी। सौ खिलाड़ियों को अगले साल होने वाले पहले महिला आईपीएल से पूर्व अपना कौशल दिखाने का मौका मिलेगा। बंगाल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली ने बयान में कहा, यह बंगाल की टीम और भविष्य में महिला आईपीएल में जगह बनाने का माध्यम बन सकता है। मैं इसमें भाग लेने वाले सभी क्रिकेटरों को शुभकामनाएं देता हूं। टूर्नामेंट में जो छह टीम भाग लेंगी उनमें मोहन बागान, मोहम्मडन स्पोर्टिंग, कालीघाट क्लब, राजस्थान क्लब, बारानगर स्पोर्टिंग क्लब और जिमखाना शामिल हैं।

# चाहर का दावा, मलेशियाई एयरलाइंस ने सामान खोया

## यात्रा के दौरान भोजन भी नहीं दिया

**बिजनेस क्लास में यात्रा करने के बावजूद भोजन भी मुहैया नहीं करवाया**

एजेंसी। मीरपुर

**भारतीय** तेज गेंदबाज दीपक चाहर ने शनिवार को दावा किया कि जब वह न्यूजीलैंड से ढाका की यात्रा कर रहे थे तब मलेशियाई एयरलाइंस ने उनका सामान खो दिया और उन्हें बिजनेस क्लास में यात्रा करने के बावजूद भोजन भी मुहैया नहीं करवाया। चाहर बांग्लादेश के खिलाफ रविवार से शुरू होने वाली तीन एकदिवसीय मैचों की



श्रृंखला के लिए भारतीय टीम से जुड़े।

चाहर ने शनिवार की सुबह टीम के अभ्यास सत्र से पहले ट्वीट किया, मलेशियाई एयरलाइन्स से यात्रा करना बहुत बुरा अनुभव रहा। पहले उन्होंने हमारी उड़ान बदल दी और इसकी जानकारी तक हमें नहीं दी और फिर बिजनेस क्लास में भोजन भी मुहैया नहीं कराया। अब हम पिछले 24 घंटे से अपने सामान का इंतजार कर रहे हैं जबकि कल हमें मैच खेलना है। न्यूजीलैंड में वनडे श्रृंखला समाप्त होने के बाद चाहर, मोहम्मद सिराज, शार्दुल ठाकुर, शिखर धवन, शुभमन गिल और वाशिंगटन सुंदर क्राइस्टचर्च से कुआलालंपुर होते हुए ढाका पहुंचे। सूर्यकुमार यादव (विश्राम दिए जाने के कारण) और उमरान मलिक सीधे भारत पहुंचे। मलिक को हालांकि अब बांग्लादेश का दौरा करना होगा क्योंकि उन्हें चोटिल मोहम्मद शमी की जगह वनडे टीम में शामिल किया गया है।

# आईपीएल में फुटबॉल जैसा प्लेयर सब्स्टीट्यूशन



## 12वां खिलाड़ी उतार सकेंगे, 14वें ओवर तक बदलाव की इजाजत

एजेंसी। नई दिल्ली

**अब** फुटबॉल की तरह क्रिकेट में भी प्लेयर सब्स्टीट्यूशन देखने को मिल सकता है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) आईपीएल के 16वें सीजन से टैक्टिकल सब्स्टीट्यूशन का कॉनसेप्ट लागू करने की तैयारी में है। बोर्ड ने इसके लिए सभी फ्रेंचाइजी को मैसेज नोट भेजा है। यह नियम लागू होने के बाद एक मैच में एक टीम की ओर से 12 खिलाड़ी खेलते हुए दिखलाई दे सकते हैं। हालांकि, एक पारी में ज्यादा से ज्यादा 10 विकेट ही गिर सकते हैं।

बीसीसीआई के मैसेज नोट में बताया गया कि 2023 के सीजन से सब्स्टीट्यूशन रूल लागू होगा। नए नियम को जल्द ही विस्तार से एक्सप्लेन किया जाएगा। बताया जा रहा है कि टैक्टिकल सब्स्टीट्यूशन का नियम वैसा ही होगा जैसा घरेलू टी-20 टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में अपनाया गया था।

टॉस के समय मैच खेल रहीं दोनों टीमों को प्लेइंग इलेवन के साथ 4-4 सब्स्टीट्यूट प्लेयर्स के नाम भी देने होंगे। इनमें से एक-एक प्लेयर को दोनों टीमें मैच के दौरान प्लेइंग इलेवन में शामिल किसी खिलाड़ी से रिप्लेस कर सकेंगी। हालांकि, सब्स्टीट्यूशन का फैसला पूरी तरह से टीमों पर रहेगा। वे चाहें तो पहली बॉल से लेकर आखिरी बॉल तक 11 प्लेयर्स के साथ ही खेल सकती हैं। रिप्लेस होने के बाद नया खिलाड़ी ही पूरा मैच खेलेगा।

# लाबुशेन की उपलब्धि के बाद ब्रेथवेट ने लगाया शतक

## दोहरा शतक जड़ने वाले तीसरे आस्ट्रेलियाई क्रिकेटर बने

**अपनी दूसरी पारी दो विकेट पर 182 रन पर घोषित की**

एजेंसी। पर्थ

**मार्नस** लाबुशेन ने पहली पारी में 204 रन बनाने के बाद दूसरी पारी में नाबाद 104 रन की पारी खेली जिससे वह एक ही टेस्ट में शतक और दोहरा शतक जड़ने वाले तीसरे आस्ट्रेलियाई क्रिकेटर बन गए। इससे आस्ट्रेलिया ने शुरुआती टेस्ट में शनिवार को यहां वेस्टइंडीज को जीत के लिए 498 रन का लक्ष्य दिया।

वेस्टइंडीज ने शनिवार को यहां स्टंप तक अपनी दूसरी पारी में 62 ओवर में तीन विकेट पर 192 रन बना



लिए और उसे सनसनीखेज जीत दर्ज करने के लिए 306 रन की जरूरत है। आस्ट्रेलिया ने इससे पहले लंच तक अपनी दूसरी पारी दो विकेट पर 182 रन पर घोषित की। तब लाबुशेन 104 और स्टीव स्मिथ 20 रन बनाकर नाबाद थे। टीम ने चौथे दिन एक विकेट पर 29 रन से खेलना शुरू किया और 26 ओवर के सत्र में 153 रन जोड़े। लाबुशेन (110 गेंद, 13 चौके, दो छक्के) और स्मिथ ने पहली पारी में तीसरे विकेट के लिए 251 रन की साझेदारी निभाई थी। इन दोनों ने उसी लय में बल्लेबाजी करते हुए 81 रन की साझेदारी की। लाबुशेन से पहले एक ही टेस्ट में शतक और दोहरा शतक जड़ने वाले अन्य आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ग्रेग चैपल और डग वाल्टर्स हैं। आस्ट्रेलिया ने पहली पारी चार विकेट पर 598 रन के स्कोर पर घोषित की थी और वेस्टइंडीज को 283 रन पर समेट दिया था। वेस्टइंडीज के लिए दूसरी पारी में कप्तान क्रेग ब्रेथवेट नाबाद 101 रन बना चुके हैं जो 80 टेस्ट में उनका 11वां शतक है। उन्होंने और पदार्पण कर रहे सलामी बल्लेबाज तेजनारायण चंद्रपाल (45) ने पहले विकेट के लिए 116 रन की भागीदारी निभाई।

# विश्व कप के करीब आने पर ही विकल्पों को कम करेंगे : रोहित

एजेंसी। मीरपुर

**कप्तान** रोहित शर्मा वनडे विश्व कप के बारे में ज्यादा दूर की सोचकर चीजों को अव्यवस्थित नहीं करना चाहते और उनका कहना है कि उन्हें और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को बखूबी पता है कि वे अगले साल अक्टूबर-नवंबर में भारत में होने वाले इस टूर्नामेंट में किस तरह का रवैया अपनाएंगे।



यह पूछने पर कि क्या विश्व कप की तैयारियां रविवार से बांग्लादेश के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे श्रृंखला से आरंभ होगी तो रोहित ने स्पष्ट किया कि विशेषकर इस टूर्नामेंट (विश्व कप) के बारे में विचार शुरू करने के लिए अभी समय है। रोहित ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले वनडे से पूर्व पत्रकारों से कहा, हर बार जब भी आप एक मैच खेलते हो, यह किसी चीज की तैयारी के लिए ही होता है। विश्व कप में अभी आठ-नौ महीने (10 महीने) हैं। हम इतने दूर के बारे में नहीं सोच सकते। बतौर टीम हमें क्या करने की जरूरत है, हमें उस पर नजर रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर वह ज्यादा जल्दी योजना बनाना शुरू कर देंगे तो इससे मदद नहीं मिलेगी।


# मोहम्मद शमी चोट के चलते बांग्लादेश वनडे से बाहर

**उमरान मलिक को किया गया टीम में शामिल**

एजेंसी। नई दिल्ली

**तेज** गेंदबाज मोहम्मद शमी कंधे में चोट के कारण बांग्लादेश के खिलाफ रविवार से शुरू होने वाली एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे और उनकी जगह उमरान मलिक को टीम में शामिल किया गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को यह जानकारी दी।

शमी ऑस्ट्रेलिया से लौटने के बाद अभ्यास सत्र के दौरान चोटिल हो गए थे। उनका 14 दिसंबर से चटगांव



में शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में खेलना भी संदिग्ध है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा, तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी बांग्लादेश के खिलाफ वनडे श्रृंखला से पहले अभ्यास सत्र के दौरान चोटिल हो गए थे। उनके कंधे में चोट लगी है और अभी वह बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में बीसीसीआई की चिकित्सा टीम की निगरानी में हैं। वह तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। अखिल भारतीय चयन समिति ने शमी की जगह उमरान मलिक को टीम में शामिल किया है। शमी की चोट की गंभीरता का पता नहीं चला। बंगाल का यह तेज गेंदबाज अगले साल होने वाले वनडे विश्वकप को देखते हुए इस प्रारूप में भारतीय टीम का अहम अंग है। शमी ने स्वयं ट्विटर पर कुछ तस्वीरें पोस्ट की जिसमें वहां कंधे की चोट का उपचार करा रहे हैं। उन्होंने ट्वीट किया, चोट आपको यह सीख देती हैं कि प्रत्येक पल का आनंद लो।

### शमी ने अब तक 60 मैचों में 216 विकेट लिए हैं

**बीसीसीआइ** के सूत्रों ने कहा, शमी का वनडे श्रृंखला से बाहर होना चिंता का विषय है लेकिन अगर वह टेस्ट श्रृंखला से बाहर होते हैं तो यह बड़ी चिंता होगी क्योंकि जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में उन्हें टेस्ट मैचों में भारतीय गेंदबाजी की अगुवाई करनी है। शमी ने अब तक 60 टेस्ट मैचों में 216 विकेट लिए हैं।

अपने करियर के दौरान मैं चोटिल होता रहा। इससे आपको सीख मिलती है। कोई मायने नहीं रखता कि मैं कितनी बार चोटिल हुआ। मैंने इन चोटों से सीख ली और अधिक मजबूत होकर वापसी की। बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला में अब तेज गेंदबाजी का जिम्मा मोहम्मद सिराज, शार्दुल ठाकुर, दीपक चाहर, उमरान मलिक और कुलदीप सेन के कंधों पर होगा। शमी अगर टेस्ट श्रृंखला में नहीं खेल पाते हैं तो यह कप्तान रोहित शर्मा और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के लिए चिंता का विषय होगा क्योंकि भारत को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए प्रत्येक मैच जीतना होगा।

# बाबर, इमाम और शफीक के शतक से पाकिस्तान का इंग्लैंड को करारा जवाब

**चाय के विश्राम तक तीन विकेट पर 411 रन बनाकर इंग्लैंड को करारा जवाब दिया**

एजेंसी। रावलपिंडी

**कप्तान** बाबर आजम की आक्रामक शतकीय पारी के दम पर पाकिस्तान ने पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन शनिवार को यहां चाय के विश्राम तक तीन विकेट पर 411 रन बनाकर इंग्लैंड को करारा जवाब दिया।

इंग्लैंड ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 657 रन



बनाए थे। चाय के विश्राम के समय पाकिस्तान की टीम इंग्लैंड से 246 रन पीछे है और उसके सात विकेट बचे हुए हैं कप्तान बाबर आजम इस मैच में शतक जड़ने वाले सातवें बल्लेबाज है। वह 132 गेंद में 106 रन का खेल रहे है जबकि पदार्पण कर रहे बाएं हाथ के बल्लेबाज सउद शकील 35 रन पर बल्लेबाजी कर रहे है।

# सम्पत्ति का ब्योरा नहीं देने वाले अधिकारियों पर सख्ती



सुभाष शर्मा
(लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं)

**इस दायरे में अनेक आइएएस व आइपीएस अधिकारी भी शामिल हैं, जो अपनी सम्पत्ति का ब्योरा नहीं देना चाहते। जानकारों का दावा है कि प्रदेश के 22 जिलों में डीआरओ, तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों व अन्य उच्च अधिकारियों ने सम्पत्ति रिटर्न न भरके नियमों का उल्लंघन किया है और उन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। दरअसल नियम के तहत हर साल सरकारी कर्मचारियों को यह क्लीयर करना जरूरी है कि उनकी कितनी सम्पत्ति है। इस वर्ष कितनी और खरीदी है और उससे कितनी आमदनी हो रही है। यहां तक कि उन्हें परिवार से कितनी जमीन, फ्लैट, मकान विरासत में मिले हैं और उन्होंने खुद कितनी अर्जित की है,**

मंथन





हरियाणा सरकार ने इस महीने ऐसे अधिकारियों का वेतन रोक दिया है, जिन्होंने अब तक प्रापर्टी रिटर्न नहीं भरी है। गौरतलब है कि हरियाणा सिविल सर्विसेज सरकारी कर्मचारी आचार नियम 2016 के तहत सरकारी अधिकारियों को बताना होगा कि उनके पास कमर्शियल, आवासी, खेती की जमीन वगैरा कितनी है और उन्हें सरकारी वेतन के अतिरिक्त इससे कितनी आमदनी हो रही है।

फरीदाबाद ट्रैजरी कार्यालय में इस आदेश के आने के बाद एचपीएस, एचसीएस, डीआरओ, तहसीलदार के अलावा विभागों, बोर्ड-निगमों के अधिकारियों और अन्य सरकारी अधिकारियों का वेतन रोक दिया गया है। पता चला है कि प्रदेश के मुख्य सचिव ने इस सिलसिले में एक पत्र जारी कर ऐसे सरकारी अधिकारियों की सैलरी रोक दी है, जिन्होंने दो सालों से अधिक समय से वार्षिक रिटर्न नहीं भरी हैं। हरियाणा सहित फरीदाबाद जिले के अनेक आला अधिकारी भी इस दायरे में आ चुके है, जिन्होंने अभी तक अपनी वित्तीय जानकारी छुपा रखी है। सूत्रों का कहना है कि बार-बार समय सीमा बढ़ाने के बावजूद रिटर्न दाखिल न करने वालों पर सरकार ने उनका वेतन रोक कर कड़ी कार्रवाई का करने का फैसला लिया है। इतना ही नहीं सम्पत्ति का ब्योरा न देने वालों को हरियाणा सिविल सर्विसेज रूल्स 2016 के रूल 7 और 8 के तहत चार्जशीट भी किया जाएगा। इस बार जब सरकारी कर्मचारियों का वेतन रोक दिया गया है, उनकी संख्या हजारों में है। अकेले फरीदाबाद जिले में ऐसे अधिकारियों/कर्मचारियों की संख्या कई दर्जन है।

दरअसल यह नियम जबसे लागू हुआ है, तभी से अनेक प्रशासनिक अधिकारी अपनी संपत्ति का ब्योरा देने से बचते रहे है। जानकारों का कहना है कि जिले में अनेक ऐसे अधिकारी व कर्मचारी है, जो फाइल क्लीयर करने की एवज में प्रतिदिन 50 हजार से अधिक राशि नकद लेकर घर जाते हैं। इसके अलावा अनेक ऐसे महत्वूपर्ण पद हैं, जहां तैनात अधिकारियों, कर्मचारियों को सत्तापक्ष के नेताओं का समर्थन प्राप्त है। ऐसे में उनकी कोई शिकायत भी करता है तो उसे दरकिनार कर दिया जाता है कि अब जब सरकार ने ऐसे अधिकारियों का वेतन रोक दिया है तो उम्मीद है कि कार्रवाई के डर से वो अपनी रिटर्न जरूर दाखिल करेंगे।

इस दायरे में अनेक आइएएस व आइपीएस अधिकारी भी शामिल हैं, जो अपनी सम्पत्ति का ब्योरा नहीं देना चाहते। जानकारों का दावा है कि प्रदेश के 22 जिलों में डीआरओ, तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों व अन्य उच्च अधिकारियों ने सम्पत्ति रिटर्न न भरके नियमों का उल्लंघन किया है और उन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। दरअसल नियम के तहत हर साल सरकारी कर्मचारियों को यह क्लीयर करना जरूरी है कि उनकी कितनी सम्पत्ति है। इस वर्ष कितनी और खरीदी है और उससे कितनी आमदनी हो रही है। यहां तक कि उन्हें परिवार से कितनी जमीन, फ्लैट, मकान विरासत में मिले हैं और उन्होंने खुद कितनी अर्जित की है, भी बताना जरूरी है। प्रदेश में प्रथम से तृतीय श्रेणी के अनेक ऐसे अधिकारी हैं, जो सालों से सरकार को अपनी सम्पत्ति की जानकारी नहीं दे रहे हैं।

सरकार की तरफ से हर साल स्मरण पत्र भेजने के साथ-साथ इसकी समय अवधि बार-बार आगे बढ़ा दी जाती है परंतु इसके बावजूद कर्मचारी इसकी परवा नहीं करते, खैर देर आए दुरुस्त आये की, तर्ज पर अब सरकार ने इनका वेतन रोक कर इन्हें मजबूर किया है कि अगर वो इसकी जानकारी उपलब्ध नहीं कराएंगे तो उनका वेतन ट्रैजरी से रिलीज नहीं होगा और जरूरत पड़ी तो उन्हें चार्जशीट भी किया जाएगा व नौकरी से भी हटाया जा सकता है। मुख्य सचिव हरियाणा के इस कदम के बाद ऐसे अधिकारियों व कर्मचारियों की परेशानी बढ़ गई है, जिन्होंने अब तक अपनी अवैध सम्पत्ति की जानकारी को छुपा रखा है। इस जानकारी में नकद, बैंक बैलेंस से लेकर घर के जेवर तक की जानकारी उपलब्ध कराना जरूरी है। अब देखना यह होगा कि वेतन रूक जाने के बाद कितने कर्मचारी अपनी सम्पत्ति की घोषणा करते है।

## हरियाणा के बाद पंजाब में भाजपा का बड़ा दाव





**वर्ष** 2014 में हरियाणा में सत्ता हासिल करने के बाद भारतीय जनता पार्टी ने अब पंजाब का रूख किया है। गौरतलब है कि हरियाणा की तरह पंजाब में भी भाजपा हमेशा सत्ता की बैसाखी बन अकाली दल बादल को सत्ता के सिंहासन तक पहुंचाती रही है परंतु पिछले चुनावों से पूर्व किसान आंदोलन के मुद्दे पर भाजपा से अकाली दल बादल ने दूरी बना ली थी, लिहाजा इस वर्ष भाजपा विधानसभा चुनावों में कुछ खास नहीं कर पाई यहां तक कि पिछली बार हासिल सीटों को भी बरकरार नहीं रख पाई थी। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने अब पंजाब में अपने दम पर सत्ता हासिल करने की कोशिशों को तेज कर दिया है और इस बार 2024 के लोकसभा चुनावों उसके लिए अहम होंगे। दरअसल हरियाणा में जब भाजपा ने पहली बार वर्ष 2014 में अपनी सरकार बनाई थी तो कांग्रेस के अनेक दिग्गज नेताओं को भाजपा में शामिल कर उन्हें चुनाव लड़ाया था, जिसमें कांग्रेसी नेता विरेंद्र सिंह डूमरखां, चौधरी धर्मवीर, राव इंद्रजीत, रमेश कौशिक, अरविंद शर्मा सहित दर्जनों ऐसे नेता थे, जिनकी कांग्रेस में पकड़ थी। इसी तर्ज पर अब पंजाब कांग्रेस में भी भाजपा ने सेंध लगा कर अनेक बड़े कांग्रेसी नेताओं को यहां तक की पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन आमेंद्र सिंह, पूर्व कांग्रेसी अध्यक्ष सुनील जाखड़ सहित कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता जयवीर शेरगिल को पहले तो भाजपा में शामिल किया और अब उन्हें राष्ट्रीय कार्यकारिणी में भी सदस्य नियुक्त किया है। इतना ही नहीं पंजाब भाजपा इकाई के पूर्व अध्यक्ष मनोरंजन कालिया को भी राष्ट्रीय कार्य समिति में विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया है। इसी के साथ जयवीर को भाजपा का राष्ट्रीय प्रवक्ता भी बना दिया है। भाजपा ने करीब आधा दर्जन नियुक्तियां केवल पंजाब से करके संकेत दे दिया है कि उसका लक्ष्य इस बार वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी व कांग्रेस को पीछे धकेलना है।

पंजाब भाजपा के पूर्व कार्यकाल को अगर देखा जाए तो कभी भी भाजपा ने पंजाब में अपने दम पर चुनाव नहीं लड़ा। किसान आंदोलन के बाद पैदा हुए हालातों के बाद भाजपा चुनाव मैदान में तो उतरी परंतु पंजाब सशक्त नेता उसके साथ नहीं थे। खैर अब भाजपा ने मिशन पंजाब को हरियाणा की तर्ज पर जीतने का प्लान बनाया है इसीलिए यहां के आधा दर्जन नेताओं को राष्ट्रीय स्तर पर शामिल किया गया है। भविष्य में पंजाब कांग्रेस के अन्य नेताओं को भाजपा में शामिल करवाने की मुहिम यहां चलाए जाने के संकेत स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं। अब देखना यह होगा कि भाजपा पंजाब से कितने दमदार नेताओं को पार्टी में शामिल करने में सफल हो पाती है। अगर उसकी यह मुहिम सफल रही तो फिर भविष्य में भाजपा पंजाब में सरकार बना सकती है।

# भारतीय नौसेना की अहमियत का अहसास कराता है यह दिवस

**चार दिसंबर को मनाया जा रहा नौसेना दिवस केवल एक ऐतिहासिक घटना की सालगिरह ही नहीं, बल्कि भारतीय नौसेना को सही परिपेक्ष्य में देखने का भी दिन है।**



भारत के लिए नौसेना का महत्व आज जितना है उतना शायद पहले कभी नहीं था। लेकिन इस महत्व को शायद ही कभी सही तरीके समझा गया। इसकी वजह यह है कि भारत पर हमले और खतरे रहे वह जमीन के रास्ते से ज्यादा हुए। भारतीय इतिहास में उत्तर पश्चिम से हुए हमलों की घटनाओं से भरा पड़ा है। लेकिन भारत की समुद्री सीमा बहुत विशाल है और आज के अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में इसकी सुरक्षा और भारतीय नौसेना का महत्व दोनों ही ज्यादा और संवेदनशील हो गया है। चार दिसंबर को मनाया जा रहा नौसेना दिवस केवल एक ऐतिहासिक घटना की सालगिरह ही नहीं, बल्कि भारतीय नौसेना को सही परिपेक्ष्य में देखने का भी दिन है।

### चार दिसंबर को ही क्यों

**भारत** में नौसेना दिवस हर साल चार दिसंबर को मनाने के पीछे नौसेना की खास उपलब्धि है। 1971 को जब बांग्लादेश की मुक्ति के लिए भारत और पाकिस्तान के बीच जंग छिड़ी थी। उस युद्ध के घटनाक्रम में चार दिसंबर की तारीख को भारतीय नौसेना ने पाकिस्तान के कराची नौसैनिक अड्डे पर हमला कर उसे तबाह कर दिया था। इसकी सफलता की याद में इस दिन को मनाया जाता है।

### निर्णायक साबित हुआ था वह हमला

ये भारतीय नौसेना की ताकतवर और चुस्त रणनीति का नतीजा था कि पाकिस्तान भौंचक्का रह गया था। और इसके बाद युद्ध में पाकिस्तान को संभलने का मौका नहीं मिला था। उस समय भारत और पाकिस्तान की जमीन की सीमा बांग्लादेश के साथ होने की वजह से बहुत ही ज्यादा थी। इसलिए पाकिस्तान के लिहाज से नौसेना की अहमियत केवल यही थी कि पश्चिम पाकिस्तान नौसेना के जरिए ही पूर्वी पाकिस्तान को सामान भेज सकता था।

### 1971 में बहुत बड़ी थी भारतीय नौसेना की भूमिका

**लेकिन** पाकिस्तान की उम्मीद के खिलाफ भारत ने उसे नौसेना के जरिए चौंका कर जो बैकफुट पर धकेला, उसके बाद पाकिस्तान के संभलने का मौका नहीं मिला। इतना ही नहीं भारतीय नौसना की रणनीति का ही नतीजा था कि पश्चिमी पाकिस्तान पूर्वी पाकिस्तान तक कोई भी मदद अपने नौसेना के जरिए नहीं पहुंचा सका।

### बदलता रहा था नौसेना दिवस

**भारत** में नौसेना दिवस इससे पहले रॉयल नेवी के ट्रॉफैग्लर डे के साथ मनाया जाता था। 21 अक्टूबर 1944 को रॉयल इंडियन नेवी ने पहली बार नौसेना दिवस मनाया था। इसे मनाने का उद्देश्य आम लोगों में नौसेना के बारे में जागरुकता बढ़ना था। 1945 से द्वितीय विश्व युद्ध के बाद नौसेना दिवस एक दिसंबर को मनाया जाने लगा था। इसके बाद 1972 तक नौसेना दिवस 15 दिसंबर को मनाया जाता रहा और 1972 से अभी इसे चार दिसंबर को ही मनाया जाता रहा है।

### चार पाकिस्तानी जहाज हुए थे ध्वस्त

**चार** दिसंबर को भारतीय नौसेना दिवस को ऑपरेशन ट्रिडेंट की सफलता की याद में मनाया जाता है जिसके तहत ही भारतीय नौसेना ने करांची बंदरगाह तहस नहस किया था। इस दिन भारतीय नौसेना पाकिस्तान के चार जहाजों को डुबो दिया था जिसमें उसका प्रमुख जहाज पीएनएस खैबर भी शामिल था। इस ऑपरेशन में सैंकड़ों पाकिस्तानी नौसैनिक मारे गए। आज भारतीय नौसेना के व्यापक परिपेक्ष्य में काम करने की जरूरत है। चीन अपने महत्वाकांक्षी विस्तारवादी नीति तो लागू कर भारत के लिए बहुत बड़ी चुनौती बन रहा है। वह हिंद महासागर में अपने उपस्थिति बढ़ा कर पूर्वी एशिया के साथ भारतीय समुद्री सीमाओं से लगे देशों को अपने कर्ज के जाल में फंसा रहा है। इसमें श्रीलंका, बांग्लादेश, म्यांमार शामिल हैं। भारत भी अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान के साथ मिल कर चीन की प्रभुत्व कम करने का प्रयास कर रहा है।

### भारतीय नौसेना दिवस

**वर्ष** 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान ऑपरेशन ट्राइडेंट में भारतीय नौसेना के जवाबी हमले को चिह्नित करने के लिये प्रतिवर्ष चार दिसंबर को 'भारतीय नौसेना दिवस' मनाया जाता है।

**परिचय :** भारतीय नौसेना की स्थापना वर्ष 1612 में ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा की गई थी। इस वर्ष, नौसेना ने वर्ष 1971 के युद्ध में भारत की जीत की 50वीं वर्षगांठ को 'स्वर्णिम विजय वर्ष' के थीम के साथ मनाने की योजना बनाई है।

### ऑपरेशन ट्राइडेंट

- यह वर्ष 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान कराची बंदरगाह पर भारतीय नौसेना द्वारा किया गया जवाबी हमला था।
- भारत ने इस ऑपरेशन के दौरान पहली बार एंटी-शिप मिसाइलों का इस्तेमाल किया और पाकिस्तानी विध्वंसक जहाज 'पीएनएस खैबर' को नष्ट कर दिया था।
- भारतीय नौसेना के तीन युद्धपोतों -आईएनएस निपत, आईएनएस निर्घाट और आईएनएस वीर ने हमले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

### भारतीय नौसेना

- इसकी अध्यक्षता सर्वोच्च कमांडर के रूप में भारत के राष्ट्रपति करते हैं।
- भारतीय नौसेना का आदर्श वाक्य है- 'शं नो वरुण:' अर्थात् 'जल के देवता वरुण हमारे लिये शुभ हों।'
- भारतीय नौसेना के कुछ शुरुआती अभियानों में वर्ष 1961 में गोवा को पुर्तगाल से मुक्त कराने में उसका योगदान शामिल है।
- परमाणु शक्ति से चलने वाली बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी- 'आईएनएस अरिहंत' और कई अन्य जहाज़ों के निर्माण के साथ नौसेना एक सराहनीय बल के रूप में विकसित हुई है।
- भारतीय नौसेना के पास वर्तमान में एक विमानवाहक पोत- आईएनएस विक्रमादित्य है, जिसे वर्ष 2013 में कमीशन किया किया गया था और यह पूर्व में एक पूर्व रूसी जहाज़ था।
- यह पनडुब्बियों के तीन वर्गों का संचालन करती है। चक्र (इसमें परमाणु ऊर्जा से चलने वाला आईएनएस चक्र है), सिंधुघोष और शिशुमार।
- आईएनएस विक्रांत नाम के स्वदेशी विमान वाहक ने हाल ही में (2021) समुद्री परीक्षण (परीक्षणों के अंतिम चरणों में से एक) शुरू किया है।
- मरीन कमांडो या मार्कोस भारतीय नौसेना की विशेष बल इकाई है, जिसे युद्ध, आतंकवाद विरोधी, विशेष अभियानों, बंधक बचाव और असममित युद्ध का संचालन करने हेतु प्रशिक्षित किया जाता है।
- यह 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमलों में प्रतिक्रिया देने वाला पहला संगठन था।

